www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 5 सितम्बर, 2024 | वर्ष-17 | अंक-152 | पृष्ठ-10 | मूल्य-3.00 रुपए



ओम बिरला ने दादाभाई नौरोजी की जयंती पर ... 02

■ साइबर क्राइम पुलिस के सामने बड़ी चुनौती : असीम अरुण
■ प्राधिकरण के 900 कर्मचारियों को देना होगा संपत्ति... 04

■ श्री टेमासेक में सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मिले मोदी
■ उत्तर कोरिया में बाढ़ रोकने में नाकाम रहने पर 30 अधिकारियों... 07

फैशन मेरे लिए खुद को व्यक्त करने का एक ... 10

राहुल गांधी ने जम्मू कश्मीर में की चुनाव रैली

# जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा दिलाएंगे

## कांग्रेस नेता ने मोदी, शाह, अंबानी व अडानी पर भी साधा निशाना

■ रामबन और अनंतनाग में चुनावी रैली की

■ राहुल बोले, अब मोदी के कंधे झुक गए हैं

पहले केंद्र शासित प्रदेश को राज्य बनाते थे। मोदी जी राज्यों को केंद्र शासित प्रदेश बना रहे हैं : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता



**जम्मू**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। राहुल गांधी ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के रामबन और अनंतनाग में चुनावी रैली की। राहुल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से राज्य का दर्जा छीना गया, हम इसे वापस देंगे। यहां राजा का शासन है। यहां के राजा उपराज्यपाल हैं। पहले केंद्र शासित प्रदेश को राज्य बनाते थे। मोदी जी राज्यों को केंद्र शासित प्रदेश बना रहे हैं। राहुल ने पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत अंबानी-अडाणी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा- पीएम मोदी पहले छाती फैलाकर चलते थे। अब वे कंधे झुकाकर आते हैं। इस बार संसद में सिर पर संविधान रखकर घुसे। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने खुलेआम कहा कि वह गैर-जैविक हैं, जबकि बाकी भारत जैविक है। लेकिन इस चुनाव में भगवान ने उन्हें सीधा संदेश दिया है कि वह जनता से बात करते हैं और उनकी इच्छा के अनुसार काम करते हैं। मोदी ने पहले कहा था कि देश में जाति जनगणना नहीं होगी, लेकिन विपक्ष अपनी मांग पर अड़ा रहा और अब आरएसएस के सदस्य भी इसका समर्थन कर रहे हैं। कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने गठबंधन किया है। 90 सीटों में से 51 पर एनसी और 32 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। 5 सीटों पर फ्रेंडली फाइट होगी। 2 सीटें माकपा और पेंथर्स पार्टी को मिली हैं। जम्मू-कश्मीर चुनाव 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को 3 फेज में होने वाले हैं। कांग्रेस ने 40 स्टार प्रचारकों का नाम तय किया है। इनमें मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया, प्रियंका का नाम भी शामिल है।

### राहुल से मिले बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट

भारतीय पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद लगातार कयासों का दौर जारी है। अब ऐसी अटकलें तेज हो गईं है कि विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा विधानसभा का चुनाव लड़ सकते हैं।

### हम दैनिक वेतन भोगियों को स्थायी करेंगे

राहुल गांधी ने कहा, 'एक बात तो मान लीजिए कि यहां कांग्रेस पार्टी की गठबंधन की सरकार आने वाली है। यह निश्चित है यह होने जा रहा है। हमारा पहला काम सभी सरकारी रिक्तियों को भरना और आयु सीमा को 40 साल करना होगा। हम दैनिक वेतन भोगियों को नियमित और स्थायी करेंगे।

### उमर अब्दुल्ला ने गांदरबल से पर्चा भरा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार गांदरबल विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं गांदरबल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के एक बागी समेत छह अन्य उम्मीदवार भी मैदान में उतरे हैं। उमर अब्दुल्ला अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए उत्तरी कश्मीर के गांदरबल विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे थे। श्रीनगर से गांदरबल तक उनके साथ कई वरिष्ठ नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और पार्टी कार्यकर्ता भी थे।

### पूरी सरकार दो अरबपतियों के लिए चल रही

राहुल ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पूरी सरकार दो अरबपतियों के लिए चल रही है। उन्होंने कहा कि आप देखें तो राज्य का जो दर्जा आपसे छीना गया है, उसका उद्देश्य सिर्फ दो अरबपतियों की मदद करना था। विधानसभा चुनाव में नेकां-कांग्रेस के अच्छे प्रदर्शन का भरोसा जताते हुए उन्होंने कहा कि एक बात तो तय है कि यहां कांग्रेस गठबंधन की सरकार आने वाली है। वे कहते थे कि यह तय है कि ऐसा होने जा रहा है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव

# भाजपा ने 67 सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार

**चंडीगढ़,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। पहली लिस्ट में 67 उम्मीदवारों के नाम हैं. सीएम नायब सिंह सैनी की सीट बदल दी गई है। वो लाडवा सीट से चुनाव लड़ेंगे। अभी वो करनाल सीट से विधायक हैं। पूर्व गृहमंत्री अनिल विज अंबाला कैंट से चुनाव लड़ेंगे। पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को रतिया से टिकट दिया गया है.पलवल से दीपक मंगला का टिकट काटकर बीजेपी ने गौरव गौतम को टिकट दिया। दो दिन पहले बीजेपी में शामिल होने वाले देवेंद्र सिंह बबली को टोहाना से उम्मीदवार बनाया।



■ नायब सिंह सैनी लाडवा सीट से लड़ेंगे चुनाव

■ अनिल विज को अंबाला कैंट से दिया गया टिकट

जजपा-एएसपी ने घोषित किए 19 उम्मीदवार

## दुष्यंत चौटाला उचाना सीट से चुनाव लड़ेंगे



हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए जननायक जनता पार्टी (जजपा) और आजाद समाज पार्टी गठबंधन ने कुछ सीटों पर उम्मीदवार तय कर दिए हैं। दोनों दलों ने 19 उम्मीदवारों की पहली सूची भी जारी कर दी है। 19 उम्मीदवारों में चार उम्मीदवार आजाद सामाज पार्टी और शेष 15 प्रत्याशी जजपा के हैं। पहली सूची में 19 उम्मीदवारों में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का भी नाम शामिल है। दुष्यंत चौटाला उचाना सीट से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, दिग्विजय चौटाला डबवाली सीट से उम्मीदवार बनाए गए हैं।

## सार संक्षेप

### मणिपुर में सेना ने बरामद किए मोर्टार व घातक हथियार



**नई दिल्ली।** मणिपुर राज्य के विभिन्न जिलों से बंदूकें, गोला-बारूद के अलावा अन्य युद्ध जैसे हथियारों और उपकरणों के भंडार की महत्वपूर्ण बरामदगी हुई है। सेना के मुताबिक, बीते एक सप्ताह से अधिक समय से चल रहे सघन अभियानों में मोर्टार, एके-47, पिस्तौलें, हैंड ग्रेनेड, विस्फोटक समेत 50 से अधिक हथियार बरामद किए गए हैं। इनमें बड़ी मात्रा में गोला-बारूद और अन्य युद्ध जैसे हथियारों के भंडार भी शामिल हैं।

### मौसम विभाग ने उत्तरी तेलंगाना में भारी बारिश की चेतावनी दी



**हैदराबाद।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को उत्तरी तेलंगाना के जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राज्य के बाढ़ प्रभावित हिस्से चार दिन पहले हुई तबाही से अभी तक उबर नहीं पाए हैं। आईएमडी के अनुसार, कोमाराम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

### अस्पतालों की सुरक्षा स्थिति पर केंद्र ने रिपोर्ट मांगी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं में चिकित्सकों, सहायक कर्मियों और रोगियों की सुरक्षा के लिए किए गए उपायों पर एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सचिव अपूर्व चंद्रा ने 10 सितंबर तक कार्रवाई रिपोर्ट देने को कहा है। इस पत्र की प्रति बुधवार को जारी की गई।

बुलडोजर पर अखिलेश व योगी में जुबानी जंग

# सपा सरकार में गोरखपुर की ओर रुख करेंगे बुलडोजर : अखिलेश

**लखनऊ,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर सियासी पारा चढ़ा हुआ है। प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बीच जुबानी जंग जारी है। इसकी शुरुआत बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव के रिएक्शन से हुई। उन्होंने कहा है कि 2027 में सपा की सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश के सभी बुलडोजरों का रुख गोरखपुर की ओर होगा।



योगी का पलटवार, दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले बुलडोजर नहीं चला सकते

उन्होंने यह बात कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कही। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी ने तंज कसते हुए कहा कि दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले बुलडोजर नहीं चला सकते। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर जवाब देते हुए कहा कि बुलडोजर के पास दिमाग नहीं होता है वो स्टेयरिंग से चलता है। जनता कब स्टेयरिंग बदल दे कोई नहीं जानता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली वाले कब स्टेयरिंग बदल दे कोई नहीं जानता है। एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बयान दिया था कि बुलडोजर पर हर एक का हाथ फिट नहीं हो सकता। इसके लिए दिल और दिमाग दोनों चाहिए।

**शिक्षकों के खिलाफ षडयंत्र रच रही है सरकार**

69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों के प्रदर्शन पर अखिलेश यादव ने कहा कि इस समय सबसे ज्यादा कोई परेशान हैं तो वो शिक्षक हैं। हाईकोर्ट ने सूची रद्द कर दी है अब सरकार उनके खिलाफ षडयंत्र रच रही है।

सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई याचिका

# इजरायल को हथियार सप्लाई बंद हो

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को इजराइल को हथियार सप्लाई बंद करने के लिए याचिका दाखिल की गई। इसमें कहा गया कि कई इंटरनेशनल नियम और संधियां हैं, जो वॉर क्राइम करने वाले देशों को हथियार सप्लाई करने से रोकती हैं।

वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण और 10 अन्य लोगों ने यह याचिका दायर की। इसमें रक्षा मंत्रालय को पार्टी बनाया गया है। इसमें वॉर क्राइम का भी हवाला दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट में अभी इस याचिका की सुनवाई की तारीख तय नहीं की गई है।

प्रशांत भूषण ने मांग की कि केंद्र इजराइल को मिलिट्री उपकरण और हथियार सप्लाई करने वाली कंपनियों के लाइसेंस रद्द करे और नई कंपनियों को लाइसेंस ना दे।



■ याचिकाकर्ता ने वॉर क्राइम का हवाला दिया

नए लाइसेंस भी ना दिए जाएं। भूषण ने कहा कि वॉर क्राइम करने वाले देशों को हथियार सप्लाई किए जाने से इंटरनेशनल नियमों का उल्लंघन होगा। इसकी जांच किसी एक्सपर्ट से भी कराई जा सकती है।

**इंटरनेशनल कोर्ट ने इजरायल के खिलाफ जारी किए थे निर्देश**

इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस ने 26 जनवरी को गाजा में हमले को लेकर इजराइल के खिलाफ कुछ नियम जारी करते हुए अस्थायी उपाय करने को कहा था। इन अस्थायी उपायों में फिलीस्तीनी लोगों पर इजराइल की तरफ से किए जा रहीं सभी हत्याओं और बर्बादी को रोकना भी शामिल था।

इस फैसले के आधार पर संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने एक स्टेटमेंट जारी करके इजराइल को हथियार और सैन्य उपकरण मुहैया कराने के खिलाफ वॉर्निंग दी थी। संयुक्त राष्ट्र ने कहा था कि अगर इजराइल को हथियार मुहैया कराए जाएंगे तो इसे मानवाधिकार और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन माना जाएगा और इसे जनसंहार समेत अंतरराष्ट्रीय अपराधों में गिना जाएगा।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट की ईडी को फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले की जस्टिस एएस ओका,जस्टिस ए अमानुल्लाह और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने सुनवाई की। ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू कोर्ट में मौजूद रहे। बेंच ने ईडी से पूछा- एजेंसी आरोपी को जांच के दौरान जब्त किए दस्तावेजों नहीं दे रही है। क्या ऐसा होना आरोपी के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं है। सरला गुप्ता बनाम ईडी मामला (साल 2022) इस सवाल से संबंधित है कि क्या जांच एजेंसी आरोपी को उन महत्वपूर्ण दस्तावेजों से वंचित कर सकती है, जिन पर वह प्री-ट्रायल फेज में पीएमएलए मामले में भरोसा कर रही है।

# भारत-ब्रुनेई वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने पर सहमत

**बंदर सेरी बेगवान,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत और ब्रुनेई व्यापार तथा वाणिज्यिक संबंधों को और मजबूत करने पर सहमत हुए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुधवार को ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया ने वार्ता से पहले इस्ताना नूरुल ईमान में गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उनकी द्विपक्षीय वार्ता व्यापक मुद्दों पर हुई और दोनों पक्ष व्यापार संबंधों, वाणिज्यिक संबंधों और लोगों के बीच आदान-प्रदान को और बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।

उन्होंने कहा, महामहिम सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया से मिलकर प्रसन्नता हुई। हमारी बातचीत व्यापक मुद्दों पर हुई और इसमें दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तरीके की तलाश करना शामिल है। हम व्यापार संबंधों, वाणिज्यिक संबंधों और लोगों के बीच आदान-प्रदान को और बढ़ाने जा रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा, ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया और उनके करीबी परिवार के सदस्यों ने इस्ताना नूरुल ईमान में श्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस्ताना नूरुल ईमान ब्रुनेई के सुल्तान का आधिकारिक निवास है। ब्रुनेई भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और भारत-प्रशांत के विजन में एक महत्वपूर्ण साझेदार है।



ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया ने मोदी का किया स्वागत

### रक्षा व अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग के लिए हुए समझौते

ब्रुनेई की राजधानी बांदर सेरी बेगावान और भारत के चेन्नई के बीच सीधी विमान सेवा शुरू होगी। यह एलान प्रधानमंत्री नरेंद्र की ब्रुनेई यात्रा के दौरान की गई है। सीधी विमान सेवा के अलावा दोनों देशों ने रक्षा, अंतरिक्ष और लोगों के लोगों के बीच संबंध के क्षेत्र में भी अपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है।

# त्रिपुरा के दो उग्रवादी गुटों के साथ हुआ शांति समझौता

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। त्रिपुरा में तीन दशक से अधिक समय से चल रहे उग्रवादी हिंसा और संघर्ष से निजात पाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत बुधवार को यहां केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में राज्य के दो गुट-नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।

गृह मंत्री ने इस समझौते को त्रिपुरा में 'विकास और शांति के लिए एक महत्वूपर्ण समझौता' बताया है और कहा कि यह पूर्वोत्तर के विकास के लिए मोदी सरकार के संकल्प को पूरा करने में 'मील का पत्थर' है। गृह मंत्रालय में आयोजित हस्ताक्षर समरोह में उपस्थित एनएलएफटी और एटीटीएफ के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह आनंद का विषय है कि आपने 35 साल द्वंद्व और संघर्ष को समाप्त करने के लिए हथियार डालकर आप मुख्यधारा में शामिल हुए है और समस्त त्रिपुरा के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।





■ एनएलएफटी व एटीटीएफ ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए

■ गृह मंत्री ने 'विकास और शांति के लिए महत्वूपर्ण बताया

# सचिन ने गोला फेंक स्पर्धा में जीता रजत

## 16.32 मीटर थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया

**पेरिस,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय शॉटपुट एथलीट सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस पैरालंपिक की गोला फेंक स्पर्धा में एशियाई रिकार्ड के साथ रजत पदक जीत लिया हैं। आज यहां हुए मुकाबले में सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने शॉटपुट एफ46 में 16.32 मीटर थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया। इसी के साथ भारत की झोली में 21वां पदक आ गया है। इस बीच, हमवतन मोहम्मद यासीर और रोहित कुमार 14.21 मीटर और 14.10 मीटर के थ्रो के साथ 8वें और 9वें स्थान पर रहे। कनाडा के पैरा एथलीट ग्रेगरी स्टीवर्ट ने 16.38 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण और क्रोएशिया के लुका बाकोविच ने 16.27 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता।





पेरिस पैरालंपिक

विवाद | *सीमा विवाद को लेकर नेपाल व भारत में भी तनातनी*

# भारत के नक्शे के साथ नेपाल ने नोट छापना किया शुरू!

**नई दिल्ली, 4 सितम्बर (एजेंसियां)। सीमा विवाद को लेकर नेपाल और भारत के बीच भी तनातनी लगातार जारी है। पिछले दिनों नेपाल ने नोट पर नया नक्शा छापने को मंजूरी दी थी, जिसमें कई इलाके भारत के दिखाए गए थे। अब खबर है कि नेपाल ने इन नोटों को छापना शुरू कर दिया है। नेपाल खबर डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल का केंद्रीय बैंक अपडेट नक्शे वाले नोट छापने की तैयारी कर रहा है।**

इनमें भारत के विवादित इलाके भी छापे जाएंगे। रिपोर्ट में बताया गया कि बैंक के संयुक्त प्रवक्ता दिलीराम ने इसकी पुष्टि की है।

**कालापानी, लिपुलेख व लिंपियाधुरा को अपना बता रहा**

प्रवक्ता ने कहा कि नेपाल के बैंक ने नक्शे के साथ नोट छापने की प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया है। नए नक्शे में कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा शामिल हैं, इन इलाकों पर भारत अपना कब्जा बताता है, जबकि नेपाल इसे अपने इलाके बता रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंक नोटों की छपाई 6 महीने से एक साल में पूरी हो जाएगी। तत्कालीन प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने 3 मई को इसे मंजूरी दी थी, जिसके बाद भारत सरकार ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई थी।



पिछले दिनों नया नक्शा छापने को मंजूरी दी थी

### 100 रुपए के नोट पर छपेगा नक्शा

रिपोर्ट में दिलीराम ने दावा किया कि टेंडर के बाद छपाई की प्रक्रिया शुरू हो गई। नेपाली नोट इंडोनेशिया, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और अन्य देशों में छापे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैंक 100 रुपये का नोट छापेगा। हालांकि, बैंक ने यह नहीं बताया कि नए नक्शे वाले कितने नोट बाजार में आएंगे। हालांकि, 100 रुपए के नोट के बाद बैंक जरूरत के हिसाब से नए नक्शे के साथ और भी नोट छापता रहेगा। वहीं, भारत लगातार कहता आ रहा है कि लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा उसके हिस्से हैं। इसको लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने भी आपत्ति जताई थी।

# देश

उवाच



"ड्रोन का उपयोग करके नागरिक आबादी और सुरक्षा बलों पर बम गिराना आतंकवाद का कृत्य है, और मैं इस तरह के कायरतापूर्ण कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। मणिपुर सरकार इस तरह के अकारण हमले को अत्यंत गंभीरता से लेती है।

-एन. बीरेन सिंह, मणिपुर के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26.0 | 25.0 |
| मुंबई | 30.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 28.0 |

# महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से होगी देश की प्रगति : द्रौपदी मुर्मू

## मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के लाभार्थियों को किया संबोधित

**मुंबई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को महिलाओं के हक के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से देश की प्रगति और विकास होगा। उन्होंने महिलाओं से केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी कहा। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार की मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना और शाशान आपल्या दारी कार्यक्रमों के लाभार्थियों को मुर्मू ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आर्थिक सशक्तिकरण से महिलाओं का व्यक्तिगत विकास होगा, जो देश की आबादी का आधा हिस्सा हैं।

**13 लाख महिलाओं को पहले ही लखपति दीदी बनाए जाने पर जताई खुशी**



केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें महिलाएं : **द्रौपदी मुर्मू**

**देश के कार्यबल में बढ़ रही महिलाओं की भागीदारी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि पुरुषों को महिलाओं की क्षमता को समझना चाहिए और उन्हें अपने सपनों तथा आकांक्षाओं को प्राप्त करने में मदद करनी चाहिए। देश के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। राष्ट्रपति मुर्मू ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने 25 लाख महिलाओं को लखपति दीदी (प्रति वर्ष एक लाख रुपए से अधिक कमाने वाली महिलाएं) बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि वह यह जानकार खुश हैं कि 13 लाख महिलाओं को पहले ही लखपति दीदी बनाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने लखपति दीदी के लक्ष्य को एक करोड़ से संशोधित कर तीन करोड़ कर दिया है। मुर्मू ने महिलाओं से अपने परिवारों की देखभाल करते हुए अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा, अगर आप समृद्ध और स्वस्थ रहेंगे तो देश का विकास होगा और प्रगति होगी।

### राष्ट्रपति ने विश्वशांति बुद्ध विहार का किया उद्घाटन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र के लातूर जिले के उदगीर में विश्वशांति बुद्ध विहार का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति बुधवार सुबह नांदेड़ पहुंचीं, जहां से उन्हें हेलीकॉप्टर से उदगीर ले जाया गया। बुद्ध विहार के उद्घाटन के बाद वहां प्रार्थना का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि बुद्ध विहार में स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा का वजन 520 किलोग्राम है और यह 10.5 फुट ऊंची है। उद्घाटन समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, राज्य मंत्री संजय बंसोडे और अदिति तटकरे और अखिल भारतीय भिक्षु संघ के सदस्य मौजूद थे। पार्टी के सूत्रों ने बताया कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार अस्वस्थ होने के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके और मुंबई में अपने आवास पर आराम कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि बुद्ध विहार पड़ोसी कर्नाटक के कलबुर्गी में इसी तरह के प्रतिष्ठान की प्रतिकृति है। यह बुद्ध विहार 1.15 हेक्टेयर भूमि पर बनाया गया है और इसमें 1,200 लोग बैठ सकते हैं। इसका प्रवेश द्वार मध्य प्रदेश के सांची स्तूप के प्रवेश द्वार के डिजाइन पर आधारित है।

# जम्मू-कश्मीर में कल चुनावी घोषणापत्र जारी करेंगे शाह

**जम्मू,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छह सितम्बर को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी का घोषणापत्र जारी करेंगे और पार्टी के अभियान की शुरुआत करने के लिए जम्मू में रैलियों को संबोधित करेंगे जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव 18 सितम्बर, 25 सितम्बर और एक अक्टूबर को होगा और मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा अमित शाह छह सितंबर को पार्टी का घोषणापत्र जारी करने और राजनीतिक रैलियों को संबोधित करने के लिए यहां आएंगे। उन्होंने कहा कि शाह का दौरा दो दिनों का होने की उम्मीद है जिसके दौरान वह सार्वजनिक रैलियों को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि वह 6 सितम्बर को यहां एक होटल में स्थापित मीडिया वॉर रूम में घोषणापत्र जारी करेंगे। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि रैलियों के लिए स्थानों को अंतिम रूप दिया जा रहा है जिसके लिए पार्टी नेता बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दौरा भी प्रस्तावित है क्योंकि उनके जम्मू क्षेत्र के प्रमुख पहाड़ी जिलों में से एक में सार्वजनिक रैली को संबोधित करने की उम्मीद है जिसके लिए भी तैयारियां चल रही हैं।



# गुजरात में भारी बारिश से एक सप्ताह में 49 लोगों की गई जान

## राहत-बचाव एजेंसियों ने 37 हजार लोगों को बचाया

**अहमदाबाद,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। गुजरात इस समय बाढ़ का दंश झेल रहा है, राज्य के कई जिलों में बाढ़ के पानी के आम जनजीवन बहुत प्रभावित हुआ है। वहीं सरकारी आंकड़े के मुताबिक राज्य में अगस्त महीने में हुई भारी बारिश से 49 लोगों की मौत हो चुकी है। 25 से 30 अगस्त के बीच गुजरात के कई इलाकों में गहरे दबाव के कारण भारी से बहुत भारी बारिश हुई। राज्य राहत आयुक्त आलोक कुमार पांडे ने बताया कि गुजरात-राजस्थान सीमा पर बना दबाव धीरे-धीरे अरब सागर में चला गया (जो बाद में चक्रवाती तूफान असना में बदल गया) (वहीं राज्य में भारी बारिश के मद्देनजर, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की 17 टीमें, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की 27 टीमें, सेना की नौ टुकड़ियां और भारतीय वायुसेना के साथ-साथ तटरक्षक बल की अतिरिक्त टीमें तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया, इन टीमों ने 37,050 लोगों को सफलतापूर्वक बचाया है और 42,083 अन्य लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। राज्य राहत आयुक्त के अनुसार बारिश से प्रभावित जिलों में अस्थायी और स्थायी मकानों को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए सर्वेक्षण किया जा रहा है, जिसमें आंशिक रूप से या नष्ट हुए मकान भी शामिल हैं। 4,673 प्रभावित मकानों और झोपड़ियों के मालिकों को 3.67 करोड़ रुपए की सहायता राशि वितरित की गई है। प्रभावित परिवारों और लोगों की संख्या के बारे में विवरण उपलब्ध होने पर जिला प्रशासन घरेलू सामान के नुकसान और आपातकालीन नकद राहत के लिए आगे के भुगतान की प्रक्रिया जारी रखेगा।



### 22 लोगों के परिजनों को दी गई सहायता राशि

गांधीनगर स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) में राज्य राहत आयुक्त आलोक कुमार पांडे ने बताया कि इस अवधि के दौरान, बिजली गिरने, दीवार गिरने और बाढ़ के पानी में डूबने जैसी बारिश से संबंधित घटनाओं में 49 लोगों की मौत हो गई। राज्य राहत आयुक्त ने कहा, 49 मौतों में से 22 के परिजनों को पहले ही नियमों के अनुसार मुआवजे के तौर पर 4-4 लाख रुपये दिए जा चुके हैं। मारे गए 2,618 पशुओं के मालिकों को 1.78 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई है।

## सार संक्षेप

### अलग राज्य की मांग को लेकर जीएनएलएफ ने किया प्रदर्शन

**दार्जिलिंग।** गोरखा नेशनल लिबरेशन फ्रंट (जीएनएलएफ) ने पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के विभिन्न इलाकों में काले झंडे फहराकर अलग राज्य की मांग को लेकर बुधवार को प्रदर्शन किया। जीएनएलएफ ने राज्य और केंद्र सरकार पर अलग राज्य की मांग को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। काले झंडे फहराने के अभियान का तीसरा चरण नलिडंडा गेट से शुरू हुआ और मंगपु लठपंचर समुदाय, मंगपु रेसिपी मार्केट कटुवालगोली, निर्मला चौक, रवीन्द्र भवन और चालीस गेट तक पहुंचकर संपन्न हुआ।

### भूटान निर्यात करने ले जा रहे कफ सिरप जब्त

**जयगांव।** पश्चिम बंगाल के जयगांव के जहरना बस्ती में पुलिस ने अवैध कफ सिरप के कारोबार पर बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस ने एक व्यक्ति के घर से 120 बोतल अवैध कफ सिरप बरामद किया है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा।

### चेन्नई में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

**चेन्नई।** चेन्नई में ईस्ट कोस्ट रोड पर बुधवार सुबह कार दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस मुख्यालय में प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई है। प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया है कि पीड़ित दुर्घटना के समय पुदुचेरी से चेन्नई लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी कार सेमेनचेरी के पास एक लॉरी से टकरा गई। मृतकों की पहचान की जा रही है। दुर्घटना के बाद इस व्यस्त मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए चेंगलपट्टू सरकारी अस्पताल पहुंचाया। टक्कर के कारण दुर्भाग्यपूर्ण कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

### आईआईटी भुवनेश्वर की छात्रा ने की आत्महत्या

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित आईआईटी में बीटेक की एक छात्रा ने परिसर में एक इमारत से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिल्ली की कृतिका राज नाम ने मंगलवार रात चौथी मंजिल से कूदकर कथित आत्महत्या कर ली। आईआईटी भुवनेश्वर के अधिकारियों ने छात्रा के माता-पिता को इस बारे में जानकारी दे दी है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए कैपिटल अस्पताल भेज दिया गया है।

# ओम बिरला ने दादाभाई नौरोजी की जयंती पर किया याद

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को दादाभाई नौरोजी की जयंती पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यसभा के उप सभापति, हरिवंश संसद सदस्य पूर्व सदस्यों और लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने भी दादाभाई नौरोजी को पुष्पांजलि अर्पित की।



दादाभाई नौरोजी, जिन्हें भारत के ग्रैंड ओल्ड मैन के नाम से भी जाना जाता है, हाउस ऑफ कॉमन्स (1892) के लिए चुने गए पहले ब्रिटिश भारतीय सांसद थे। उन्हें अपने धन की निकासी सिद्धांत के लिए व्यापक रूप से प्रशंसित किया गया है और वह भारतीय स्वतंत्रता के अग्रणी समर्थकों में से एक थे। दादाभाई नौरोजी के चित्र का अनावरण तत्कालीन लोक सभा अध्यक्ष जी.वी. मावलंकर ने 13 मार्च 1954 को संसद भवन (अब संविधान सदन) के केंद्रीय कक्ष में किया था।

संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संसद पुस्तकालय में उपलब्ध दादाभाई नौरोजी की और उन पर लिखी पुस्तकों की एक प्रदर्शनी लगाई गई। इसके अतिरिक्त, लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित दादाभाई नौरोजी की जीवनवृत्त वाली पुस्तिका गण्यमान्य व्यक्तियों को प्रस्तुत की गई।

## बिहार में जमीन के सर्वो पर भड़के प्रशांत किशोर,कहा

# जमीन सर्वे से घर-घर में होंगे झगड़े व मुकदमे

**पटना/आरा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। बिहार में बीते 20 अगस्त से शुरू हुए जमीन सर्वे को लेकर लोगों में भारी संशय की स्थिति है। जमीन का सर्वे कैसे होगा। कहीं लोगों की जमीनें छीन तो नहीं जाएंगी। वंशावली कैसे बनेगी। ऐसे कई तरह के सवाल लोगों के जेहन में चल रहे हैं। जमीन के सर्वे के दौरान विवाद बढ़ने की भी संभावना जताई जा रही है। जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने इसके लेकर चिंता जताई है। उन्होंने जमीन सर्वे को नीतीश सरकार की ताबूत का आखिरी कील बताया है। बिहार में जमीन के सर्वे पर भड़के प्रशांत किशोर ने कहा है कि बिहार की सरकार बोतल से जिन्न निकालने की कोशिश कर रही लेकिन उसे यह भी पता नहीं है कि जिन्न को अगर बोतल में वापस डालना होगा तो वह बोतल में कैसे जाएगा। सरकार ने इतना बड़ा बखेड़ा कर दिया है कि नीतीश कुमार को पता ही नहीं चल रहा है कि यह खत्म होने वाला नहीं है।

**जनसुराज के संस्थापक ने विवाद बढ़ने की जताई संभावना**



बिहार में जमीन का सर्वे नीतीश सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी : **प्रशांत किशोर**

उन्होंने कहा कि जमीन को लेकर परिवारों में झगड़ा-लड़ाई तुरंत शुरू होना है। नीतीश कुमार 6 महीने में अपने लिए बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियती नीतीश कुमार से यह सब करा रही है। 18 साल से सरकार में थे तब उनको जमीन के सर्वे की चिंता नहीं थी लेकिन अब जब विदाई का वक्त आ गया है तो उससे पहले नियती ने उनसे यह काम करा दिया। प्रशांत किशोर ने कहा कि सत्ता से जाते जाते नियती ऐसा गलती करा देगी कि समाज झाड़ू मारकर उन्हें बाहर भगाएगा। बिहार में जमीन का सर्वे नीतीश सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी। समाज को तो परेशानी होगी ही लेकिन किसी के कहने से वह इसको रोकने वाले नहीं हैं। राजस्व विभाग में रजिस्टर टू का सेकेंड रिकॉर्ड है ही नहीं ऐसे में विवाद बढ़ने की संभावना है। वंशावली को लेकर भी पीके ने सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि 20-30 साल से जिन जमीनों का बंटवारा नहीं हुआ है, उनकी वंशावली बनाना मुश्किल होगा। कई मामलों में तो बुआ या अन्य रिश्तेदारों की मृत्यु हो चुकी होगी और उनके वारिसों से सहमति लेना आसान नहीं होगा।

### जेडीयू के लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर मारेंगे बिहार के लोग : प्रशांत किशोर

जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि जमीन सर्वे के बहाने ऊपर वाले ने नीतीश कुमार की विदाई तय कर दी है। जैसे ही जमीन को लेकर विवाद बढ़गा तो बिहार के लोग जेडीयू के लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर मारेंगे। बिहार में न तो कानूनन बेटियों को जमीन दी गई और ना ही उन्होंने मांगा है। अब जब जमीनों के दाम बढ़ गए हैं, उसका परिवार कभी भी जमीन देने के लिए तैयार नहीं होगा। वंशावली बनेगी नहीं और सारे जमीन विवाद में चले जाएंगे।

# बिहार में दो नए सूचना आयुक्तों की नियुक्ति पर हुआ फैसला

**पटना,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। पटना में बुधवार को करीब आठ महीने बाद चाचा-भतीजे की मुलाकात हुई। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव एक दूसरे से मिले। मामला दो नए सूचना आयुक्तों की नियुक्ति का था। सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए बनी कमेटी में मुख्यमंत्री के साथ-साथ नेता प्रतिपक्ष भी शामिल होते हैं। राज्य सचिवालय में हुई इस बैठक में बिहार में दो नए सूचना आयुक्तों की नियुक्ति का फैसला ले लिया गया। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक नीतीश-तेजस्वी की बैठक में राज्य के पूर्व मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा को सूचना आयुक्त बनाने पर सहमति बन गई। ब्रजेश मेहरोत्रा तीन दिन पहले बिहार के मुख्य सचिव पद से रिटायर हुए हैं। नीतीश कुमार ने सत्ता में आने के बाद रिटायर होने वाले आला अधिकारियों को सेट करने की परंपरा बना रखी है। इसी परंपरा के तहत ब्रजेश मेहरोत्रा को सूचना आयुक्त का पद मिलने जा रहा है। इस बैठक में दूसरे सूचना आयुक्त की नियुक्ति पर भी सहमति बनी। प्रकाश कुमार को सूचना आयुक्त बनाने का फैसला लिया गया है। वे फिलहाल एक न्यूज चैनल में कार्यरत हैं। सरकार ने उन्हें सूचना आयुक्त बनाने का फैसला लिया है।



- **ब्रजेश मेहरोत्रा व प्रकाश कुमार के नाम पर मंजूरी**
- **राज्य सचिवालय में नीतीश-तेजस्वी संग बैठक में लिया गया फैसला**

### बिहार में सूचना आयुक्त के दो पद थे खाली

बता दें कि सूचना आयुक्त की नियुक्ति तीन साल के लिए होती है। उन्हें राज्य सरकार के सचिव की तरह वेतन, भत्ता से लेकर गाड़ी और बंगला मिलता है। बिहार में सूचना आयुक्त के दो पद खाली थे, जिन्हें भरने पर सहमति बन गई है। मुख्य सूचना आयुक्त के पद पर पूर्व मुख्य सचिव त्रिपुरारी शरण पहले से ही नियुक्त हैं।

# कलकत्ता हाईकोर्ट ने भास्कर घोष को सुरक्षा प्रदान की

**कोलकाता,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। कलकत्ता हाईकोर्ट की एकल-न्यायाधीश पीठ ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों के संयुक्त मंच के नेता भास्कर घोष को सुरक्षा प्रदान की। घोष के खिलाफ नबन्ना अभिजन (राज्य सचिवालय तक मार्च) में भाग लेने के लिए एफआईआर दर्ज की गई थी, जो 27 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के विरोध में आयोजित किया गया था।

केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बराबर महंगाई भत्ते और उस पर अर्जित बकाया मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलन चला रहे विभिन्न राज्य सरकार के कर्मचारियों की एक संयुक्त संस्था ज्वाइंट फोरम ने 2 सितंबर को न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज की एकल-न्यायाधीश पीठ से गुहार लगाई थी। नबन्ना अभिजन में भाग लेने के लिए उनके कुछ सदस्यों के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर के बाद बलपूर्वक पुलिस कार्रवाई के खिलाफ सुरक्षा की मांग की गई थी। फोरम ने छात्रों के एक समूह द्वारा बुलाए गए नबन्ना अभिजन का समर्थन किया और 27 अगस्त को फोरम के कई सदस्य भी विरोध मार्च में शामिल हुए।

# शोभा करंदलाजे ने तमिलनाडु के लोगों से मांगी माफी

## रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामला

**चेन्नई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के नेता और केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट से तमिलनाडु के लोगों को जोड़ने वाली अपनी टिप्पणी के लिए मद्रास उच्च न्यायालय में माफी मांगी है और कहा है कि उनका कभी भी तमिलनाडु के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था। करंदलाजे ने मद्रास उच्च न्यायालय में एक हलफनामा दायकर कर माफी मांगी। उन्होंने यह हलफनामा मदुरै पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी को रद्दद्द करने की उनकी याचिका सुनवाई के दौरान दायर की। हलफनामे में उन्होंने कहा कि अगर इस साल मार्च में बेंगलुरु में रामेश्वरम कैफे विस्फोट के दौरान मीडिया को दिए गए उनके बयानों से तमिलाडु के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो वह माफी मांगती हैं। बेंगलुरु में रामेश्वरम कैफे बम विस्फोट मामले के बारे में मीडिया को संबोधित करते हुए तमिलनाडु के लोगों के बारे में की गई कथित टिप्पणी तमिलनाडु के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से नहीं की गई थी।



उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले ही अपनी पिछली टिप्पणियों को वापस ले लिया है और अगर उनकी टिप्पणियों से तमिलनाडु के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से इसके लिए माफी मांगती हैं।


## राजनीति — जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में उमर अब्दुल्ला के लिए आसान नहीं गंदरबल का रण

# जमायते इस्लामी के नेता सरजन बरकती बढ़ाएंगे चुनौती

■ सुरेश एस डुग्गर

**नई दिल्ली, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में शिकस्त खाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला अब गंदरबल विधानसभा क्षेत्र से किस्मत आजमाने चुनाव मैदान में उतरे हैं। हालांकि उनके मुकबाले में जमायते इस्लामी के नेता सरजन बरकती उर्फ फ्रीडम चाचा मैदान में उतरने की चुनौती देने लगे हैं।**

नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को गंदरबल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपना नामांकन कराया। उन्होंने अपनी जीत का विश्वास जताते हुए कहा कि शेख इश्फाक जब्बार को अगर वर्ष 2014 में हम यहां चुनाव लड़ाने के लिए टिकट नहीं देते तो कभी विधायक नहीं बन पाते। और यह सच है कि जम्मू-कश्मीर में गंदरबल सीट पर मुकाबला काफी रोचक होने वाला है क्योंकि प्रतिबंधित जमायते इस्लामी के जेल में बंद नेता सरजन अहमद वागे उर्फ सरजन बरकती उर्फ आजादी चाचा ने शोपियां जिले में अपना नामांकन रद होने के बावजूद चुनाव लड़ने का अपना इरादा नहीं बदला है और वे अब गंदरबल से मैदान में उतरने की घोषणा कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि शेख इश्फाक जब्बार ने पिछले वर्ष नेशनल कांफ्रेंस से त्यागपत्र दिया था और उन्होंने जम्मू कश्मीर यूनाइटेड मूवमेंट नामक एक संगठन बनाया है। वह भी गंदरबल से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। इस अवसर पर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मैने वर्ष 2008 में गंदरबल से चुनाव जीता था और यहां कई विकास कार्य शुरू कराएं। हमने शेख इश्फाक जब्बार को चुनाव में अपना उम्मीदवार बनाने का वादा किया था, इसलिए हमने 2014 में उन्हें यहां से चुनाव लड़ाया। इश्फाक जब्बार यहां से चुनाव जीत भी गए लेकिन विधायक बनने के बाद वह स्थानीय लोगों की उम्मीदों पर पूरा नहीं उतर पाए। इस बीच दक्षिण कश्मीर में जिला शोपियां के रहने वाले सरजन अहमद बरकती ने पहले जेनपोरा विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने के लिए अपना नामांकन कराया था। जेनपोरा में पहले चरण के तहत 18 सितम्बर को मतदान होना है जबकि गंदरबल में दूसरे चरण में 25 सितम्बर को मतदान होगा। दूसरे चरण के लिए नामांकन जमा कराने की समय सीमा पांच सितम्बर गुरूवार को समाप्त हो जाएगी। नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष ने कहा कि कश्मीर में जो निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या मे बढ़ोतरी नजर आ रही है, वह भाजपा का एक षड्यंत्र हैं। भाजपा चाहती है कि जम्मू कश्मीर में ज्यादा से ज्यादा निर्दलीय चुनाव लड़ें ताकि वह उनके सहारे सरकार बना सके। लेकिन मुझे नहीं लगता कि आम मतदाता भाजपा के इस मंसूबे को पूरा होने देगा। जब चुनाव परिणाम आएंगे तो सभी को पता चल जाएगा। बारामुल्ला संसदीय सीट पर हार का मुंह देख चुके उमर अब्दुल्ला के लिए गंदरबल सीट पर चुनाव जीतना बहुत जरूरी है । उन्हें पहले ही यहां पीडीपी और जम्मू कश्मीर यूनाइटेड मूवमेंट के उम्मीदवार की तरफ से कड़ी टक्कर मिलती नजर आ रही है।



■ **गंदरबल से मैदान में उतरने की घोषणा कर चुके हैं सरजन बरकती**

उल्टा पुल्टा

पिता ने बेटे से कहा : लड़की वालों के सामने बड़ी-बड़ी बातें करना, लड़की वालों के आते ही बेटे ने पिता से कहा : पापा चाबी देना वो ट्रेन धूप में खड़ी है, उसे अंदर कर दूं...



भारी सुरक्षा के बीच निगम वार्ड समिति चुनाव संपन्न

# भाजपा का 12 में से सात जोन पर कब्जा

- केवल पांच जोन में ही जीत हासिल कर पाई आम आदमी पार्टी
- सभी सातों जोन में भाजपा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व स्टेंडिंग कमेटी के लिए एक-एक सदस्य चुने गए



**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। भारी सुरक्षा के बीच दिल्ली नगर निगम के 12 जोन के लिए वार्ड समितियों के चुनाव सम्पन्न हुए। इस चुनाव में भाजपा ने 7 जोन पर अपना कब्जा जमा लिया है वहीं आम आदमी पार्टी को केवल 5 जोन में ही जीत हासिल हुई है। बुधवार को भाजपा ने नरेला, सिविल लाइंस, केशवपुरम, नजफगढ़, सेंट्रल, शाहदरा साउथ और शाहदरा नॉर्थ जोन में जीत हासिल की। सभी सातों जोन में बीजेपी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और स्टेंडिंग कमेटी के लिए एक-एक सदस्य चुने गए हैं। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी को रोहिणी, सिटी - एसपी, करोलबाग, वेस्ट और साउथ जोन में जीत हासिल हुई है। इन सभी जोन में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और स्टेंडिंग कमेटी के लिए एक-एक सदस्य के रूप में आप पार्षदों को चुना गया है। बुधवार को हुए जोन के चुनाव के बाद स्टेंडिंग कमेटी के मामले में बीजेपी को फिलहाल बढ़त मिल गई है। बीजेपी के पास अब 7 जोन से 7 सदस्यों के चुने जाने के बाद सदन से चुनकर आए 2 सदस्यों को मिलाकर 9 सदस्य हो गए हैं। जबकि आम के पास 5 जोन और 3 सदन से चुने गये सदस्यों को मिलाकर 8 सदस्य हो रहे हैं।

### सिटी पहाड़गंज और करोल बाग जोन में निर्विरोध चुने गए

सिटी पहाड़गंज और करोल बाग वार्ड कमेटी के चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और स्थाई समिति के सदस्य पद पर आम आदमी पार्टी के पार्षद निर्विरोध चुने गए।

### ड्रॉ में आम आदमी पार्टी के पार्षद की जीत

दक्षिण क्षेत्र वार्ड कमेटी में आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने क्रॉस वोट किए। वहीं एक पार्षद का वोट रद्द पाया गया। इस कारण भाजपा और आम आदमी पार्टी के पार्षदों के वोट बराबर हो गए। जिसके चलते ड्रॉ किया गया जिसमें आम आदमी पार्टी के पार्षद की जीत हुई। इस वार्ड कमेटी में आम आदमी पार्टी के चार पार्षदों ने क्रॉस वोट किया।

### सदन से एक सदस्य के चुनाव के बाद ही हो पाएगा स्टेंडिंग कमेटी के लिए चुनाव

स्टेंडिंग कमेटी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव तभी हो सकेगा, जब सदन से स्टेंडिंग कमेटी के लिए एक सदस्य का चुनाव हो जाएगा। 18 सदस्यों वाली स्टैंडिंग कमेटी के 12 सदस्य सभी 12 जोन से चुनकर आते हैं, जबकि 6 सदस्यों का चुनाव सदन से किया जाता है। पिछले वर्ष सदन में 6 सदस्यों का चुनाव तो हो गया था, परंतु तत्कालीन पार्षद कमलजीत सहरावत के सांसद चुने जाने और निगम से स्तीफा देने के बाद स्टेंडिंग कमेटी के एक सदस्य का स्थान रिक्त हो गया है।

### कांग्रेस-आप गठबंधन भी काम नहीं आया

शाहदरा नार्थ जोन में जीत के लिए आप और कांग्रेस ने गठबंधन किया था लेकिन उसके बावजूद भाजपा ने यहां अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और स्टेंडिंग कमेटी के लिए सदस्य के चुनाव में जीत दर्ज की। वार्ड समिति चुनाव के चलते निगम मुख्यालय सिविक सेंटर पुलिस छावनी में तब्दील था। मुख्यालय के सभी गेट पर पुलिस वाहनों सहित निगम मुख्यालय में प्रवेश करने वाले लोगों की गहन जांच के बाद ही अंदर जाने दिया गया।

# बच्चों के जीवन में अध्यापक की भूमिका महत्वपूर्ण : राजिन्दर सिंह

## शिक्षक दिवस पर की गुरुओं का सम्मान करने की अपील



**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। पांच सितम्बर का दिन हम सब शिक्षक दिवस या टीचर्स डे के रूप में मनाते हैं। इस दिन हम अपने अध्यापकों और गुरुओं का सम्मान करते हैं। इस संसार में जब भी हमारे बच्चे यदि कोई विषय सीखना चाहते हैं तो वे एक ऐसे अध्यापक के पास जाते हैं जो उसमें निपुण हो। हम सभी यह अच्छी तरह जानते हैं कि एक अध्यापक की बच्चों के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उनके मार्गदर्शन में बच्चा न केवल पढ़ना-लिखना सीखता है बल्कि भविष्य में बढ़ा होकर उन्हें क्या बनना है। इसकी जानकारी भी उन्हें अध्यापक के द्वारा ही मिलती है। इसी प्रकार यदि हम अपने आपको आध्यात्मिक रूप से विकसित करना चाहते हैं तो उसके लिए हमें वक्त के किसी पूर्ण गुरु के चरण-कमलों में जाना होगा क्योंकि एक पूर्ण सतगुरु अध्यात्म के विषय में निपुण होते हैं। इस धरती पर हर समय कोई न कोई पूर्ण सतगुरु अवश्य मौजूद होते हैं, जो हमें ध्यान-अभ्यास के द्वारा अपने अंतर में मौजूद प्रभु-सत्ता के साथ जुड़ने में हमारी मदद करते हैं। जब हम उनके पास जाते हैं तभी हमें पता चलता है कि चौरासी लाख जियाजून में केवल मानव चोले में ही हम अपनी आत्मा का मिलाप पिता-परमेश्वर से करवा सकते हैं, जोकि मानव जीवन का मुख्य उद्देश्य है। वो हमें समझाते हैं कि पिता-परमेश्वर प्रेम के महासागर हैं, हमारी आत्मा उनका अंश होने के नाते प्रेम है और पिता-परमेश्वर को पाने का ज़रिया भी प्रेम ही है। वे न केवल आंतरिक अनुभव को पाने की विधि के बारे में हमें समझाते हैं बल्कि व्यक्तिगत तौर पर उसका हमें अनुभव भी देते हैं। इसके लिए जब वे हमें दीक्षा अथवा नामदान देते हैं तो हमें ध्यान-अभ्यास की विधि सिखाते हैं। वे हमें बताते हैं कि हम अपने ध्यान को दो भ्रूमध्य आंखों के बीच 'शिवनेत्र' पर एकाग्र करें। जैसे-जैसे हम ध्यान-अभ्यास समय देते हैं तो हम अपने अंदर प्रभु की ज्योति और श्रुति का अनुभव करते हैं। जिस प्रकार एक अध्यापक का कार्य बच्चों को शिक्षा के ज़रिए उनकी इच्छा के अनुसार दुनियावी मकसद तक पहुंचाना होता है। ठीक उसी प्रकार एक सतगुरु भी प्रेम के ज़रिए पिता-परमेश्वर से जुदा हुई रूहों को उनके निजधाम सचखंड पहुंचा देते हैं। तो आईये! आज के दिन हम न सिर्फ अपने अध्यापकों का सम्मान करें बल्कि हम अपने आध्यात्मिक गुरुओं के प्रति भी आभार प्रकट करें क्योंकि उनके द्वारा ही हम इस जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति पाकर पिता-परमेश्वर में लीन हो सकते हैं।

## सार संक्षेप

### जगह-जगह जल भराव से जल जनित बीमारियों का खतरा : जयप्रकाश



**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते सड़के टूट गई हैं जिसके कारण जल भराव हो रहा है और इस जल भराव के चलते जल जनित बीमारियों का खतरा पैदा हो गया है। ये कहना है दिल्ली नगर निगम के पूर्व मेयर जयप्रकाश का। पूर्व महापौर ने बताया कि हर वर्ष दिल्ली को जल जनित बीमारियों जैसे डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया से बचाने के लिए नगर निगम अभियान चलाता है और इस अभियान की शुरुआत मई के महीने से हो जाती है। जब हर घर के अंदर पानी की टंकी एवं कूलर में दवाइयां छिड़ककर लोगों को जागरूक किया जाता है। लेकिन इस बार नगर निगम ने यह अभियान नहीं चलाया। लोगों को समय-समय पर अभियान चला कर, हैंड बिल बांट कर एवं स्टिकर लगाकर भी बताया जाता है कि वह जल जनित बीमारियों से बचें।

### आप एक दलित विरोधी पार्टी है तो कांग्रेस ने समर्थन क्यों दिया : कपूर

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव को बीजेपी पर सवाल उठाने से पहले दिल्लीवासियों को यह बताना चाहिए कि अगर वह वास्तव में मानते हैं कि आम आदमी पार्टी एक दलित विरोधी पार्टी है, तो उन्होंने आज एमसीडी वार्ड समिति चुनावों में आम आदमी पार्टी को समर्थन क्यों दिया और उनसे समर्थन क्यों लिया। ऐसा लगता है कि कांग्रेस नेता यादव की समस्या यह है कि कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व में कोई भी उनकी नहीं सुनता। कल शाम तक वे आप को गालियां दे रहे थे और आज उन्होंने अपने पार्षदों को आम आदमी पार्टी का समर्थन करने का व्हिप जारी कर दिया। यादव को पता होना चाहिए कि बीजेपी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें दलित और पिछड़े वर्गों के सबसे अधिक जनप्रतिनिधि हैं और पार्टी संगठन में भी उन्हें अधिकतम प्रतिनिधित्व दिया जाता है।

### शैली ओबेरॉय को तुरंत बर्खास्त किया जाना चाहिए : वीरेंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि बुधवसार को आम आदमी पार्टी की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने मेयर पद पर बने रहने का संवैधानिक और नैतिक अधिकार खो दिया है और उन्हें बर्खास्त किया जाना चाहिए। मेयर ने अपने कार्यकाल के काफी पहले समाप्त होने के बावजूद एमसीडी का नेतृत्व बेशर्मी से जारी रखा और वार्ड समितियों और स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव को रोकने के लिए पूरी कोशिश की। उन्होंने अपनी सच्ची अराजकतावादी राजनीतिक परवरिश दिखाई है। सचदेवा ने कहा कि भाजपा की 12 वार्ड समितियों में से सात में जीत और पार्टी के 17 सदस्यों में से 9 सदस्यों का स्थायी समिति में बहुमत मिलने से दिल्ली वासियों के मन में विकास कार्यों के जल्द शुरू होने की उम्मीद जगी है। आम आदमी पार्टी जिसने लगभग 20 महीनों तक दिल्ली नगर निगम के विकास कार्यों को ठप कर दिया था, उसे अब कम से कम हार स्वीकार करनी चाहिए और भाजपा के स्थायी समिति के सदस्य के अध्यक्ष के रूप में चुनाव को स्वीकार करना चाहिए।

# हरियाणा में भाजपा की डबल इंजन सरकार फेल : संजय सिंह

## गौ रक्षा के नाम पर 12वीं के छात्र आर्यन मिश्रा की हत्या को लेकर घेरा




**हरियाणा में भाजपा की नफरत की राजनीति में गई युवक की जान : संजय सिंह**

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने फरीदाबाद में गौ रक्षा के नाम पर 12वीं के छात्र आर्यन मिश्रा की हत्या में भाजपा और हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि तथाकथित गौ रक्षकों ने गौ रक्षा के नाम पर आर्यन को 30 किलोमीटर दौड़ाया और पीट-पीट कर मार डाला। भाजपा की नफरत की राजनीति की वजह से हिन्दुओं की जान जा रही है। पिछले 10 साल में गौ रक्षा के नाम पर 49 घटनाएं हुईं, जिसमें 55 लोगों की हत्या हुई और 94 लोग घायल हुए हैं, जबकि 2014-2022 के बीच 172 मॉब लिंचिंग की हुई घटनाओं में 21 हिन्दू मारे गए। उन्होंने कहा कि इन हत्याओं पर प्रधानमंत्री और भाजपा के मुंह से एक शब्द नहीं निकलता है। इसका मतलब, इनके संरक्षण में ये घटनाएं हो रही हैं। हरियाणा में भाजपा का डबल इंजन अब फेल हो गया है और इस बार प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता से हटाने का काम करेगी। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि हरियाणा के फरीदाबाद में एक दिल दहला देने वाली घटना घटित हुई, जिसमें गौरक्षा के नाम पर मानवता की हत्या की जा रही है। गौरक्षा के नाम पर आतंक फैलाया जा रहा है। ये कौन लोग हैं जो गायों की रक्षा और हिंदु धर्म के ठेकेदार बने हुए हैं? इन्हें किसने ये जिम्मेदारी दी है। देश के प्रधानमंत्री ऐसे सभी मामलों पर एक शब्द नहीं बोलते हैं। संजय सिंह ने कहा कि अपने आप को तथाकथित गौ रक्षक कहने वाले ये लोग भाजपा और हरियाणा सरकार के संरक्षण में काम कर रहे हैं। ये कोई पहला मामला नहीं है। कुछ दिनों पहले इसी तरह बंगाल के एक गरीब मजदूर को गुरुग्राम में पीट-पीटकर मार डाला गया। भाजपा की पूरी राजनीति केवल हिन्दू और मुसलमान पर निर्भर है। इन लोगों के मन में केवल नफरत भरी हुई है।

### ऐसी हत्याओं पर खामोश रहती है भाजपा

आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा ऐसी हत्याओं पर खामोश रहती है। हरियाणा की भाजपा सरकार भी ऐसी हत्याओं पर खामोशा रहती है। इसका मतलब साफ है कि हरियाणा की भाजपा सरकार खुद ऐसी हत्याओं को प्रायोजित कर रही है और इन्हें संरक्षण दे रही है। इन हिंसक कार्रवाइयों के पीछे हरियाणा सरकार है, जिसके संरक्षण में यह सब कुछ हो रहा है। 12वीं मे पढ़ने वाले छात्र आर्यन मिश्रा जिसे 30 किलोमीटर तक दौड़ाया गया। इसके बाद उसे पीट- पीटकर मार डाला गया।

# राजधानी दिल्ली के गांवों की जल्द बदलेगी सूरत



**एलजी ने 18 गांवों में 22 विकास परियोजनाओं का हुआ उद्घाटन**

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली के गांवों की सूरत जल्द बदलने वाली है। दिल्ली के गांवों में नागरिक आधारिक संरचना को बढ़ाने और लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उपराज्यपाल (एलजी) वी के सक्सेना ने बुधवार को दिल्ली ग्रामोदय अभियान (डीजीए) के अंतर्गत दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के 18 गांवों में 22 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। विकास कार्यों में कई अंधेरे वाली जगहों पर स्ट्रीट लाइट लगाना, सड़कों का सुधार, सामुदायिक भवन, श्मशान घाट का जीर्णोद्धार और अन्य ऐसी सुविधाएं शामिल हैं, जिनकी योजना स्थानीय निवासियों के परामर्श से बनाई और क्रियान्वित की गई। इन विकास परियोजनाओं के अतिरिक्त, महिलाओं और उनके स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के मिशन के साथ राष्ट्रीय राजधानी में नमो ड्रोन दीदी कार्यक्रम भी शुरू किया गया। इस अवसर पर पश्चिमी दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत और डीडीए के उपाध्यक्ष सुभासीष पंडा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली ग्रामोदय अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गांवों को विकसित करने और शहरों के समान सुविधाएं उपलब्ध कराने के विजन के अनुरूप है। सक्सेना ने ग्राम वासियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संबन्धित एजेंसियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा प्रयास राजधानी के सभी गांवों का उसी तरह विकास करना है, जिस तरह दिल्ली के अन्य क्षेत्रों का विकास किया गया है। एलजी ने कहा कि दिल्ली की लगभग सभी अनधिकृत कॉलोनियां गांवों के निकट स्थित हैं। गांवों में सुविधाओं के विकास से इन कॉलोनियों में रहने वाले लाखों लोग भी लाभान्वित होंगे।

# मिस एंड मिसेज इंटरनेशनल वूमन ऑफ सब्सटेंस का हुआ आयोजन



**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता के 6 सफल आयोजनों के बाद आशीर्वाद कंसल्टेंट्स ने अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता के अपने सीजन सात का आयोजन किया। आयोजक डॉ. मधुर शर्मा संस्थापक और निदेशक तथा अंशु मुद्गल सह-संस्थापक और निदेशक पीआर, आरुषि शर्मा निदेशक यूएई ने 31 अगस्त 2024 को ब्रिस्टल होटल दुबई में एक प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता-मिस मिसेज इंटरनेशनल-वूमन ऑफ सब्सटेंस 2024 का आयोजन किया। यह कार्यक्रम नारीत्व का उत्सव था और इसने विभिन्न आयु वर्ग और पृष्ठभूमि की महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया। 4 दिवसीय कार्यक्रम में ग्रूमिंग सेशन, टैलेंट राउंड, फोटोशूट, भ्रमण, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन और बहुत कुछ जैसी कई शानदार और मजेदार गतिविधियां शामिल थीं। इस कार्यक्रम को भारत में मीडिया पार्टनर एचवी मीडिया प्राइवेट लिमिटेड और दुबई में बोल इंडिया न्यूज़ और डीएक्सबी लाइव 24 द्वारा समर्थित किया जा रहा है।

# एक्सएलआरआई जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में सम्मेलन आयोजित




**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। एक्सएलआरआई जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने एचआर फॉर द ग्रेटर गुड कॉन्क्लेव का अयोजन किया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम ने विचारकों, एचआर पेशेवरों, उद्योग विशेषज्ञों और शिक्षाविदों को एक साथ लाया। संगठनात्मक स्थिरता, नैतिकता और कर्मचारी कल्याण को बढ़ावा देने में मानव संसाधन प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका का पता लगाएं। कॉन्क्लेव की शुरुआत साउंड ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के कार्मिक निदेशक बिरंची दास के नेतृत्व में ज्ञान और ज्ञान की रोशनी का प्रतीक, एक औपचारिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। उनके साथ फादर एस जॉर्ज, एस.जे. भी थे, निदेशक, एक्सएलआरआई, प्रो. संजय पात्रों डीन एकेडमिक्स, एक्सएलआरआई, फादर डोनाल्ड डिसिल्वा, एस.जे. डीन एडमिनिस्ट्रेशन एंड फाइनेंस, एक्सएलआरआई, और प्रो. जतिंदर कुमार झा संयोजक, एचआर कॉन्क्लेव। पहले दिन दामोदर घाटी निगम के सदस्य सचिव डॉ. जॉन मथाई सहित प्रतिष्ठित नेताओं के मुख्य भाषण हुए। प्रस्तुतियों ने उच्च-प्रदर्शन कार्य प्रणालियों, कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक शासन को बढ़ावा देने में मानव संसाधन की उभरती भूमिका पर एक मजबूत चर्चा के लिए मंच तैयार किया।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली मुख्य स्टेशन पर मौजूदा वॉशिंग लाइन संख्या 18, 19, 20 और 21 के विद्युतीकरण के साथ 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,20,25,793.71 | बयाना राशि | ₹2,10,100/- |
| ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 17.09.2024 (10:30 बजे) से 01.10.2024 (15:00 बजे तक) | | |
| ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 01.10.2024 (15:00 बजे) | | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in | | |

निविदा सं.: 15C-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांक: 03.09.2024 2751/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दिल्ली की परिवहन व्यवस्था होगी सुदृण : कैलाश गहलोत

## रिठाला-नरेला मेट्रो कॉरिडोर का दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर तक होगा विस्तार



**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली और हरियाणा के बीच यात्रा करने वाले हजारों लोगों के लिए दैनिक आवागमन को आसान बनाने के उद्देश्य से, दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने रिठाला-नरेला मेट्रो कॉरिडोर को दिल्ली-हरियाणा सीमा तक विस्तारित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राजधानी की परिवहन व्यवस्था को सुदृण बनाने को सरकार प्रयासरत है। दिल्ली मेट्रो परियोजना के चरण-4 के तहत दिल्ली मेट्रो लाइन को अब हरियाणा के कुंडली-नाथूपुर तक बढ़ाया जाएगा। इस विस्तार से यात्रियों को महत्वपूर्ण राहत मिलेगी और दोनों राज्यों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी। विस्तारित परियोजना, 6230.99 करोड़ की अनुमानित लागत से, चार वर्षों के भीतर पूरा हो जाएगा। दिल्ली वाले हिस्से की कुल लंबाई 22.91 किमी से बढ़ाकर 23.737 किमी कर दी गई है, जबकि हरियाणा हिस्से की लंबाई 2.726 किमी होगी, जिससे नरेला से नाथूपुर तक की संयुक्त लंबाई 26.463 किमी लंबी हो जाएगी। विस्तार में रिठाला और नरेला के बीच 19 स्टेशन होंगे, जबकि हरियाणा में दो स्टेशन होंगे। एक बयान में, परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि यह विस्तार दिल्ली और हरियाणा दोनों के निवासियों के लिए दैनिक आवागमन में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# महाराजा अग्रसेन की जन्म जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग




**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन, दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष नरेश कुमार ऐरन ने कहा कि वैश्य समाज के संस्थापक, कुशल शासक, कर्मयोगी, संतुलित व समता आधारित आदर्श व्यवस्था के रचनाकार, अहिंसा के पुजारी व शांति दूत महाराजा अग्रसेन का राष्ट्र व समाज निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। वर्तमान समय में इनके बताए मार्ग पर चल कर विकसित भारत का निर्माण किया जा सकता है। नरेश कुमार ऐरन और सुनील मित्तल महामंत्री, दरवेश बंसल महामंत्री,अशोक अग्रवाल कोषाध्यक्ष,मुकेश गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष बुधवार प्रेस क्लब में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की तरफ से बुलाई गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने मांग की कि महाराजा अग्रसेन की जन्म जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। मीडिया प्रवक्ता भूपेश गुप्ता ने बताया कि इस बारे में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, विधान सभा अध्यक्ष राम निवास गोयल व विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता को अखिल भारतीय वैश्य सम्मेलन ज्ञापन भी सौंपेगे।

**विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन अवधि में विस्तार**

दुर्गा पूजा/दीपावली/छठ पूजा त्योहार-2024 के दौरान रेलयात्रियों की संख्या में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों की परिचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है इनका विवरण निम्नानुसार है :-

| रेलगाड़ी संख्या | से | तक | प्रस्थान के दिन | पूर्व अधिसूचित | विस्तारित अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | से | तक |
| 05636 | गुवाहाटी | श्री गंगानगर जं. | बुध | 25.09.24 | 02.10.24 | 27.11.24 |
| 05635 | श्री गंगानगर जं. | गुवाहाटी | रवि | 29.09.24 | 06.10.24 | 01.12.24 |
| 02525 | कामाख्या जं. | आनन्द विहार (ट) | शुक्र | 06.09.24 | 13.09.24 | 29.11.24 |
| 02526 | आनन्द विहार (ट) | कामाख्या जं. | रवि | 08.09.24 | 15.09.24 | 01.12.24 |
| 05671 | गुवाहाटी | आनन्द विहार (ट) | बुध | 04.09.24 | 11.09.24 | 27.11.24 |
| 05672 | आनन्द विहार (ट) | गुवाहाटी | शुक्र | 06.09.24 | 13.09.24 | 29.11.24 |
| 05734 | कटिहार जं. | अमृतसर जं. | वीर | 12.09.24 | 19.09.24 | 28.11.24 |
| 05733 | अमृतसर जं. | कटिहार जं. | शनि | 14.09.24 | 21.09.24 | 30.11.24 |

**रेलगाड़ी संख्या 01079/01080 का संशोधित परिचालन अवधि**

रेलगाड़ी संख्या 01079/01080 संशोधित परिचालन अवधि के साथ चलेगी , जिसका विवरण निम्नुसार है :-

| रेलगाड़ी संख्या | से | तक | प्रस्थान के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01079 | छत्रपति शिवाजी (ट) मुंबई | गोरखपुर जं. | प्रतिदिन | 25.10.24 से 07.11.24 | 22.10.24 से 11.11.24 |
| 01080 | गोरखपुर जं. | छत्रपति शिवाजी (ट) मुंबई | प्रतिदिन | 27.10.24 से 09.11.24 | 24.10.24 से 13.11.24 |

• अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

रेलमदद वेबसाइट : www.railmadad.indianrailways.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

2752/2024

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

वर्तमान में प्रत्येक पिंक बूथ 24 घंटे तीन शिफ्टों में कार्यरत है, जिसमें प्रत्येक पिंक बूथ में शत प्रतिशत महिलाकर्मी कार्यरत हैं। जिनकी प्रभारी एक महिला उप निरीक्षक है : **अजय मिश्रा, पुलिस कमिश्नर**

## प्राधिकरण ने लॉन्च की डेटा सेंटर प्लॉट की योजना

- **23 सितम्बर तक होंगे आवेदन**
- **सेक्टर-154 में होगा प्लॉट का आवंटन**

**नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण ने शहर में डेटा सेंटर की संख्या को बढ़ाने के लिए स्कीम लॉन्च की है। योजना के तहत सेक्टर-154 में प्लॉट का अलॉटमेंट किया जाएगा। स्कीम में ईएमडी जमा करने के लिए 23 सितंबर अंतिम तिथि है। 25 सितंबर तक अप्लाई करने वाली कंपनी को अपने डॉक्यूमेंट भी अपलोड करने होंगे। इसके बाद प्राधिकरण जांच करने के बाद प्लाट का आवंटन करेगा। इससे पहले नोएडा और ग्रेटरनोएडा में अडाणी और हीरा नंदानी को डेटा सेंटर बनाने की लिए प्लाट आवंटित हो चुके है। स्कीम में शामिल किए जाने वाले प्लाट का अलॉटमेंट ई-ऑक्शन के जरिए होगा। ऑनलाइन होने वाली नीलामी प्रक्रिया में जो भी कंपनी सबसे अधिक दर पर प्लाट खरीदने के लिए बोली लगाएगी, उसे प्लाट का आवंटन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए nda.etender.sbi पर आइडी और पासवर्ड बनाना होगा। प्लॉट के अलॉटमेंट के लिए प्रोसेसिंग फीस सहित अन्य प्रकार के शुल्क भी ऑनलाइन ही जमा करने होंगे। इसके लिए वेबसाइट पर जाकर दिए गए निर्देशों का पालन करना होगा। एक से अधिक भूखंड के लिए अप्लाई करने के लिए सभी भूखंड के लिए अलग-अलग फीस और प्रोसेसिंग करनी होगी।

नोएडा प्राधिकरण द्वारा जिन भूखंडों को इस स्कीम में शामिल किया गया है, उनमें से किसी भी भूखंड या सभी भूखंडों को कभी भी ई-ऑक्शन की प्रक्रिया से बाहर किया जा सकता है। इसके लिए भले ही रिजर्व प्राइस से अधिक की बिड लगाई गई हो। ई-ऑक्शन से पहले या ऑक्शन के दौरान या ई-ऑक्शन के बाद किसी भी समय किसी भी भूखंड को प्रक्रिया से बाहर करने का अधिकार प्राधिकरण के पास सुरक्षित है।

# साइबर क्राइम पुलिस के सामने बड़ी चुनौती : असीम अरुण

## जिला प्रभारी मंत्री ने की पिंक बूथों के कार्यों की समीक्षा

**गाजियाबाद,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने बुधवार को यहां कहा कि साइबर क्राइम पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। उन्होंने इससे निपटने के लिए प्रशिक्षण के द्वारा पुलिस विभाग की क्षमता बढ़ाए जाने पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि इसके लिए पुलिस को ठोस कार्य योजना तैयार करनी होगी और साइबर क्राइम करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी।

असीम अरुण पुलिस लाइन्स स्थित शहीद परमजीत हॉल में कमिश्नरेट गाजियाबाद में पिंक बूथों के उद्घाटन एवं स्थापना का एक वर्ष सफलतापूर्वक व्यतीत होने के फलस्वरूप आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने पिंक बूथों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा भी की। गाजियाबाद के 20 पिंक बूथ का वर्चुअल उद्घाटन तथा सभी 20 चार पहिया पिंक पुलिस मोबाइलों को एक साल पूरा हो गया है। इसी अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि पिंक बूथ की स्थापना का उद्देश्य सेफ सिटी परियोजना एवं मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं को सार्वजनिक स्थलों पर सम्मानित जीवन एवं स्वावलम्बन के साथ-साथ एक भयमुक्त एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। पिंक बूथ के




**पिंक बूथ की स्थापना का उद्देश्य महिलाओं को सार्वजनिक स्थलों पर सम्मानित जीवन व स्वावलम्बन के साथ भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है : असीम अरुण, समाज कल्याण राज्य मंत्री**

प्रमुख कार्यों के अन्तर्गत महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं उनसे सम्बन्धित हेल्पलाइन की जानकारी देना, उनको कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सहज वातावरण तैयार करना, महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना, स्कूल/कॉलेजों में जाकर बालिकाओं को अपराधों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि स्कूल व कॉलेज के खुलने व बंद होते समय व मॉल/बाजार/मेलों इत्यादि स्थानों पर विशेष निगरानी करना, पारिवारिक कलह व दहेज के मामलों में प्राइवेट महिला एवं पुरूष काउंसलरों की सहायता से दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर परिवारों को टूटने से बचाना महिला अपराधों के प्रति संवेदनशील स्थानों की गस्त व पेट्रोलिंग, चैपालों का आयोजन कर अन्य विभागों से समन्वय बनाना, जीवन से निराश होकर आत्महत्या का प्रयास करने वाली महिलाओं की काउंसलिंग कर जीवन के प्रति उनकी आस्था की पुनर्स्थापना करना आदि प्रमुख हैं।

इस अवसर पर असीम अरुण ने सराहनीय कार्य करने वाली पिंक बूथ प्रभारियों रश्मि कुन्तल,संदीपा मलिक, सरिता मौर्य, दुष्यन्त निम, राखी शर्मा, को पुरस्कृत किया तथा उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। पुलिस कमिश्नर अजय मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में प्रत्येक पिंक बूथ 24 घंटे तीन शिफ्टों में कार्यरत है, जिसमें प्रत्येक पिंक बूथ में शत प्रतिशत महिलाकर्मी कार्यरत हैं। जिनकी प्रभारी एक महिला उप निरीक्षक है। सभी पिंक बूथों पर चार पहिया वाहन मय चालक, सीयूजी नम्बर, वायरलेस सेट एवं पारदर्शिता हेतु सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित किया गया। पूनम मिश्रा, सहायक पुलिस आयुक्त, महिला अपराध द्वारा पिंक बूथों की कार्यप्रणाली का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संयुक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार पी, एडीसीपी कल्पना सक्सेना समेत तमाम पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## लोट्स 300 हाउसिंग प्रोजेक्ट को झटका, सिर्फ ईडी की जांच पर स्टे

**नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर 107 में लोटस 300 हाउसिंग प्रोजेक्ट के डेवलपर्स, हैसिंडा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों की प्रवर्तन निदेशालय जांच से संबंधित अपने 11 जून के आदेश को संशोधित किया है। इससे कंपनी के निदेशकों के साथ कंपनी को भी झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने कंपनी के निदेशकों की ईडी जांच के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देश पर स्टे दिया है। यह स्टे किसी भी अन्य कानूनी कार्रवाई को नहीं रोकता है। इससे साफ है कि ईडी की कार्रवाई के अलावा नोएडा प्राधिकरण की तरफ से जो भी कानूनी कार्रवाई की जानी है, उस पर स्टे का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।
न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने कहा कि कोर्ट स्टे किसी भी अधिकारी को कानून के अनुसार आगे बढ़ने से नहीं रोकता है। अपने 30 अगस्त के आदेश में, शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने कंपनी के निदेशकों की ईडी जांच के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देश पर रोक लगा दी है, लेकिन स्टे ऑर्डर मामले से संबंधित अन्य कानूनी कार्रवाइयों को नहीं रोकता है। पीठ के संशोधित आदेश में कहा गया है कि हमने 11 जून 2024 के आदेश के अनुसार, निर्णय के पैराग्राफ 114 के संचालन पर रोक लगा दी है। हालांकि यह रोक किसी भी अधिकारी को कानून के अनुसार आगे बढ़ने से नहीं रोकती या प्रतिबंधित नहीं करती है।

### नोएडा प्राधिकरण एक माह में जमा करेगा हलफनामा

कोर्ट ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण इस आदेश की तारीख से चार सप्ताह के भीतर न्यायालय में एक हलफनामा दायर करेगा, जिसमें यह बताया जाएगा कि क्या उसने आरोपित निर्णय के पैराग्राफ 117 में दिए गए निर्देश का अनुपालन किया है। यदि उसने इसका अनुपालन नहीं किया है, तो इसका कारण बताया जाएगा। अंतरिम आदेश, आज किए गए संशोधनों के अधीन, 2 एसएलपी (सी) संख्या 12784-12786/2024 सुनवाई की अगली तारीख तक जारी रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को 09.12.2024 से शुरू होने वाले सप्ताह में फिर से सूचीबद्ध किया। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा लोकेश एम ने कहा अदालत के निर्देशानुसार दिए गए समय सीमा के भीतर इस मामले में जवाब दाखिल करेंगे।

### ईडी ने कोर्ट से की पक्षकार बनाने की मांग

इस मामले में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामले में खुद को पक्षकार बनाने की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया है। जिसमें कहा गया है कि ईडी ने उच्च न्यायालय के फरवरी के आदेश के आधार पर जांच शुरू की है। ईडी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि डेवलपर कंपनी ने घर खरीदारों के पैसे को डायवर्ट किया और प्रमोटरों/निदेशकों ने एक ही कार्यप्रणाली का उपयोग करके कई परियोजनाओं में कई घर खरीदारों को धोखा दिया है।

### बकाया के कारण पर रोक

उच्च न्यायालय के फरवरी 2024 के आदेश के बाद नोएडा प्राधिकरण और डेवलपर्स दोनों ने उच्च न्यायालय में रिव्यू पिटिशन दायर कीं। जिन्हें खारिज कर दिया गया। प्राधिकरण ने लोटस 300 परियोजना में रजिस्ट्री कराए जाने में असमर्थता जताई थी। प्राधिकरण ने बताया था कि डेवलपर पर करीब 166 करोड़ से अधिक की धनराशि अभी भी बकाया है।

## सार संक्षेप

### घर से गहने व नकदी चोरी

**नोएडा।** सेक्टर-50 स्थित घर से चोर गहने और नकदी समेत अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। दो अगस्त को सुबह दस से शाम छह बजे के बीच वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-49 थाने की पुलिस से की है। शिकायत में कैलाश धाम सोसाइटी निवासी सपन कुमार चटर्जी ने बताया कि दो अगस्त को वह अपनी पत्नी के साथ सुबह दस बजे घर से ऑफिस के लिए निकल गए। शाम छह बजे जब दोनों लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और अंदर सारा सामान बिखरा है। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस से की गई। शिकायतकर्ता के मुताबिक लाखों रुपए के गहने और नकदी समेत अन्य सामान की चोरी घर से हुई है। पुलिस को घटनास्थल के पास की एक सीसीटीवी फुटेज मिली है, जिसमें दो संदिग्ध युवक घर की तरफ जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### बैटरी समेत उपकरण चोरी

**नोएडा।** प्राधिकरण द्वारा सीसीटीवी कैमरों समेत अन्य सिस्टम को संचालित करने के लिए लगवाए गए आरएसयू को चोरों ने चोरी कर लिया। चोरी हुए उपकरण की कीमत लाखों में है। सेक्टर-20 पुलिस को दी शिकायत में एफकोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सुपरवाइजर सुभाष चंद ने बताया कि उनकी कंपनी शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य सिस्टम के संचालक का काम करती है। कंपनी की साइट डीएलएफ के विपरीत डिवाइडर में वीएमडी और कैमरों के संचालन के लिए आरएसयू लगाया गया है। इसमें बैटरी समेत अन्य उपकरण रखे जाते हैं। 28 अगस्त को रात 11 बजकर 40 मिनट पर अज्ञात चोरों द्वारा इसे चोरी कर लिया गया। सेवाएं जब बाधित हुईं तक कंपनी को चोरी की जानकारी हुई। पुलिस साइट के आसपास लगे कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

### एलिवेटेड रोड बनाने में सुरक्षा का दिया जाए ध्यान : गोयल



**नोएडा।** भंगेल सलारपुर व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन ने विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राधिकरण के अलग अलग विभाग के अधिकारियों के साथ भंगेल में एक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज गोयल ने की। इस अवसर पर व्यापारियों ने अधिकारियों के समक्ष समस्याओं को रखा। जिसमें प्रमुख रूप से सही तरीके से सफाई नहीं हो रही है और ना ही कूड़े को उठाया जा रहा है और नालों की सफाई नहीं हो रही है। अधिकारियों ने समस्या के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राघवेंद्र दुबे, संदीप चौहान, पंकज गुप्ता, सतपाल गर्ग, मनोज शर्मा, बाबूलाल बंसल, ज्ञान चंद, नासिर खान, राजेश शर्मा, अंकित त्यागी, पुष्पेंद्र बंसल, विनोद सिंह, सुरेंद्र गौतम, हृदेश गोयल, मुकुल कंसल, अरुण गोयल, प्रवीन अग्रवाल, जयराज भाटी, विजय , मोहन सहित तमाम व्यापारी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# प्राधिकरण के 900 कर्मचारियों को देना होगा संपत्ति का ब्यौरा

## 30 सितम्बर है अंतिम समय सीमा, रोका जाएगा प्रमोशन

**नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण के लगभग 900 कर्मचारियों को राज्य के मानव संपदा पोर्टल पर अपनी चल और अचल संपत्ति का विवरण अपलोड करने के लिए 30 सितंबर तक की अंतिम समय सीमा दी गई है। इन सभी ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया था। ऐसे में सितंबर का वेतन रोक दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, हाल के सरकारी आदेश के अनुसार, जो कर्मचारी संपत्ति का विवरण जमा नहीं करेंगे, वे प्रमोशन के लिए अयोग्य घोषित होंगे। पहले ये समय सीमा 31 अगस्त निर्धारित की गई थी। हालांकि, उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह द्वारा मंगलवार को जारी एक नए आदेश में समय सीमा बढ़ाकर कर्मचारियों को कुछ राहत दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि आईएएस और पीसीएस अधिकारियों ने आदेश का अनुपालन किया है।

### प्राधिकरण कर्मचारियों ने मांगा था समय

नोएडा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने सभी स्टाफ सदस्यों से वेतन वितरण में और देरी से बचने के लिए मानव संपदा पोर्टल पर अपनी संपत्ति का विवरण तुरंत अपलोड करने का आग्रह किया। अगस्त का वेतन रोके जाने के बाद एसोसिएशन के अध्यक्ष राज कुमार चौधरी ने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम से अतिरिक्त समय का अनुरोध किया था और मुख्य सचिव सिंह को भी लिखा था। शासन की ओर से यह निर्देश अगस्त 2023 में शुरू की गई एक व्यापक राज्य सरकार की पहल का हिस्सा है। जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना और पारदर्शिता बढ़ाना है। पहल में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के अनुसार 31 दिसंबर 2023 तक अपनी चल और अचल संपत्ति का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर जमा करना होगा।

आदेश में इस बात पर जोर दिया गया कि इन विवरणों को प्रस्तुत नहीं करना नकारात्मक रूप से देखा जाएगा। नतीजतन जिन कर्मचारियों ने 1 जनवरी, 2024 तक अनुपालन नहीं किया है, उन्हें विभागीय चयन समिति की बैठकों में पदोन्नति के लिए तब तक विचार नहीं किया जाएगा जब तक कि वे अपनी संपत्ति का विवरण जमा नहीं कर देते।

इस मामले में लगातार 6 जून और 11 जुलाई को रिमाइंडर जारी किया गया। साथी ही अंतिम रिमाइंडर 17 अगस्त 2024 को दिया गया। इसके बाद भी पोर्टल पर पंजीकृत 26प्रतिशत कर्मियों ने अभी तक अपनी संपत्ति का विवरण जमा नहीं किया है। इसके अलावा, कुछ कर्मचारियों ने गलती से वर्ष 2023 के बजाय वर्ष 2024 का संपत्ति विवरण दर्ज कर दिया।

## तीन बिल्डरों को अनसोल्ड इन्वेंट्री को किया जाए सील

**बैठक में एक भी बिल्डर नहीं हुआ उपस्थित**

**नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत सहमति और कुल बकाया का 25 प्रतिशत जमा नहीं करने वाले 15 बिल्डरों को बुधवार को नोएडा प्राधिकरण बुलाया गया। इसमें एक भी बिल्डर बैठक में नहीं आए। सीईओ ने निर्देश दिए कि सात दिन के अंदर ये बिल्डर 25 प्रतिशत धनराशि जमा नहीं करते तो शासनादेश के तहत अनसोल्ड इन्वेंट्री और खाली प्लाट पर कब्जा लिया जाए। साथ ही सीलिंग की जाए। इसके अलावा सभी बिल्डरों के खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा से जांच कराने संबंधित संदर्भित किया जाए। उन्होंने एसीईओ वंदना त्रिपाठी को निर्देश दिए कि बकाया जमा नहीं करने पर स्काईटैक कंस्ट्रक्शनल प्राइवेट लिमिटेड , कलर फुल स्टेट और ओमेक्स बिल्डकोम प्राइवेट लिमिटेड की अनसोल्ड इन्वेंट्री को सील किया जाए और निलामी के जरिए इनसे वसूली की जाए। बतौर इसके लिए स्थालीय निरीक्षण किया गया। जिसके बाद अनसोल्ड इन्वेंट्री खाली प्लाट की जानकारी दी गई। इसे सील किया जाएगा।

## नोएडा में गंदगी मिलने पर लगाया 11 लाख का जुर्माना



**प्राधिकरण एसीईओ ने किया निरीक्षण**

**नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री ने नोएडा की सड़को का निरीक्षण किया। सड़कों पर गंदगी मिलने पर एसीईओ ने कूड़ा उठाने वाली, सड़को की सफाई करने वाली और फ्लोटिंग मैटेरियल साफ करने वाली कंपनी कुल 11 लाख का जुर्माना लगाया। साथ ही सहायक परियोजना अभियंता से स्पीष्टकरण भी मांगा है। एसीईओ ने संबंधित अधिकारियों के साथ उद्योग मार्ग, झुंडपुरा, सेक्टर-11, जोनल रोड -6, खोड़ा रोड, सेक्टर-55, 58, 62 एवं एमपी-3 रास्ते का निरीक्षण किया। उद्योग मार्ग सेक्टर-8 के सामने गंदगी मिलने पर अधिकारियों को इसकी रिपोर्ट 3 दिन में देने के लिए कहा गया। सेक्टर-22 एवं 56 के बीच रास्ते सेक्टर-56 की तरफ ड्रेन टॉप और साइकिल ट्रैक गंदा पाया गया। जिसको तत्काल साफ कराने के लिए कहा गया। एमपी-3 रास्ते पर सेक्टर-71 अंडरपास के पास बसई गांव के पास एवं पर्थला फ्लाईओवर के पास गंदगी मिली।

# शातिर बदमाश को मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार

**नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। जांच के दौरान थाना सेक्टर-63 पुलिस और स्नैचिंग करने वाले बदमाश के बीच हुई पुलिस मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने बदमाश के पैर में गाली मारी। बदमाश बाइक से गिर गया। चारो तरफ से घेरकर बदमाश को गिरफ्तार किया गया। इसकी पहचान दीपक राय पुत्र सोम प्रकाश राय निवासी छिजारसी हुई है। इसके ऊपर दिल्ली में 20 और नोएडा में 10 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। पुलिस इसका आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है।

एडीसीपी ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि 1 सितंबर को एक खबरिया चैनल के पत्रकार से मोबाइल लूट लिया गया था। इस मामले में थाना सेक्टर-63 पुलिस जांच कर रही थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाश की पहचान की गई। मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया गया। बुधवार को मुखबिर से जानकारी मिली कि बदमाश बहलोलपुर अंडरपास के पास आने वाला है। पुलिस ने वहां चैकिंग शुरू कर दी। बदमाश को चैकिंग के लिए रोका गया। लेकिन वो सर्विस रोड की तरफ भागने लगा। करीब 500 मीटर तक पीछा करने के बाद उसे वार्निंग दी गई। बदमाश



**दिल्ली में 20 व नोएडा में 10 मुकदमे है दर्ज, 1 सितम्बर को पत्रकार से लूटा था मोबाइल**

ने जान से मारने की नियत से पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने फायर किया और बदमाश के पैर में गोली लगी। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। बदमाश के पास से छ मोबाइल फोन बरामद किए गए। ये फोन हाल ही में उसने राहगीरों से छीने थे। इसके अलावा दिल्ली और नोएडा में कई मुकदमों की जानकारी मिली। इसके पास से एक तमंचा भी मिला है। साथ ही चोरी की बाइक मिली है। इसी से छिनैती करता था।

## इंदिरापुरम की तीन सौ दुकानों पर चला जीडीए का बुलडोजर

**गाजियाबाद,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। जीडीए का बुलडोजर बुधवार को इंदिरापुरम में चलाया गया। जीडीए के बुलडोजर ने इस दौरान 300 दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। सिटी अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि फिर से किसी दुकानदार ने अतिक्रमण किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




जीडीए प्रवर्तन दल के प्रभारी के नेतृत्व में इन्दिरापुरम के न्यायखण्ड-1, 2, 3, व अभयखण्ड में अनाधिकृत रूप से बनी हुई 300 दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान जनता ने विरोध किया। परंतु अधिकारियों की सूझबूझ से स्थानीय एवं प्राधिकरण के पुलिस बल द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से कराई गई।

जोन से संबंधित सहायक अभियंता, अवर अभियंता तथा सुपरवाईजर स्टाफ को निर्देशित किया गया कि सतत निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि अतिक्रमण पुनः न होने पाए। प्राधिकरण द्वारा लगातार अतिक्रमण के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाईयां जारी रहेंगी।

# नगर आयुक्त को बधाई देने वालों का लगा तांता

## बेहतरीन कार्यकाल के लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने की प्रशंसा

**गाजियाबाद,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक को नगर निगम में नगर आयुक्त के रूप में नियुक्त हुए बुधवार को पूरा 1 साल हो गया। इसको लेकर जन प्रतिनिधियों से लेकर निगम अफसर और कर्मचारियों ने नगर आयुक्त के कक्ष में पहुंचकर शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके कार्यकाल को बेहतरीन बताया। इन लोगों ने कहा कि नगर आयुक्त ने नगर निगम की कायाकल्प कर दी है इस कारण गाजियाबाद लगातार विकास की ओर बढ़ रहा है।







इन लोगों ने कहा कि विक्रमादित्य सिंह मलिक बीते एक वर्ष में शहर हित मे कई योजनाओं को धरातल पर लाने में सफल रहे हैं। वार्ड संख्या 49 के पार्षद वीरेंद्र त्यागी, वार्ड 9 पार्षद शीतल देओल, वार्ड 31 पार्षद नितिन, वार्ड 50 से पार्षद सुमन लता पाल, वार्ड 9 से प्रदीप चौहान, व अन्य पार्षदों ने उपस्थित होकर नगर आयुक्त को शहर हित तथा निगम हित में एक साल बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी ।

आपको बता दें कि नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में शासन से गाजियाबाद हेतु अनेकों योजनाओं की स्वीकृति से शहर के विकास को रफ्तार मिली है। तीसरा एबीसी सेंटर, सी एम ग्रिड योजना, कारकस प्लांट, बायोडायवर्सिटी पार्क योजना, इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम योजना, व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम योजना, गाजियाबाद 311 योजना व अनेको ऐसी योजनाएं जिनसे गाजियाबाद शहर वासियों को डायरेक्ट लाभ है चर्चा हुई तथा आगे भी शहर के विकास कार्यों में इसी प्रकार प्रयास जारी रहे निर्णय लिया गया।

नगर आयुक्त ने उपस्थित जनों को धन्यवाद देते हुए शहर के विकास को लेकर जन सहयोग तथा जनप्रतिनिधियों का नेतृत्व भी विशेष रूप से सराहा। नगर आयुक्त ने शहर में ओर अधिक योजनाओं को लाने के लिए भी आगामी प्लानिंग साझा की । इस अवसर पर अवनींद्र कुमार अपर नगर आयुक्त, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, प्रभारी प्रकाश आश कुमार, महाप्रबंधक जल, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, संपत्ति अधीक्षक पल्लवी सिंह, तथा अन्य समस्त विभाग के कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस कमिश्नर ने छात्रों को बताया अनुशासन का महत्व

**नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। एमिटी विश्वविद्यालय में स्नातक एंव इंटीग्रेटेड पाठयक्रमों के फर्स्ट ईयर के 7000 नव प्रवेशित छात्रों के लिए 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह और एमिटी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. अतुल चौहान ने छात्रों को संबोधित किया। इस दीक्षारंभ का शुभारंभ एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डॉ. बलविंदर शुक्ला ने किया। इस मौके पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने छात्रों को अनुशासन के महत्व पर कहा कि मुझे शिक्षण संस्थानों और छात्रों से बहुत सारी सकारात्मक उर्जा मिलती है। आज मैं यहां जीवन मूल्यों और छात्रों को चुनने के लिए मार्ग के बारे में बात करने के लिए हूं। जब हम स्वतंत्रता के बारे में बात करते हैं, तो कोई भी व्यक्ति इस दुनिया में स्वतंत्र नहीं है।




क्योंकि हम मनुष्य के रूप में पैदा हुए हैं और हमारे पास जीवन में कुछ जिम्मेदारियां हैं।

हालांकि, अनुशासन के माध्यम से स्वतंत्रता प्राप्त की जा सकती है। क्योंकि अनुशासन आपके दिमाग को मुक्त एंव शांत बनाता है। जब मस्तिष्क स्पष्ट होता है, तो आप स्पष्ट रूप से सोच सकते हैं। सिंह ने कहा कि जब मैंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग करने का फैसला किया, तो मुझे बहुत सारे पूर्वाग्रह का सामना करना पड़ा। किसी के पास यह साबित करने के लिए आंतरिक विश्वास होना चाहिए कि आपका विकल्प तर्कसंगत है।

उद्गार

पकड़े गए बदमाशों की पहचान बिदौनी बदायूं के आमिर व फोरविश गंज बिहार के गोलू उर्फ दिलशाद के रूप में हुई, दोनों बदमाशों ने अपने छह साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था : **शक्ति मोहन अवस्थी, डीसीपी**



# जिला मुख्यालय में सातवां पोषण माह कार्यक्रम आयोजित

## सातवें पोषण माह में विधान परिषद सदस्य श्रीचन्द्र शर्मा हुए शामिल

**ग्रेटर नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। सातवां पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य श्रीचन्द्र शर्मा शामिल हुए। इस कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लखनऊ से किया। जिले में विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी ने पोषण माह का शुभारंभ करते हुए वर्चुअल प्रसारण को देखा।

सातवें पोषण माह का उद्देश्य राज्य में कुपोषण के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और पोषण संबंधी मुद्दों को हल करने के लिए विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के साथ मिलकर काम करना है। इस अभियान के दौरान, महिलाओं, बच्चों और अन्य लक्षित समूहों के लिए विशेष पोषण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य श्रीचन्द्र शर्मा ने पोषण माह के






> राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों व गर्भवती महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार करना है : **श्रीचन्द्र शर्मा**

महत्व पर प्रकाश डाला और समाज के हर वर्ग से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार करना है। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व 6 माह पूर्ण कर लिए बच्चों का अन्नप्राशन कराया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्वंयसेवी संगठन के प्रतिनिधि और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने भी भाग लिया। सभी ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव और विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

## फर्जी अपहरण की सूचना देकर 70 हजार रुपए मांगे

**दनकौर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एक अधिकारी के बेटे के अपहरण की फर्जी सूचना देकर अज्ञात आरोपियों ने उनके परिजनों से 70 हजार रुपए की मांग की। जब परिवार के लोगों ने यूनिवर्सिटी पहुंचकर देखा तो उनका बेटा सकुशल था। बताया जाता है कि किसी अज्ञात ठग ने परिवार से रुपए हड़पने की यह योजना बनाई थी। इस मामले की शिकायत पीड़ित परिवार ने पुलिस से की है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तैनात सहायक प्रबंधक सुनील वर्मा का बेटा लक्ष्य वर्मा नोएडा इंटरनैशनल यूनिवर्सिटी में पढ़ता है। छात्र लक्ष्य वर्मा की मां के पास बुधवार को एक कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा हमने तुम्हारे बेटे का अपहरण कर लिया है। अगर अपने बेटे की जान प्यारी है तो हमें तुरंत 70 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करो। यह सुनने के बाद अधिकारी की पत्नी परेशान हो गई। इसके बाद परिवार के लोगों ने अपने बेटे लक्ष्य को विडियो कॉल की तो उसने फोन रिसीव कर लिया। जिसने खुद को यूनिवर्सिटी में से सकुशल बताया।

## बंधक बनाकर डकैती डालने वाले बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार



- रेहड़ी लगाकर करते थे रेकी
- टोपी पहनकर देते थे घटना को अंजाम

> घर में डकैती डालने वाले बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई थी। मुठभेड़ में मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है। पीछे से आ रहे कार में सवार अन्य बदमाश मौके पर फरार हो गए : **शक्ति मोहन अवस्थी, डीसीपी सेंट्रल नोएडा**

**ग्रेटर नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। ईकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र स्थित कुलेसरा गांव स्थित सरस्वती एन्क्लेव में किराएदार को बंधक बनाकर घर में डकैती डालने वाले बदमाशों की बुधवार को पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हुए। उन्हें गिरफ्तार करके उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। कार सवार उनके अन्य साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। बदमाशों ने 28 अगस्त को सरस्वती एन्क्लेव में घर में घुसकर डकैती डाली थी। बदमाश किरायेदार को बंधक बनाकर 10 हजार रुपए समेत लाखों रुपए के गहने लूटकर फरार हो गए थे।



पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी के नेतृत्व में पांच टीमों का गठन किया गया।

बुधवार दिन में बदमाशों की कुलेसरा के पास पुश्ता रोड पर पुलिस से मुठभेड़ हो गई। शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों की पहचान बिदौनी बदायूं के आमिर व फोरविश गंज बिहार के गोलू उर्फ दिलशाद के रूप में हुई। उनके पास से दो तमंचा, चार कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व कार, 39 हजार 700 रुपए की नकदी व दो तोले गला हुआ सोना बरामद किया गया। दोनों बदमाशों ने अपने छह साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था।

पुलिस जांच में सामने आया है कि डकैती डालने वाले बदमाश शातिर किस्म के हैं। गिरोह में आठ से 10 लोग शामिल है। यह लोग घरों में लूट व चोरी करते थे।

रेकी कर एकांत में स्थित या बंद घरों को निशाना बनाते थे। किसी को शक न हो इसके लिए दो बदमाश होटल में नौकरी और एक बदमाश टैक्सी चलाता था। अन्य सदस्य रेहड़ी लेकर कालोनियों व सोसायटियों में घूमकर रेकी करते थे।

## आईकॉन अपार्टमेंट्स में खुला मुफ्त स्वास्थ्य सेवा मेडिकल रूम

**ग्रेटर नोएडा**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। फोर्टिस हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा ने आईकॉन अपार्टमेंट्स के सहयोग से सोसाइटी में मेडिकल रूम का शुभारंभ किया। यह मेडिकल रूम आईकॉन अपार्टमेंट्स सोसाइटी के निवासियों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा। इस पहल का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ाना और बीमारियों का जल्द पता लगाकर समय पर इलाज सुनिश्चित करना है।



समारोह का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। सोसाइटी के निवासियों ने अपने उद्बोधन में नए मेडिकल रूम की स्थापना पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे सोसाइटी के सदस्यों के लिए लाभकारी बताया। कार्यक्रम में मेजर जनरल राजीव कुमार सिंह (वीएसएम-सेवानिवृत्त), कर्नल रघु नाथ बनर्जी, पियूष बड़जात्या सहित प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञ और सोसाइटी के सम्मानित निवासी शामिल हुए।

## स्वरोजगार के लिए ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित कर दिया प्रमाण-पत्र

**ग्रेटर नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। केनरा बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), गौतमबुद्ध नगर द्वारा स्वरोजगार के लिए निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रबंधन का 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रायोजित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं सहित कुल 33 महिलाओं को प्रशिक्षण और प्रमाणपत्र दिया गया। ब्यूटी पार्लर प्रबंधन का प्रशिक्षण और उनका प्रैक्टिकल डोमेन स्किल ट्रेनर बेबी शर्मा द्वारा दिया गया, जिसमें महिलाओं ने थ्रेडिंग, आईब्रो, ब्लीच, फेसिअल, वेक्सिंग, हेयर कटिंग, हेयर स्पा, हेयर कलर, विभिन्न प्रकार के मेकअप आदि सीखाया गया। इसके अतिरिक्त सॉफ्ट स्किल (उद्यमिता कौशल, बाजार एवं ग्राहक प्रबंधन, रचनात्मकता, समस्या समाधान, प्रोजेक्ट बनाना, मार्केटिंग, बैंकिंग योजनाओं) की जानकारी निदेशक श्री अनिल कुमार, फैकल्टी अजीत सिंह व अंकिता नागर ने सभी को प्रदान किया। प्रशिक्षण समापन और प्रमाण-पत्र वितरण समारोह बुधवार को फनिश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी दादरी, गौतमबुद्ध नगर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। आरसेटी निदेशक अनिल कुमार ने सभी का स्वागत किया। खण्ड विकास अधिकारी ने कहा कि महिलाएं आज देश के विकास में कदम से कदम मिला कर चल रही है। अतः उन्होंने महिलाओं से कहा की वो प्रशिक्षण उपरान्त अपना नया व्यवसाय शुरू कर जनपद की उन्नति में भागीदार बने और अपनी आजीविका अर्जित करे।



## राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला न्यायाधीश ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय, दीवानी न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 14 सितंबर, 2024 को किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम वाद, वैवाहिक वाद, भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम के वाद, दीवानी वाद, एम.वी.एक्ट व ई-चालान के वाद, आर्बिटेशन के वाद, लघु शमनीय वाद, एन.आई.एक्ट की धारा-138 के वाद, विद्युत अधिनियम के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धी मामले, पेंशन के मामले, श्रम के मामले व अन्य प्रकृति के मामले एवं प्री-लिटीगेशन स्तर पर बैंक ऋण के मामलें, विद्युत एवं बीएसएनएल टेलिफोनिक बिल सम्बन्धित अन्य मामलों का निस्तारण पक्षकारों की सहमति व आपसी समझौते के माध्यम से किया जाएगा।



डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि उनके द्वारा राजस्व विभाग तथा अन्य उनके अधीनस्थ समस्त विभागों के अधिकारियों के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराने के उद देश्य से अभी से तैयारी सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार उन्होंने यूपीपीसीएल, परिवहन विभाग, श्रम विभाग, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, समाज कल्याण विभाग, स्टांप विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला पूर्ति विभाग तथा अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों से भी इसी प्रकार की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला जज ने समस्त विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा 1 से 13 सितंबर तक प्री-लिटीगेशन के मामलों का जो निस्तारण किया जाएं, उसकी सूचना नोडल अधिकारी को उपलब्ध करा दी जाएं, ताकि प्री-लिटीगेशन के मामलों के आकड़े राष्ट्रीय लोक अदालत के आकड़ों में समायोजित किए जा सके।

## जीवन में सकारात्मक होना बेहद जरुरी : राज दीदी

**ग्रेटर नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। जीवन में यदि आप सुख और शांति, धन वैभव, उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त करना चाहते हैं तो यह बहुत आवश्यक है कि आपके पास सकारात्मक ऊर्जा हो, सकारात्मक ऊर्जा आपको सुखी बनाती है। जबकि नकारात्मक ऊर्जा दुख दरिद्रता और अस्वस्थता की जननी है। यह विचार नारायण रेकी सत्संग परिवार की संस्थापिका राजेश्वरी मोदी (राज दीदी) ने शारदा विश्वविद्यालय में शारदा देवी की पांचवी पुण्यतिथि के दौरान आयोजित सत्संग में व्यकत किए।

कार्यक्रम के प्रारंभ में राज दीदी शारदा ग्रुप के चेयरमैन पी.के. गुप्ता, वाइस चेयरमैन वाइ.के. गुप्ता, ट्रस्टी सीमा गुप्ता, भावना गुप्ता, सीईओ प्रशांत गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट रिषभ गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। सत्संग में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। सत्संग में राज दीदी ने कहा कि हर व्यक्ति अपने भाग्य का खुद ही विधाता है। यद्यपि भगवान ने हम सब का भाग्य लिखा है किंतु उन्होंने हमारा भाग्य पेंसिल से लिखा है। जिसे मिटाकर हम स्थाई स्याही से अपना भाग्य खुद लिख सकते हैं, लेकिन इसके लिए हमारे पास सकारात्मक ऊर्जा होनी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मांड में दो प्रकार की ऊर्जा संचारित हो रही है। इसमें सकारात्मक ऊर्जा और नकारात्मक ऊर्जा का समावेश है। अब यह हम सभी पर निर्भर है कि हम कौन सी ऊर्जा अपने भीतर समाहित कर रहे हैं।




सकारात्मक ऊर्जा जीवन को बनाता है सुखी

हम जिस प्रकार की ऊर्जा अपने भीतर समाहित करते हैं। हमारा जीवन उसी ऊर्जा के अधीन होकर वैसा ही बनता जाता है। जैसे जीवन में हम जो भी करते हैं अच्छा करते हैं, परोपकार की भावना रखते हैं, परोपकार करते हैं, खुश रहते हैं और दूसरों को खुश रखने का प्रयत्न करते हैं, सदकार्य करते हैं और सद्विचार रखते हैं तो इससे निश्चित तौर पर हमारे अंदर ब्रह्मांड की सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

इस दौरान वाइस चांसलर डॉ. सिबाराम खारा, रजिस्ट्रार विवेक गुप्ता, डायरेक्टर पीआर डॉ. अजीत कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. कपिल दवे,डॉ. अन्विति गुप्ता, डीन एकेडमिक डॉ. आरसी सिंह, डॉ. भुवनेश कुमार,यशोधरा राजे समेन विभिन्न विभागों के डीन और एचओडी मौजूद रहे।

## प्राधिकरणों में अधिकारियों व कर्मचारियों को संपत्ति का ब्यौरा देने का नोटिस जारी

- 30 सितम्बर तक पोर्टल पर संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया तो रोका जाएगा वेतन
- तीनों प्राधिकरण में अधिकारियों व कर्मचारियों में मचा हड़कंप

**ग्रेटर नोएडा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक प्राधिकरणों में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को चल अचल संपत्ति का ब्यौरा देने के लिए नोटिस जारी किया गया है। 30 सितम्बर तक अगर उन्होंने संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया तो उनके वेतन पर रोक लगाने का आदेश वित्त विभाग को जारी किया गया। नोटिस जारी होने पर तीनों प्राधिकरण में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों में हडकंप मचा हुआ है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेष के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को नोटिस जारी किया था कि 30 अगस्त तक अपनी चल अचल संपत्तियों को ब्यौरा प्रदेश सरकार के पोर्टल पर देना होगा। यह आदेश प्राधिकरणों के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी जारी किया गया था। तीनों प्राधिकरणों में करीब 50 फीसदी अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया है। प्रदेश में सिपाहियों की भर्ती के चलते कर्मचारियों की ड्यूटी लगी हुई थी। इसलिए अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार से मांग रखी कि ड्यूटी में व्यस्थतता के चलते संपत्ति का ब्यौरा नहीं दे पाए। इसलिए उनके समय प्रदान किया जाए।

प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों की मांग पर उन्हें 30 सितंबर तक संपत्ति का ब्यौरा देने का समय प्रदान कर दिया। प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की तरफ से आदेश आने के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों को संपत्ति का ब्यौरा देने का समय एक माह बढ़ा दिया। अगस्त माह का वेतन भी रिलीज कर दिया। गौतमबुद्धनगर में तीनों प्राधिकरणों के सीईओ की तरफ से अपने अधिकारियों व कर्मचारियों को पत्र जारी कर 30 सितंबर तक चल अचल संपत्तियों का ब्यौरा देने का आदेश दिया गया। पत्र में कहा गया कि अगर 30 सितंबर तक संपत्ति तक संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया तो उनके सितंबर माह का वेतन रोक दिया जाएगा। तीनों प्राधिकरणों में इस आदेश से हडकंप मचा हुआ है। तीनों प्राधिकरणों में 50 फीसदी से ज्यादा अधिकारियों और कर्मचारियों ने अभी तक अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## जिलाधिकारी ने नवाचार मेले का किया उद्घाटन

जिलाधिकारी ने की प्राथमिक विद्यालयों के नवाचार के प्रयासों की सराहना





**दनकौर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु) ।जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डायट) में जनपद स्तरीय 2 दिवसीय नवाचार मेले के आयोजन का बुधवार को उद्घाटन किया गया। जिसका शुभारंभ फीता काटकर जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने किया।

इस दौरान डीएम ने जिला बेसिक शिक्षा के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह इस नवाचार मेले में जनपद के समस्त शिक्षकों द्वारा अवलोकन करने के लिए आदेशित करें। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों में हो रहे प्रयासों की सराहना की। साथ ही प्रतिभाग कर रहे एआरपी जेवर से अपने नवाचारों को विद्यालयों तक ले जाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि नवाचार के द्वारा कक्षा शिक्षण आज के समय की मांग है। डायट प्राचार्य राज सिंह यादव के निर्देशन में पूरा कार्यक्रम पहले दिन हुआ। डायट प्राचार्य ने सभी शिक्षकों को अपने इस नवाचार को अपने बेसिक व माध्यमिक के बच्चों तक उनकी समझ विकसित करने के लिए प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया गया। इस नवाचार मेले में जनपद के परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों के नवाचार टीएलएम का मूल्यांकन पांच सदस्यों के निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। जिसमें एक शिक्षक प्राथमिक, एक उच्च प्राथमिक, एक शिक्षक माध्यमिक और एक डायट से प्रवक्ता को उत्कृष्ट नवाचार के लिए पुरस्कृत किया गया।

इस दौरान अर्चना गुप्ता, भूपेंद्र सिंह, दीक्षा, भोला कुमार, नियाज मीर, वेद प्रकाश, अर्चना द्विवेदी, दीक्षा, नीता, सुमिता, रीना आदि उपस्थित रहे।

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम दनकौर में उप जिलाधिकारी सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या-1410/एस0टी0-एस0डी0एम/2021 दिनांक 21.08.2021 मृतक स्व0 श्री उदयवीर सिंह (नावल्द) पुत्र श्री महीपाल सिंह, निवासी 172 प्रेमपुरी दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 08.07.2021 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दनकौर | 471M 469M | स्व0 श्री उदयवीर सिंह (नावल्द) पुत्र श्री महीपाल सिंह, निवासी 172 प्रेमपुरी दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती अंगूरी | माता | 76 वर्ष | |
| | | | श्री महीपाल सिंह | पिता | 77 वर्ष | |
| | | | श्री निरंजन | भाई | 59 वर्ष | |
| | | | श्री अजय कुमार भाटी | भाई | 50 वर्ष | |
| | | | श्री हेमसिंह | भाई | 48 वर्ष | |
| | | | श्रीमती संयोगता | बहन | 46 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती कुसुम | बहन | 42 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती मंजू कसाना | बहन | 40 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिये जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रबूपुरा में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 108/एस0टी0/एस0डी0एम0/2024 दिनांक 25.06.2024 स्व0 श्री धीरज सिंह पुत्र रम्भूला नि0 ग्राम-रबूपुरा, परगना-जेवर, तहसील-जेवर, जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 17.10.2023 को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रबूपुरा | 320म 358म | श्री धीरज सिंह पुत्र रम्भूला नि0 ग्राम-रबूपुरा, परगना जेवर, तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | सुशीला सिंह | पत्नी | 39 वर्ष | विधवा |
| | | | सचिन कुमार | पुत्र | 25 वर्ष | विवाहित |
| | | | अस्मित सिंह | पुत्र | 14 वर्ष | अविवाहित |
| | | | मुस्कान सिंह | पुत्री | 17 वर्ष | अविवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रबूपुरा में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 103/एस0टी0-एस0डी0एम/2023 दिनांक 06.11.2023 स्व0 श्री नवल सिंह पुत्र नेतराम नि0मौ0 विलोचान रबूपुरा, परगना-जेवर, तहसील-जेवर, जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 28.09.2016 को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रबूपुरा | 744/1म 705/2म | स्व0 श्री नवल सिंह पुत्र नेतराम नि0 मौ0 विलोचान रबूपुरा परगना-जेवर तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | हेमचन्द | पुत्र | 41 वर्ष | विवाहित |
| | | | राम प्रकाश | पुत्र | 40 वर्ष | विवाहित |
| | | | भरत सिंह | पुत्र | 38 वर्ष | विवाहित |
| | | | रोहित | पुत्र | 32 वर्ष | विवाहित |
| | | | भावना | पुत्री | 29 वर्ष | विवाहित |
| | | | पूजा | पुत्री | 33 वर्ष | विवाहित |
| | | | सोनी | पुत्री | 23 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रबूपुरा में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 302/एस0टी0-एस0डी0एम/2024 दिनांक 19.03.2024 स्व0 श्री तोलाराम पुत्र बलवन्त नि0 ग्राम-नगला पदम सिंह मा0रबूपुरा, परगना-जेवर, तहसील-जेवर, जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 19.07.2023, को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रबूपुरा | 37 76 | स्व0 श्री तोलाराम पुत्र बलवन्त नि0 ग्राम-नगला पदम सिंह मा0रबूपुरा परगना-जेवर तहसील जेवर, जिला गौतमबुद्धनगर | हरकेश | पुत्र | 46 वर्ष | विवाहित |
| | | | महेश | पुत्र | 40 वर्ष | विवाहित |
| | | | पुष्पा | पुत्री | 49 वर्ष | विवाहित |
| | | | आशा | पुत्र | 37 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 5 सितम्बर 2024

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## जम्मू-कश्मीर में राहुल का बड़ा वादा

जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कान्फ्रेंस गठबन्धन ने प्रचार अभियान की शुरुआत बड़े वादे को दोहराते हुए कर दी है। राहुल गांधी ने बुधवार को कश्मीर के रामबन में एक विशाल रैली को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि 1947 में कांग्रेस की सरकार ने जम्मू-कश्मीर के राजा को हटाकर उसे राज्य का दर्जा दिया था लेकिन भाजपा सरकार ने पांच वर्ष पहले राज्य के दर्जे को समाप्त कर यहां एक राजा (लेफ्टीनेंट गवर्नर) को बैठा दिया है। उन्होंने ध्यान दिलाया कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि राज्य को केन्द्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया जा रहा है, जबकि अब तक केन्द्र शासित प्रदेशों को राज्य का दर्जा दिया जाता रहा। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी को अवसर मिला तो जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा लौटायेगी। 90 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस 32 सीटों पर और नेशनल कान्फ्रेंस 51 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पांच सीटों पर फ्रेंडली फाइट होने जा रही है। 18 व 25 सितम्बर तथा 1 अक्टूबर को यहां (तीन चरण) चुनाव होने जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि इस संवेदनशील राज्य में दस वर्षों के बाद चुनाव होने जा रहे हैं। 5 अगस्त, 2019 को भाजपा सरकार ने जम्मू-कश्मीर के लिये लागू अनुच्छेद- 370 को हटा कर इसे और लद्दाख को केन्द्र शासित प्रदेश बना दिया था। उसी साल विधानसभा का चुनाव होना था लेकिन वह इसी आधार पर टाल दिये गये थे। यहां चुनाव कराने की अनिच्छुक भाजपा की केन्द्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के अंतर्गत चुनाव कराना लाजिमी हो गया है। महबूबा मुफ्ती की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) गठबन्धन का हिस्सा तो नहीं है लेकिन समझा जाता है कि ज़रूरी हुआ तो उसका समर्थन कांग्रेस-एनसी को मिल सकता है। अनुमान लगाये जा रहे हैं कि भाजपा से लोगों की इस कदर नाराज़गी है कि उसे कश्मीर में बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। कांग्रेस से अलग होकर डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी बनाने वाले गुलाम नबी आज़ाद की भी राह कोई आसान नहीं मानी जा रही है। उसके अब तक 10 ही सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान हुआ है। माना जा रहा था कि उसका भाजपा से गठबन्धन हो सकता है लेकिन अब लगता है कि वह भाजपा की बी टीम के रूप में लड़ेगी। वैसे पहले ही उसके चार प्रत्याशियों ने मैदान छोड़ दिया है।

उधर दूसरी तरफ भाजपा अपनी रणनीति बनाने में मशगूल है लेकिन ऐसे अनेक मुद्दे हैं जिन्हें लेकर उसे जनता के बीच जाना मुश्किल हो जायेगा। पहली बात तो यही है कि अनुच्छेद- 370 हटाये जाने को लेकर वहां की जनता काफी नाराज़ है। उस प्रक्रिया के दौरान न तो वहां की जनता की राय ली गयी थी, न ही उसके बाद वे वादे पूरे हुए जिनका उल्लेख कर कहा जाता रहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों में खुशहाली आयेगी। जहां तक आतंकवादी घटनाओं से मुक्ति दिलाने की बात कही गयी थी, तो वैसा कुछ भी हासिल नहीं हो सका। घाटी में अब भी पाक समर्थित आतंकी गुटों के हमले गाहे-बगाहे होते रहते हैं। इनमें मरने वालों की संख्या भी अच्छी-खासी है। कश्मीरी पंडितों की वापसी भी एक प्रमुख मुद्दा था जिसके बारे में भाजपा काफी दावे करती रही है। उस मोर्चे पर भी सरकार के हाथ खाली हैं। बहुत कम संख्या में कश्मीरी पंडितों की वापसी हुई भी तो वे वहां स्थायी नहीं बसाये जा सके हैं। बाहरी मजदूरों की हत्याएं भी हुई हैं, कश्मीरी पंडित अब भी वहां कोई महफ़ूज़ महसूस नहीं करते। जिस प्रकार से कश्मीरियों के बारे में भाजपा समर्थित लोगों ने अपमानजनक टिप्पणियां की हैं और जैसे लम्बे समय तक घाटी के लोगों की इंटरनेट सुविधा छीनी गयी थी, उन सारी मुश्किलात का जवाब लेने का अवसर जम्मू-कश्मीर के लोगों को अब मिल गया है।

राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर में बेहद लोकप्रिय हुए हैं। याद हो कि 7 सितम्बर, 2022 को कन्याकुमारी से निकली राहुल की भारत जोड़ो यात्रा का समापन 30 जनवरी, 2023 को श्रीनगर में ही हुआ था जिसे पूरे देश की तरह ही जबर्दस्त प्रतिसाद मिला था। फ़ारुख अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती आदि न केवल समापन रैली में शामिल हुए थे, बल्कि वे इंडिया गठबन्धन के भी हिस्सेदार हैं जो कई अवसरों पर हुई बैठकों एवं रैलियों में बराबर शिरकत करते रहे हैं। स्थानीय राजनीतिक ज़रूरतों के कारण एनसी एवं पीडीपी इस चुनाव में आमने-सामने बेशक हों, लेकिन उसका फायदा भाजपा को मिलता हुआ नज़र नहीं आ रहा है। वैसे उसने 'मिशन 66' के नाम से बनाये चुनावी अभियान पर काम शुरू कर दिया है। गठबन्धन की एकमात्र आशा छिपे समर्थक गुलाम नबी आजाद से ही हो सकती है लेकिन उनका कितना लाभ उसे मिलेगा, यह तो परिणाम ही बतलाएंगे। हाल ही में पीडीपी के चौधरी जुल्फिकार अली और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी अब्दुल गनी ने भाजपा का दामन थाम लिया है।

कांग्रेस-एनसी का पलड़ा इसलिये भारी माना जा रहा है क्योंकि राहुल और उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा छीनने का शुरू से ही विरोध करती आ रही है। रैली में राहुल ने यह भी कहा कि चुनाव परिणाम जो भी हों, उनकी पार्टी राज्य का दर्जा वापस दिलाने का संघर्ष करती रहेगी और केन्द्र सरकार को इसके लिये मजबूर करेगी। उन्होंने प्रदेश में बेरोजगारी दूर करने के लिये लम्बित भर्तियां पूरा करने का भी आश्वासन दिया जो निश्चित ही मतदाताओं को आकर्षित करेगा।

# आईसी 814 : सवालों को दबाने की कोशिश

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

आईसी 814 उस विमान का नाम है, जिसे 24 दिसंबर 1999 को काठमांडू से दिल्ली आते वक्त अगवा कर लिया गया था। पत्रकार श्रींजॉय चौधरी और आईसी-814 के कैप्टन देवी शरण की लिखी किताब 'फ्लाइट इन टू फियर: द कैप्टन स्टोरी' पर अनुभव सिन्हा ने आईसी 814 नाम से ही सीरीज़ बनाई है। इस सीरीज़ में वास्तविक घटनाओं को ही दिखाया गया है। काठमांडू से भारतीय एजेंट द्वारा दी गई चेतावनी की अनदेखी से लेकर विमान के हाईजैक होने और सात दिन बाद अफगानिस्तान के कंधार में तीन दुर्दांत आतंकवादियों मौलाना मसूद अज़्हर, अहमद उमर सईद शेख, और मुश्ताक अहमद ज़रगर की रिहाई तक की सारी घटनाओं को इस सीरीज़ में पेश किया गया है। काठमांडू से निकला जहाज ईंधन न होने के कारण अमृतसर में उतारा गया, फिर लाहौर और दुबई होते हुए आखिर में कंधार पहुंचा और इन सात दिनों तक जहाज में सवार आम यात्रियों की जिंदगी पूरी तरह से अपहरणकर्ताओं की दया पर ही रही। एक यात्री की मौत के अलावा बाकी सारे यात्रियों को विमान के चालकदल समेत आखिर में छुड़ा लिया गया, लेकिन इसकी भारी कीमत देश ने चुकाई है। क्योंकि जिन तीन आतंकवादियों को कांग्रेस के शासनकाल में पकड़ा गया था, उन्हें भाजपा की अटलबिहारी वाजपेयी सरकार ने छोड़ा और उसके बाद देश की संसद पर हमले समेत कई और आतंकी घटनाएं हुईं। यह सब किसी उपन्यास का प्लॉट या फिल्म की कहानी होती, तो पहले ही दिन आठ-दस कमांडो जांबाज़ी दिखाते और सब चंगा सी हो जाता। जितने देर विमान बंधक रहता, उतनी देर प्रधानमंत्री अपने दफ्तर में सारे दल-बल के साथ गहन चिंतन में डूबे नजर आते, उनके सलाहकार और अधिकारी देशप्रेम को ऊपर रखते हुए किसी प्रोटोकॉल की परवाह नहीं करते और सैन्य जवानों की काबिलियत पर भरोसा करते हुए उन्हें खुली छूट दे दी जाती कि जैसे भी हो, चाहे भारत की जमीन पर या विदेशी जमीन पर अपहर्ताओं को मार गिराओ और बंधकों को छुड़ा दो। लेकिन अफसोस कि हकीकत इससे काफी अलग रही।

हकीकत यह थी कि विमान अमृतसर में जब थोड़ी देर रुका, तब भी भारतीय कमांडो कुछ नहीं कर पाए। क्यों नहीं कर पाए, यही सबसे बड़ा सवाल है। इस सीरीज़ में इसी सवाल से एक बेचैनी उपजती है, जो सीधे दर्शकों तक पहुंचती है। देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, लौहपुरुष कहे जाने वाले गृहमंत्री लालकृष्ण आडवानी, पंजाब के मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल इन सब की भूमिकाओं और प्राथमिकताओं पर सवाल उठते हैं। सीरीज़ में जिस तरह नौकरशाही को जनता के सरोकारों से बिल्कुल कटा हुआ दिखाया गया है, वह रवैया भी कहीं न कहीं बेचैन करता है। यह रवैया सही नहीं है, लेकिन सच के काफी करीब है। अनुभव सिन्हा ने एक वरिष्ठ अधिकारी के किरदार से टू मच डेमोक्रेसी का संवाद भी कहलवाया है, जो आज के दौर की भाजपा का है, लेकिन भाजपा के पहले शासनकाल में भी शायद यही देश की हकीकत थी।

> भाजपा समर्थकों और भक्त पत्रकारों द्वारा अनुभव सिन्हा को निशाने पर लेने का सिलसिला शुरु हो गया है। एक भयावह घटना को हिंदू-मुसलमान बनाकर पेश करने की कोशिश शुरु हो गई है। अनुभव सिन्हा में स्वघोषित राष्ट्रवादियों, राष्ट्रप्रेमियों, भारत मां के सपूतों, हिंदुत्व के रक्षकों को देश का दुश्मन, हिंदुत्व का शत्रु, वामपंथी नजर आ रहा है। और ऐसा पहली बार नहीं हुआ है।

आईसी 814 सीरीज़ ने वाजपेयी शासनकाल की एक बड़ी नाकामी को जनता को याद दिला दिया है। शाइनिंग इंडिया जैसे नारों के जरिए तो भाजपा की कोशिश यही रही कि कारगिल से लेकर कंधार हाईजैक और संसद पर हमले जैसी तमाम घटनाओं को जनता बुरे ख्वाब की तरह भूल जाए, लेकिन 2004 के चुनाव परिणामों ने बता दिया कि जनता ने इन घटनाओं को याद रखा। हालांकि 2014 में फिर से भाजपा आई और तब से अब तक फिर वही कोशिश शुरु हो गई है। पुलवामा की घटना को 2019 के चुनाव में नरेन्द्र मोदी ने बखूबी इस्तेमाल कर लिया। लेकिन अभी आईसी 814 सीरीज़ को देखकर लगा कि इतने बरसों में कुछ भी नहीं बदला है। तब भी घटना के फौरन बाद प्रधानमंत्री से बात करने की कोशिश होती रही। इतना बड़ा संकट आने के बाद भी देश के मुखिया से संपर्कन हो पाना, विडंबना है या कुछ और, ये सोचना होगा। लेकिन 14 फरवरी 2019 को भी तो ऐसा ही हुआ था। पुलवामा में दोपहर 3 बजकर 10 मिनट पर सैनिकों को ले जा रही बस से विस्फोटक भरी गाड़ी टकराती है और उस वक्त प्रधानमंत्री जिम कार्बेट के जंगलों में मैन वर्सेस वाइल्ड की शूटिंग में व्यस्त थे। शाम सात बजे वे वहां से बाहर निकले। इस बीच 5 बजकर 10 मिनट पर रुद्रपुर में भाजपा के कार्यक्रम को उन्होंने फोन से संबोधित किया। उस भाषण में उन्होंने पुलवामा हमले का कोई उल्लेख नहीं किया। तो क्या श्री मोदी को पुलवामा हमले की जानकारी नहीं थी, या उन्होंने इस बारे में इसलिए नहीं बोला क्योंकि उन्हें डर था कि कहीं विपक्ष इसे मुद्दा न बना ले कि इतना बड़ा हमला होने के बावजूद प्रधानमंत्री डिस्कवरी क्रू के साथ समय बिता रहे थे?

पुलवामा की घटना को पांच साल से ऊपर हो गए हैं, इस बीच कई और गंभीर सवाल इस हमले को लेकर उठे, लेकिन राष्ट्रवाद के नाम पर सब दबा दिए गए। भाजपा तो अब तीसरी बार सत्ता में आ गई है, लेकिन अतीत के कुछ सवाल अब भी उसका पीछा नहीं छोड़ रहे हैं और इसलिए उन सवालों से ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है। जैसे आईसी 814 में अपहृताओं के नामों में भोला और शंकर जैसे नाम क्यों शामिल किए गए, इसे लेकर नेटफ्लिक्स को ही घेर लिया गया। अब नेटफ्लिक्स ने स्पष्ट कर दिया है कि अपहृताओं के असली नाम भी दिखाए जाएंगे। लेकिन इस हाईजैक की एक भुक्तभोगी ने भी बताया है कि दो अपहृताओं को भोला और शंकर के नाम से बुलाया जा रहा था। उन्होंने ये भी कहा है कि सीरीज में विमान के भीतर का जो कुछ दिखाया गया है, उस वक्त सब वैसा ही घटा था, इसमें कोई अतिरेक नहीं बरता गया है।

लेकिन फिर भी भाजपा समर्थकों और भक्त पत्रकारों द्वारा अनुभव सिन्हा को निशाने पर लेने का सिलसिला शुरु हो गया है। एक भयावह घटना को हिंदू-मुसलमान बनाकर पेश करने की कोशिश शुरु हो गई है। अनुभव सिन्हा में स्वघोषित राष्ट्रवादियों, राष्ट्रप्रेमियों, भारत मां के सपूतों, हिंदुत्व के रक्षकों को देश का दुश्मन, हिंदुत्व का शत्रु, वामपंथी नजर आ रहा है। और ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। पहले भी अनुभव सिन्हा की फिल्में विवादों में आ चुकी हैं। अनुभव सिन्हा की आर्टिकल 15, भीड़, मुल्क और थप्पड़ जैसी फिल्में तो ऐसी हैं, जिनसे कई लोगों की दुखती रग पर हाथ पड़ जाता है। सोशल मीडिया के प्रचार तंत्र के जरिए भाजपा को देश की सबसे महान पार्टी, नरेन्द्र मोदी को अवतारित नायक और भाजपा के शासन को असली आजादी का जो मिथ गढ़ा गया है, वो सब ऐसी फिल्मों से भरभराकर गिरने लगता है। अनुभव सिन्हा की तमाम फिल्मों की खासियत यही है कि वे दर्शकों पर कोई विचार थोपते नहीं हैं, बल्कि उसे मंथन करने पर मजबूर कर देते हैं। जबकि मौजूदा शासक यही चाहते हैं कि हिंदुस्तान की जनता विचार-विमर्श से दूर रहे, किसी भी मुद्दे पर अपनी सहज बुद्धि का इस्तेमाल न करे, केवल वही देखे और समझे, जो समाचार चैनलों के जरिए उसे समझाया जा रहा है। चैनल भी दर्शकों के दिमाग पर कब्जा करने में पूरी मेहनत कर रहे हैं। हाल ही में उप्र में आदमखोर भेड़िये को पकड़ने की खबर एक रिपोर्टर ने खुद को जाल में फंसा कर की, इससे पहले युद्ध या बाढ़ जैसी आपात खबरों को स्टूडियो में इसी तरह माहौल बनाकर परोसा जा चुका है। दरअसल इस वक्त मीडिया घराने जिन पूंजीपतियों की पूंजी से संचालित हो रहे हैं, उनके हित साधना सरकार की जिम्मेदारी है। इसलिए पूंजीपति, सरकार, मीडिया इन सबके गठजोड़ से देश चल रहा है। इस व्यवस्था में कोई रचना अगर खलल पैदा करती है, दर्शकों को सवाल करने पर मजबूर करती है, भाजपा के शासन की नाकामी को सामने लाती है, तो जाहिर है उस रचना को देशविरोधी साबित करने की कोशिश की जाएगी। आईसी 814 के साथ इस समय यही कोशिश चल रही है। देखना होगा कि जनता इसमें किस तरह अपने विवेक का इस्तेमाल करती है।

# राजनीति में झूठ बन रहा लोकतंत्र के 'अस्तित्व का खतरा'

■ नन्तू बनर्जी

लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारें अक्सर सोचती हैं कि उनके मतदाता मूर्ख हैं। उनके पास ऐसी धारणा बनाने के अच्छे कारण हो सकते हैं क्योंकि उनमें से बहुत से लोग अपनी व्यक्तिगत पृष्ठभूमि और चारित्रिक विशेषताओं के मामले में वहां रहने के लायक नहीं हैं। उनमें से कई पर तो जघन्य आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। मतदाताओं के पास उम्मीदवारों के चयन में बहुत कम विकल्प होते हैं। वे मतदान केंद्रों पर ऐसे उम्मीदवारों को वोट देने जाते हैं, जो राजनीतिक रूप से झूठे या जोड़-तोड़ करने वाले हो सकते हैं। उम्मीदवारों को अक्सर उनके मतदाता झूठे वायदों पर मोहित होकर या बिक कर चुनते हैं।

कल्पना करें कि अगर राजनीति में झूठ बोलना प्रतिबंधित कर दिया जाये तो सरकार में बैठे उन आदतन झूठ बोलने वालों का क्या होगा जो अर्थव्यवस्था और प्रशासन की झूठी छवि बनाने के लिए आंकड़ों में हेराफेरी करते हैं। लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार, ग्रेट ब्रिटेन के हिस्से वेल्श की नवनिर्वाचित लेबर सरकार ने राजनीति में झूठ बोलने को अवैध बनाने का संकल्प लिया है। वेल्श सरकार ने कहा कि 2026 में अगले सेनेड (वेल्श संसद) चुनावों से पहले 'विश्व स्तर पर अग्रणी' कानून बनाया जायेगा। सेनेड के सदस्यों ने इसे लोकतंत्र में. राजनीति में झूठ बोलने से उत्पन्न 'अस्तित्वगत खतरे' से निपटने के अपने प्रयास में एक ऐतिहासिक क्षण बताया।

वेल्श सरकार द्वारा प्रस्तावित कानून एक स्वतंत्र न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से जानबूझ कर धोखा देने के दोषी पाये गये सदस्यों और उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित करेगा। राजनेताओं द्वारा झूठ बोलने को गैरकानूनी घोषित करने के आह्वान का नेतृत्व कर रहे एक प्रमुख वेल्श राजनेता एडम रॉबर्ट प्राइस ने कहा था: 'जो घोषणा की गई है वह वास्तव में ऐतिहासिक है, विश्व स्तर पर अग्रणी है। हमारी सरकार की ओर से हमारी प्रतिबद्धता है कि हमारा लोकतंत्र राजनेताओं द्वारा धोखे पर सामान्य प्रतिबंध लगाने वाला दुनिया का पहला लोकतंत्र होगा। हम एक वैश्विक आंदोलन की शुरुआत में हैं। हम राजनीतिक झूठ को गैरकानूनी घोषित करने जा रहे हैं।'

> 20वीं सदी के मध्य में एक प्रसिद्ध ब्रिटिश राजनीतिक दार्शनिक और लेबर पार्टी के नेता प्रोफेसर हेराल्ड लास्की ने अंततः मार्क्सवादी बनने से पहले धन शक्ति और झूठ पर आधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था पर अविश्वास किया था। सत्ता पर कब्जा करने के लिए झूठ और धोखे को भुनाने की बात आने पर लोकतांत्रिक सरकार के पीछे असली राजनीतिक अभिनेता अज्ञात बने रह सकते हैं।

उन्होंने कहा कि 'सत्य लोकतंत्र के दिल में है, लेकिन राजनेताओं में विश्वास खत्म हो गया है। यह एक अस्तित्वगत खतरा है।' उन्होंने कहा, 'अगर मतदाता निर्वाचित लोगों की बातों पर भरोसा नहीं कर पाते हैं, तो लोकतंत्र टूटने लगता है।' हालांकि, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड सहित दुनिया भर में लोकतांत्रिक व्यवस्था पर प्रस्तावित वेल्श कानून के प्रभाव की भविष्यवाणी करना अभी जल्दबाजी होगी, जो ग्रेट ब्रिटेन के दो अन्य घटक हैं, लेकिन यह कुछ लोकतांत्रिक देशों में आंदोलन को जन्म दे सकता है।

वेल्श एक बहुत छोटा देश है, जो ग्रेट ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड के यूनाइटेड किंगडम का हिस्सा है। 2021 तक, वेल्श की आबादी 3,107,494 थी और इसका कुल क्षेत्रफल 21,218 वर्ग किलोमीटर था। इसलिए, वेल्श में जो कानूनी रूप से संभव हो सकता है, वह संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत जैसे बड़े लोकतंत्रों में उम्मीद करना असंभव हो सकता है, जहां झूठ बोलना पार्टी की राजनीति का एक अभिन्न अंग है, जो राजनेताओं की आपराधिक प्रवृत्ति को उजागर करता है और बेहद कम अभियोजन और सजा दर दर्ज करता है।

झूठ बोलने वाले राजनेता की पहचान की जा सकती है और उसे पकड़ा जा सकता है, लेकिन ऐसे राजनेताओं द्वारा चलाई जाने वाली झूठ बोलने वाली सरकार के बारे में क्या, जो अक्सर झूठ बोलते हैं और तथ्यों को गलत तरीके से पेश करते हैं? भारत में स्थिति की कल्पना करें, जहां राजनीतिक शासक अपने राजनीतिक और आर्थिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए जनता या मतदाताओं को गुमराह करने के लिए सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों से अक्सर महत्वपूर्ण संख्याओं में हेराफेरी करवाते हैं। यह बढ़ती महंगाई या घटते रोजगार या संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के समय में झूठी खुशी को बढ़ावा देने के लिए किया जा सकता है।

ऐसे सरकारी कार्यों के बारे में क्या जो राष्ट्र की कीमत पर केवल कुछ चुने हुए व्यक्तियों या समूहों को लाभ पहुंचाते हैं? ऐसे कार्यों के पीछे व्यक्तियों की पहचान कैसे की जाये? सरकार अपने सार्वजनिक संचार इरादे के अनुरूप संबंधित टोकरियों को बड़ा या छोटा करके आधिकारिक सूचकांकों में हेराफेरी कर सकती है। उदाहरण के लिए, ऐसे समय में जब खाद्य पदार्थों, सब्जियों, दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स, संचार और यात्रा लागत, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यय और उसकी कीमतें आसमान छू रही हैं, भारत में थोक और खुदरा मूल्य सूचकांक दोनों में बड़ी गिरावट बताई जा रही है। कोई उन्हें उन टोकरियों के आकार पर दोष दे सकता है जिनमें उन दैनिक आवश्यकताओं को शामिल किया गया है। इस तरह के सरकारी धोखे से कैसे निपटें?

लोकतांत्रिक समाज में सरकारी धोखे पर कई बार बहस हुई है, जिससे लोकतांत्रिक दुनिया भर में सार्वजनिक क्षेत्र में झूठ का प्रसार हुआ है। लोग एक चुनी हुई सरकार पर भरोसा करते हैं। सबसे खतरनाक बात यह है कि लोग अपनी चुनी हुई सरकार के भ्रामक कार्यों और बयानों पर भी भरोसा कर लेते हैं। वास्तव में, सरकार के झूठ लोकतांत्रिक व्यवस्था के कामकाज के लिए किसी एक राजनेता के सार्वजनिक झूठ से भी ज़्यादा ख़तरनाक होते हैं। सरकार के झूठ का असर विधायिका और न्यायपालिका पर भी पड़ता है।

धोखा एक संक्रामक बीमारी की तरह फैलता है और विधायिका और न्यायपालिका सहित लोकतंत्र के अन्य स्तंभों को भी अपनी चपेट में ले लेता है। सरकारी झूठ को नियंत्रित करना सबसे मुश्किल होता है। जब कोई सरकार झूठ बोलती है, तो वह सत्ता में बैठे राजनेताओं से लेकर भरोसेमंद नौकरशाहों और कर्मचारियों तक पूरी शासन प्रणाली में फैल जाती है। लगभग पूरी लोकतांत्रिक दुनिया में न्यायपालिका स्पष्ट रूप से इस अवधारणा को खारिज करती है कि संवैधानिक कानून को सरकार की झूठ बोलने की क्षमता को सीमित करने के लिए कुछ करना चाहिए।

मुखबिर संरक्षण कानून, सूचना का अधिकार कानून और नौकरशाही व्यवहार में राजनीतिक हस्तक्षेप को प्रतिबंधित करने वाले मानदंड जैसे तंत्र भले ही अच्छे इरादे वाले हों, लेकिन वे शायद ही ऐसी व्यवस्था में काम करें जो सरकार और उसके चुने हुए राजनीतिक आकाओं को लाभ पहुंचाने के लिए झूठ को बढ़ावा देने पर आमादा हो।

2022 में, इस विषय पर अमेरिका स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय के नाइट फर्स्ट अमेंडमेंट इंस्टीट्यूट द्वारा किये गये विचार-विमर्श ने कुछ प्रासंगिक प्रश्न उठाये थे। उनमें शामिल हैं: क्या संवैधानिक, विधायी या संस्थागत सुधार हैं, जो सरकार की झूठ बोलने की क्षमता को सीमित करने या सरकार के झूठ से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए किये जा सकते हैं? संघीय और राज्य नौकरशाही द्वारा उत्पादित जानकारी की अखंडता को बनाये रखने के लिए यह क्या कर सकता है? एक बेहद पक्षपातपूर्ण राजनीतिक माहौल में, क्या सरकार के झूठ को रोकना या उनके नुकसान को सीमित करना संभव है?

इस प्रकार, राजनीति में झूठ बोलने को अवैध बनाने के लिए वेल्श देश की लेबर सरकार की प्रतिबद्धता पूरी तरह से लोकतांत्रिक व्यवस्था को शुद्ध करने में मदद नहीं कर सकती है। सरकार, व्यवस्था में सबसे शक्तिशाली कार्यकारी निकाय, जिसका उपयोग निर्वाचित राजनेताओं द्वारा छल के साधन के रूप में किया जाता है, सत्ता में पार्टी के लिए राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए झूठ बोलना या सच्चाई को छिपाना जारी रख सकती है।

यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि 20वीं सदी के मध्य में एक प्रसिद्ध ब्रिटिश राजनीतिक दार्शनिक और लेबर पार्टी के नेता प्रोफेसर हेराल्ड लास्की ने अंततः मार्क्सवादी बनने से पहले धन शक्ति और झूठ पर आधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था पर अविश्वास किया था। सत्ता पर कब्जा करने के लिए झूठ और धोखे को भुनाने की बात आने पर लोकतांत्रिक सरकार के पीछे असली राजनीतिक अभिनेता अज्ञात बने रह सकते हैं।



## ललित सुरजन की कलम से

### शिक्षक राष्ट्रपति, शिक्षक प्रधानमंत्री

*'प्रधानमंत्री ने अपने एकपक्षीय व्याख्यान में गुरु-शिष्य परंपरा का बखान किया। यह उस युग की बात है जब गुरु का पद उसी को मिलता था जो प्रभुतासम्पन्न समाज के बच्चों को पढ़ा सके। आखिरकार द्रोणाचार्य ने एकलव्य को अपनी कक्षा में बैठाने से साफ-साफ इंकार कर दिया था। और सांदीपनि की कक्षा में सुदामा सिर्फ इसलिए पढ़ पाए क्योंकि वे द्विज थे। आज की स्थिति तो और बदतर है। आज से लगभग तीस साल पहले वर्ल्ड बैंक के इशारे पर जब नियमित शिक्षकों की भर्ती पूरे देश में बंद कर दी गई और उनका स्थान तदर्थ शिक्षकों ने ले लिया तब से शिक्षा व्यवस्था निरंतर रसातल को जा रही है। आज किसी प्रदेश सरकार के पास यह अधिकार भी नहीं है कि वह शासकीय शालाओं में पूर्णकालिक शिक्षकों की नियुक्ति कर सके।'*

*'प्रथम जैसी संस्था द्वारा जो एसीईआर (असर) रिपोर्ट प्रकाशित होती है वह सरकारी स्कूलों की दुर्दशा का बयान तो करती ही है, लेकिन दुर्दशा के कारणों पर मौन रहती है। बात साफ है। हमने अपनी शिक्षा व्यवस्था पूंजीपतियों के हाथों में सौंपने की पूरी तैयारी कर ली है। देश भर में महंगे से महंगे निजी स्कूल जिन्हें न जाने क्यों पब्लिक स्कूल कहा जाता है, खुल रहे हैं। मुंबई स्थित धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल इसका ज्वलंत उदाहरण है। कुछ समय बाद होगा यह कि साधनहीन बच्चों को पढने् के अवसर ही नहीं होंगे, उनकी शालाएं बंद हो जाएंगी; जो मुंहमांगी फीस देकर पढ़ सकेंगे स्कूल उनके लिए ही होंगे और तब देश में फिर से गुरु-शिष्य परंपरा स्थापित होगी। द्रोणाचार्य पढ़ाएंगे और उनके छात्रों में सौ कौरव होंगे और पांडव सिर्फ पांच।'*

**(देशबन्धु में 10 सितम्बर 2015 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/09/blog-post_12.html

## आज शिक्षक दिवस

### राष्ट्र निर्माण के शिल्पी शिक्षक

शिक्षकों का स्थान सर्वोपरि उन्हें नमन। वैसे तो हर बालक की प्रथम शिक्षिका माता ही होती है पर जीवन के संसार में प्रवेश के बाद शालाओं, पाठशालाओं और विश्वविद्यालय के शिक्षकों की भूमिका उसके संपूर्ण जीवन में बालकों, छात्रों के लिए दिग्दर्शक और श्रेष्ठ नागरिक निर्मित करने की होती है। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा-'कि शिक्षक वह नहीं है जो विद्यार्थी के दिमाग में तथ्यों को बोझ बनाए बल्कि वास्तविक शिक्षक वह है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करें'। 'द फिलॉसफी ऑफ ऑफ उपनिषद, ईस्ट वेस्ट सम रिफ्लेक्शंस, इंडियन फिलासफी, हिंदी व्यू ऑफ लाइफ जैसी गूढ़ किताबों की रचना करने वाले 40 वर्ष तक शिक्षक का कार्य सफलतापूर्वक निर्वहन करने वाले भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस 5 सितंबर को पूरे भारत में शिक्षक दिवस के रूप में हम बड़े आदर श्रद्धापूर्वक मनाते हैं। वर्तमान में शिक्षा के निजीकरण के बाद शिक्षा एक व्यवसाय का रूप लेती नजर आ रही है, इसलिए शिक्षकों को व्यवहार में भी काफी परिवर्तन देखा गया है और यही कारण है कि शिक्षकों के सम्मान एवं आधार में कुछ वर्षों से काफी कमी आई है।

शिक्षक दिवस मनाने का उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों शिक्षकों के महत्व को बताते हुए उन्हें सम्मान देने के लिए प्रेरित करना है बल्कि शिक्षकों को उनकी भूमिका एवं उत्तरदायित्व का आभास भी करवाने के लिए शिक्षक दिवस मनाया जाता है। वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा है विद्यार्थियों में आनंद का भाव और ज्ञान के आनंद को पैदा करना शिक्षकों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण गुण और कार्य है। वैसे तो यह सर्वविदित है कि शिक्षक महोदय का कार्य अध्यापन करना होता है किंतु अध्यापन के उद्देश्य की पूर्ति तब ही हो सकती है जब इसके अतिरिक्त विद्यालय महाविद्यालय की अनुशासन व्यवस्था में सहयोग करके शिष्टाचार का पालन अपने सहकर्मियों के साथ सकारात्मक व्यवहार एवं पाठ्यक्रम के अन्य क्रियाकलापों में भी अपनी सहभागिता एवं सहयोग रखना भी होता है। शिक्षकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह एक आदर्श रूप सदैव धारण किए रहे और अनुशासन, समय की प्रतिबद्धता एवं जितने भी कार्य का दायित्व उसे सौंपा जाए वह उसे 100प्रतिशत निष्ठा और कर्तव्य परायणता के साथ संपादित करें। आज हम यह भूल जाते हैं कि शिक्षक भी एक इंसान ही होता है। वह हर कार्य में संपूर्ण रूप से खरा नहीं उतर सकता फिर ऐसे में किसी व्यक्ति से संपूर्ण रुप से आदर्श व्यक्ति होने की अपेक्षा रखना बेमानी होता है। राष्ट्र निर्माण में जिन शिक्षकों की भूमिका इतनी महत्वपूर्ण होती है और नवोदित बालकों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक एवं राजनेता बनाते तक शिक्षक इनका दिग्दर्शन करते हैं। केवल एक दिन सम्मान देकर भूल जाना कतई उचित नहीं है।

अन्य यूरोपीय देशों में शिक्षक दिवस अलग-अलग दिवसों में मनाया जाता है। शिक्षक और शिक्षा एवं ज्ञान का बुनियादी स्वरूप किसी भी राष्ट्र की शक्ति एवं विकास का आधार स्तंभ होते हैं। किसी भी राष्ट्र की उन्नति के लिए शिक्षा और शिक्षकों के महत्व को आत्मसात करते हुए शिक्षा के कार्य को सभी कार्यों से श्रेष्ठ समझ कर उसे सर्वकालीन सम्मान दिया जाना चाहिए।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

### हर सफल विद्यार्थी के पीछे छिपा होता है एक शिक्षक

शिक्षक दिवस मेरे लिए एक अवसर होता है, जब मैं खुद को एक शिक्षक होने के नाते तराजू पर तौलने का प्रयास करता हूं। वास्तव में एक अच्छे शिक्षक में कौन से गुण होने चाहिए। उन्हें मैंने अपने जीवन में प्राप्त किए हैं या नहीं? यह एक बड़ा सवाल प्रतिवर्ष 5 सितंबर को मुझे आत्मावलोकन के लिए प्रेरणा प्रदान कर रहा होता है! आज विचार कर रहा हूं तो मन में अच्छे शिक्षक की विशेषताएं कौंधने लगी हैं। एक अच्छा शिक्षक बनने के लिए यह जरूरी है कि अपने द्वारा पढ़ाए जाने वाले विषय में महारत हासिल हो। इसके अलावा शिक्षार्थी का मनोविज्ञान समझना, उसकी पारिवारिक पृष्ठभूमि को समझकर उसे बड़े स्नेह से शिक्षा की ओर अग्रसर करते रहना भी शिक्षक का परम कर्तव्य होना चाहिए। सारे बच्चों को बिना भेदभाव के शिक्षा प्रदान करना भी एक शिक्षक का विशेष गुण होना चाहिए। हमारा समाज इस बात को भलीभांति जानता है कि शिक्षक ही बच्चों को हर परिस्थिति का ज्ञान प्रदान करते हैं। उन्हें शारीरिक, व्यक्तित्व और मानसिक शक्ति के साथ जीवनशैली को बेहतर और प्रगाढ़ बनाने का कौशल भी एक शिक्षक ही सिखाया करता है। एक शिक्षक के कुशल मार्गदर्शन में ही बच्चे अपने भविष्य में आने वाली अच्छी या बुरी परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार हो पाते हैं। शिक्षकों के साथ ही शिक्षा के महत्व को उजागर करते हुए लिखा गया है-

येषाम न विद्या, न तपो न दानम।  
ज्ञानम न शीलम, न गुणों न धर्मः,  
ते मर्त्यालोके भूर्विभारभुता, मनुष्य  
रूपेण मृगाश्चरांति।।

अर्थात जिन लोगों के पास न तो विद्या है, न तप, न दान, न शील, न गुण और न ही धर्म वे लोग पृथ्वी पर भार हैं और मनुष्य के रूप में जानवर की तरह घूमते रहते हैं।

इस दुनिया में शिक्षक ही वह ज्ञान का पुंज है, जो एक विद्यार्थी को डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, वकील और कुशल व्यापारी बना सकता है। पूर्ण रूप से शिक्षा प्राप्त युवक ही किसी भी कार्य को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कर सकता है इसलिए कहा जाता है कि एक कुशल व्यक्ति के पीछे एक ज्ञानवान शिक्षक होता है। इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि मेधावी शिष्य के प्रति गुरु का लगाव सहज ही स्थापित हो जाता है। इसे हम अर्जुन और गुरु द्रोणाचार्य के संदर्भ में समझ सकते हैं। शिक्षक पारंपरिक, गैर-पारंपरिक, आध्यात्मिक अथवा उस प्राकृतिक या कृत्रिम स्त्रोत की तरह माने जाते हैं जो स्वयं प्रकाशित होकर अंधेरे में उजास भरने और अंधकार को दूर कर राह दिखाने का काम करते हैं।

**डॉ. सूर्यकांत मिश्रा, राजनांदगांव**


प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770 ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## उत्तर कोरिया ने यूनिसेफ के सहयोग से शुरू किया टीकाकरण अभियान

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के सहयोग से बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान शुरू किया है। यह अभियान उन लोगों के लिए शुरू किया गया है जो कोविड-19 महामारी के कारण महत्वपूर्ण टीकों से वंचित रह गए थे। इस अभियान के तहत 8,00,000 से अधिक बच्चों और 1,20,000 गर्भवती महिलाओं को जीवन रक्षक टीका लगाया जाएगा। इस दौरान डिप्थीरिया, खसरा, रूबेला और हेपेटाइटिस के टीके लगाए जाएंगे। समाचार एजेंसी योनहाप यूनिसेफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से यह जानकारी दी। यूनिसेफ के कार्यकारी प्रतिनिधि रोलैंड कुप्का ने कहा कि यह अभियान हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# देश विदेश

# श्री टेमासेक में सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मिले मोदी



**सिंगापुर,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सिंगापुर के अपने समकक्ष लॉरेंस वोंग के साथ ऐतिहासिक श्री टेमासेक में मुलाकात की, जो सिंगापुर के प्रधानमंत्री का आधिकारिक निवास है। दो देशों की यात्रा पर गए पीएम मोदी बुधवार को ब्रुनेई से सिंगापुर पहुंचे। यहां पहुंचने के कुछ घंटे बाद वह प्रधानमंत्री वोंग से मिले। प्रधानमंत्री मोदी की सिंगापुर की यह पांचवीं यात्रा है। वह आखिरी बार 2018 में यहां आए थे। पीएम मोदी का गुरुवार को सिंगापुर के संसद भवन में आधिकारिक स्वागत किया जाएगा। वह राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री वोंग से मिलेंगे, जिनके पास वित्त मंत्रालय भी है। प्रधानमंत्री मोदी एमेरिटस वरिष्ठ मंत्री गोह चोक टोंग से भी मिलेंगे द्विपक्षीय बैठकों के बाद, प्रधानमंत्री सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन द्वारा आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे, जिसमें सिंगापुर की कंपनियों के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहेंगे। वह सिंगापुर के सेमीकंडक्टर क्षेत्र की महत्वपूर्ण हस्तियों के साथ बातचीत करेंगे और भारत में इंटर्नशिप करने वाले इंडिया रेडी टैलेंट प्रोग्राम में सिंगापुर के छात्रों तथा सिंगापुर की कंपनियों में ओडिशा वर्ल्ड स्किल्स सेंटर के प्रशिक्षुओं से मिलेंगे।

**■ प्रधानमंत्री मोदी का आज सिंगापुर के संसद भवन में आधिकारिक स्वागत किया जाएगा**

प्रधानमंत्री मोदी ब्रुनेई की दो दिवसीय ऐतिहासिक यात्रा पूरी करने के बाद बुधवार दोपहर सिंगापुर पहुंचे। यह ब्रुनेई में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। सिंगापुर पहुंचने पर, प्रधानमंत्री मोदी का गृह मामलों और कानून विभाग के मंत्री के. शानमुगम ने स्वागत किया। होटल में, प्रवासी भारतीयों ने पारंपरिक महाराष्ट्रीयन नृत्य और ढोल के साथ प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत किया।सिंगापुर होटल के बाहर अप्रवासी भारतीय बड़ी संख्या में दिखाई दिए। पीएम मोदी के स्वागत में कलाकारों ने सांस्कृतिक नृत्य भी प्रस्तुत किए। सिंगापुर पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का अलग ही अंदाज देखने को मिला। वह महाराष्ट्र के रंग में रंगे नजर आए। पीएम मोदी ने वहां मौजूद कलाकारों के साथ महाराष्ट्रीयन धुन पर जमकर ढोल बजाया। इतना ही नहीं वह खुद ढोल बजाकर प्रवासी भारतीयों के साथ झूमते हुए भी दिखे। प्रधानमंत्री का यह वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स अलग-अलग रिएक्शन भी दे रहे हैं।

## सिंगापुर में मोदी का दिखा अलग अंदाज, ढोल बजाया, राखी भी बंधवाई

**नई दिल्ली।** ब्रुनेई दौरा पूरा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को सिंगापुर की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर चांगी हवाई अड्डे पर पहुंचे। जहां भारतीय समुदाय ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सिंगापुर होटल के बाहर अप्रवासी भारतीय बड़ी संख्या में दिखाई दिए। पीएम मोदी के स्वागत में कलाकारों ने सांस्कृतिक नृत्य भी प्रस्तुत किए। सिंगापुर पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का अलग ही अंदाज देखने को मिला। वो महाराष्ट्र के रंग में रंगे नजर आए। पीएम मोदी ने वहां मौजूद कलाकारों के साथ महाराष्ट्रियन धुन पर जमकर ढोल बजाया। इतना ही नहीं वो खुद ढोल बजाकर प्रवासी भारतीयों के साथ झूमते हुए भी दिखे। प्रधानमंत्री का यह वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स अलग-अलग रिएक्शन भी दे रहे हैं। सिंगापुर के होटल के बाहर से पीएम मोदी का एक और वीडियो सामने आया है। जिसमें एक महिला प्रधानमंत्री मोदी को राखी बांध रही है। इसके अलावा पीएम मोदी के साथ सेल्फी लेने के लिए लोगों में काफी होड़ भी दिखाई दी। पीएम मोदी जिस होटल में ठहर रहे हैं, वहां मौजूद एक शख्स को उन्होंने ऑटोग्राफ भी दिया। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मिलेंगे। साथ ही उनकी सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से भी मुलाकात होगी। इसके अलावा पीएम मोदी सिंगापुर के व्यवसायियों से भी मुलाकात करेंगे। इससे पहले पीएम मोदी का ब्रुनेई की राजधानी बंदर सेरी बेगवान का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो बच्चियों की बनाई पेंटिंग को देखकर काफी खुश नजर आए थे।



## सुडोकू 6667

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 7 | 3 | | | |
| | | | | | 2 | 3 | 5 | |
| 3 | | | | | | | 7 | |
| | | 2 | 8 | | | | 1 | |
| 6 | 4 | | | | | | 2 | 9 |
| | 8 | | | | 4 | 7 | | |
| | 7 | | | | | | | 6 |
| | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| | | | 4 | 1 | 8 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे से प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 5 सितम्बर , 2024 भाद्र शुक्ल पक्ष 3**

### राशिफल

मेष - लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

वृषभ - आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

मिथुन - मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। वैचारिक तूफानों से मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। अत्यधिक भावनाशीलता आपकी दृढ़ता को कमजोर करेगी।

कर्क - शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। मित्रों एवं स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। दोस्तों से लाभ होगा। शुभ काम का आरंभ करने के लिए आज का दिन अनुकूल है।

सिंह - पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। स्त्री मित्रों से विशेष मदद मिल सकेगी। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे।

कन्या - आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

तुला - आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें। वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे- संबंधियों के साथ अनबन होगा।

वृश्चिक - नौकरी- धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

धनु - आज आपकी यश, कीर्ति और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा।

मकर - बौद्धिक काम या साहित्य लेखन जैसी प्रवृत्तियों के लिए आज अनुकूल दिन है। आपके व्यवसाय में नई विचारधारा आपके कामों को नया स्वरूप देंगे। शारीरिक थकान महसूस होगी। संतान की समस्या आपको परेशान करेगी।

कुंभ - आज आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। झगड़े-विवाद से बचें, क्रोध और वाणी पर संयम रखें। पारिवारिक वातावरण दूषित रहेगा। आर्थिक तंगी का अनुभव होगा।

मीन - दैनिक कामों से बाहर आकर आज आप बाहर घूमने-फिरने और मनोरंजन प्रवृत्तियों के लिए समय निकालेंगे। इसमें परिजनों और मित्रों को भी शामिल करेंगे, जो उनके लिए भी आनंदप्रद रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## उत्तर कोरिया में बाढ़ रोकने में नाकाम रहने पर 30 अधिकारियों को फांसी का आदेश

**प्योंगयांग,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक बार फिर तानाशाही फरमान जारी किया है। उन्होंने बाढ़ और भूस्खलन रोकने में नाकाम रहने वाले 30 अधिकारियों को फांसी देने का आदेश दिया है।

**■ बाढ़ और भूस्खलन के कारण एक हजार लोगों की मौत हो गई है**

स्थानीय मीडिया ने बताया कि देश में बाढ़ और भूस्खलन के कारण एक हजार लोगों की मौत हो गई है। उत्तर कोरिया के टीवी चोसुन ने एक अधिकारी के हवाले से बताया कि भ्रष्टाचार और काम में लापरवाही बरतने के आरोप में 20 से 30 अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई गई है। अधिकारी ने टीवी चोसुन को बताया कि पिछले महीने के अंत में बाढ़ प्रभावित इलाके में 20 से 30 कैडरों को मौके पर ही फांसी दे दी गई थी। इससे पहले किम जोंग उन ने बाढ़ और भूस्खलन के कारण मृत्यु दर में हुई बढ़ोत्तरी और 15 हजार से अधिक लोगों के विस्थापित होने के बाद अधिकारियों को कड़ी सजा देने का आदेश दिया था। सिनुइजू और उत्तरी फ्योंगान प्रांत के उइजू काउंटी में भारी बारिश हुई। इसके चलते 4,100 घर; 7,410 एकड़ कृषि भूमि और कई इमारतें, सड़कें और रेल पटरियां जलमग्न हो गई थीं। दक्षिण कोरियाई मीडिया आउटलेट्स ने बताया कि बाढ़ और भूस्खलन के कारण मरने वालों या लापता लोगों की संख्या लगभग एक हजार से अधिक हो सकती है। हाल ही में किम जोंग उन ने बाढ़ पीड़ितों से मिलने और सहायता प्रदान करने के लिए उइजू काउंटी का दौरा किया था।




उन्होंने उत्तर कोरिया में बाढ़ से हुए भयंकर नुकसान पर आई दक्षिण कोरियाई मीडिया की रिपोर्टों की निंदा की थी। किम ने इन रिपोर्टों को मनगढ़ंत और राजनीति से प्रेरित बताया था। इस बीच उत्तर कोरिया को चीन, रूस और दक्षिण कोरिया से सहायता की पेशकश की गई थी, लेकिन किम जोंग ने किसी भी तरह की सहायता लेने से इनकार कर दिया था। हालांकि, उन्होंने मदद की पेशकश के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का आभार जताया था। किम ने कहा कि वह जरूरत पड़ने पर मदद मांगेंगे। कोविड-19 के बाद से उत्तर कोरिया में फांसी की सजा की घटनाएं बढ़ गई हैं। कोरिया टाइम्स के अनुसार, महामारी से पहले देश में हर साल औसतन 10 लोगों को फांसी दी जाती थी, महामारी के बाद बढ़कर 100 तक पहुंच गई है।

## ताज़ा खबर' सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज हुआ



**मुंबई** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। वस्या और उसके वरदान के बीच आएगी उसकी किस्मत या कोई दुश्मन चमत्कार और जादू की एक कहानी, जिसने वस्या को लालच और अकड़ के सफर पर पहुँचा दिया, लेकिन क्या वह सिर्फ एक दिखावा था बेहद प्रतीक्षित हॉटस्टार स्पेशल्स ताज़ा खबर अपने सीजन 2 के साथ 27 सितंबर, 2024 को डिज़्नी+ हॉटस्टार पर लौट रहा है। वस्या की किस्मत और वरदान को युसुफ अख्तर नाम के एक ताकतवर आदमी से चुनौती मिलेगी। वस्या और उसके परिवार की जिन्दगी पर एक बार फिर खतरा मंडराएगा। क्या वस्या लड़ पाएगा या वरदान इस बार भी उसका साथ देगा रोहित राज और भुवन बम द्वारा बीबी की वाइन्स प्रोडक्शंस के बैनर तले निर्मित और हिमांक गौड़ द्वारा निर्देशित इस सीरीज में श्रिया पिलगांवकर, प्रथमेश परब, देवेन भोजानी और शिल्पा शुक्ला की भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं। दिग्गज अभिनेता जावेद जाफरी दबंग और दमदार युसुफ अख्तर की भूमिका निभा रहे हैं, जोकि वस्या के लिये बड़ा खतरा पैदा करेगा। यह सीजन दर्शकों को बेहद रोमांचित करने वाला है, क्योंकि युसुफ अख्तर के साथ वस्या की सबसे बड़ी टक्कर होगी।

## वर्ग पहेली 6667



**बायें से दायें:-**

१. हिमाकत, हानिकर या अनुचित, साहस,धृष्टता
३. कानूनी,विधिसम्मत
५. अवहेलना, अवसान
६. खुशामद बसंद (उर्दू)
७. देखना
९. एक तीक्ष्ण गंध वाला खनिज जिससे बारूद आदि बनाया जाता है
१०. वह यज्ञ जिसमें मनुष्यों की बलि दी जाती है
१२. बढ़िया,श्रेष्ठ
१३. वगैरह
१४. फैलाना
१६. पर्यन्त
१८. वरयात्रा
२०. निषेध
२१. रुचि के अनुकूल
२३. श्रीकृष्ण, शिव

**ऊपर से नीचे:-**

१. अपशब्द, गाली
२. आक्रमणकारी
३. विज्ञान संबंधी, विज्ञान का ज्ञाता
४. झरना
५. एक पौधा, जिसकी जड़ दवा के काम आती है
८. नाना का पिता
१०. पुत्री का पुत्र
११. भेड़ या बकरी का बच्चा
१२. ऊगा हुआ
१३. ठेका, पट्टा, एकाधिकार
१४. मशविरा
१५. जिसमें खून न हो
१७. दाग, धब्बा
१८. एक प्रकार का खाद्यान्न
१९. वृक्ष, पेड़
२२. ध्वनि, शब्द

### वर्ग पहेली-6666

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ वि | वा | २ दा | स्प | ३ द | ■ | ४ प | रि | ५ सं | ख्या |
| व | ■ | र | ■ | ६ र | ग | ड़ | ■ | जी | ■ |
| ७ र | ह | म | ■ | ■ | ■ | ८ ता | बे | दा | ९ र |
| ण | ■ | दा | ■ | १० हा | सि | ल | ■ | ■ | हा |
| ■ | ११ प | र | १२ स्प | र | ■ | ■ | १३ क | फ | स |
| ■ | ह | ■ | र्श | ■ | १४ ज | न | नी | ■ | मू |
| १५ म | ल | १६ य | ज | ■ | र्ज | ■ | १७ ज | १८ ग | ह |
| ज | ■ | म | ■ | १९ प | र | २० त | ■ | वा | ■ |
| २१ दू | स | रा | ■ | ठि | ■ | २२ प | री | क्ष | २३ क |
| र | ■ | २४ ज | न्मां | त | र | ■ | ■ | ■ | र्ज |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## कैमरून सड़क दुर्घटना में 8 की मौत, 50 से अधिक घायल

**याउंडे,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। कैमरून में बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि यह सड़क दुर्घटना क्षेत्र के दसचांग शहर में हुई। तेज रफ्तार यात्री बस के पहाड़ी से उतरते समय ब्रेक फेल हो जाने के कारण हादसा हुआ।

बस फोम्बन शहर से निकली थी और देश के सबसे बड़े शहर डौआला की ओर जा रही थी। चश्मदीद ने शिन्हुआ को बताया कि पीड़ितों में से कुछ छात्र छुट्टियों से लौट रहे थे। दुर्घटना के कारण की अभी भी जांच चल रही है। देश के परिवहन मंत्रालय के अनुसार, अफ्रीकी देश में हर साल लगभग 1,500 लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाती है। जून में कैमरून ने देश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए थे। अतिरिक्त यातायात अधिकारियों की तैनाती समेत सख्त उपायों की शुरुआत करते हुए सड़क सुरक्षा और रोकथाम अभियान शुरू किया गया।23 फरवरी को, कैमरून में एक राजमार्ग पर बस की दूसरे वाहन से आमने-सामने टक्कर हो गई थी। उस सड़क दुर्घटना में भी कई लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की खबर सामने आई थी। कैमरून में सड़क दुर्घटनाएं आम हैं जो अक्सर लापरवाही से गाड़ी चलाने, वाहनों और सड़कों की खराब स्थिति के साथ-साथ ओवरलोडिंग के कारण होती हैं।

## यमन में हाउती विद्रोहियों की एक और मिसाइल तंत्र किया नष्ट : अमेरिका

**सना,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका की केंद्रीय कमान ने बुधवार को यमन में अमेरिकी नौसेना द्वारा हाउती विद्राहियों के एक मिसाइल तंत्र को नष्ट करने का दावा किया। यूएससीईएनटीकॉम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पिछले 24 घंटों में बलों ने यमन के हाउती-नियंत्रित क्षेत्र में ईरान समर्थित हाउती मिसाइल प्रणाली को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। यह निर्धारित किया गया था कि यह प्रणाली अमेरिकी और गठबंधन बलों और क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों के लिए एक बड़ा खतरा पेश करती है। पिछले दो दिनों में अमेरिकी सैन्य हमलों द्वारा नष्ट की गई यह तीसरी हाउती मिसाइल प्रणाली थी। इस बीच, यमन के मध्य प्रांत इब्ब के निवासियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बताया कि एक लड़ाकू जेट ने मंगलवार को प्रांत में हाउती -नियंत्रित अल-हमजा सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना बनाकर हवाई हमला किया। हाउती समूह, जो इब्ब और राजधानी सना सहित कई अन्य उत्तरी प्रांतों को नियंत्रित करता है, ने इस बारे में अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

## आज का इतिहास

1666-इंग्लैंड के लंदन में लगी भीषण आग में 13,200 घर क्षतिग्रस्त हो गये।
1836-मशहूर अमेरिकी राजनीतिज्ञ सैम ह्यूस्टन टेक्सास गणराज्य के नए राष्ट्रपति नियुक्त किए गए।
1839-चीन और ब्रिटेन के बीच प्रथम अफीम युद्ध की शुरुआत हुई।
1882-पहला अमेरिका श्रम दिवस परेड न्यूयॉर्क शहर में आयोजित किया गया।
1885-अमेरिका के इंडियाना स्थित फोर्ट वेयन में पहली बार गैसोलीन पंप की स्थापना की गई।
1887-इंग्लैंड के थिएटर रॉयल एक्सेटर में आग लगने से 186 लोगों की मौत।
1888-भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म तमिलनाडु के छोटे से गांव तिरुमनी में ब्राह्मण परिवार में हुआ।
1914-विश्व के पांच देशों ब्रिटेन, फ्रांस, बेल्जियम और रूस ने लंदन संधि पर हस्ताक्षर किये थे।
1920-मेक्सिको में राष्ट्रपति चुनाव आरम्भ हुआ।
1948 रॉबर्ट सुमन फ्रांस के प्रधानमंत्री बने।
1960-अमेरिकी मुक्केबाज मोहम्मद अली ने रोम ओलिंपिक्स में 175-पाउंड कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। इसके बाद उन्होंने प्रोफेशनल करियर चुना और नामी मुक्केबाज बन गए।
1962-भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म। पूरे भारत में प्रतिवर्ष पांच सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है।
1969-पहली स्वचालित टेलर मशीन अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के रॉकविल केंद्र में स्थापित की गई।

**जंग** रूस ने यूक्रेन पर किया मिसाइल हमला

# हमले में 51 लोगों की मौत, 271 घायल

**कीव, 4 सितम्बर (एजेंसियां)। रूस ने यूक्रेन पर कई मिसाइल हमले किए। हमले में 51 लोगों की मौत हो गई और 271 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह हमला यूक्रेन के मध्य भाग में स्थित एक सैन्य शिक्षण संस्थान पर किया गया था। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से यह अब तक का सबसे घातक हमला में से एक है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक पोस्ट में बताया कि उन्हें पोल्टावा में एक रूसी हमले की जानकारी मिली है। हमले में एक शैक्षिक संस्थान और एक नजदीकी अस्पताल को निशाना बनाया।**

हमले में दूरसंचार संस्थान की एक बिल्डिंग भी आंशिक रूप से नष्ट हो गई। राष्ट्रपति ने कहा कि हम उन लोगों से बार-बार कह रहे हैं जो इस आतंक को रोक सकते हैं कि यूक्रेन को हवाई हमलों से बचाने के लिए हवाई रक्षा प्रणाली और मिसाइलों की जरूरत है। उन्हें यह जल्दी से जल्दी मिलनी चाहिए, न कि उन्हें किसी गोदाम में रखा जाए। उन्होंने कहा कि मुझे पोल्टावा में रूसी हमले की शुरुआती रिपोर्ट मिली है। दो बैलिस्टिक मिसाइलों ने क्षेत्र पर हमला किया। पोल्टावा क्षेत्र के सैन्य प्रशासन के प्रमुख फिलिप प्रोनिन ने टेलीग्राम पर लेटेस्ट मृतकों की संख्या की घोषणा की है। बताया कि बचाव दल मलबे को साफ करने और दबे हुए लोगों को खोजने में लगे हुए हैं। उनका कहना है कि मलबे के नीचे 18 और लोग हो सकते हैं। सैन्य शैक्षिक संस्थान के कम से कम 10 आवासीय भवनों को नुकसान पहुंचा है। मॉस्को ने इस हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन एक प्रसिद्ध रूसी सैन्य ब्लॉगर व्लादिमीर रोज़ोव ने मंगलवार को रिपोर्ट किया कि रूस ने पोल्टावा में एक सैन्य स्कूल पर हमला किया। राष्ट्रपति ने हमले के बाद राहत कार्य में मदद करने वालों के प्रति आभार भी व्यक्त किया।



**■ बचाव दल दबे हुए लोगों को खोजने में लगे हुए हैं**

## यूक्रेन के विदेश मंत्री ने इस्तीफा दिया

**कीव।** यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यूक्रेनी संसद के अध्यक्ष रुसलान स्टेफनचुक ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के वेरखोव्ना राडा (संसद) को विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा के इस्तीफे पर उनका बयान मिला है। उनके अनुरोध पर अगले पूर्ण सत्र में विचार किया जाएगा। गौरतलब है कि यूक्रेन और रूस के बीच फरवरी 2022 से युद्ध जारी है। इस दौरान दोनों ही देशों में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं। साथ ही, कई राजनीतिक और रणनीतिक बदलाव दर्ज किये गए हैं।

## दुनिया को जानें

### चीन में 3 स्थानों को 100 विश्व भूवैज्ञानिक विरासत स्थलों के दूसरे बैच की सूची में शामिल

**बीजिंग,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। चीनी विज्ञान अकादमी के नानजिंग भूविज्ञान और जीवाश्म विज्ञान संस्थान के एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि हाल ही में दक्षिण कोरिया के बुसान में आयोजित 37वीं अंतर्राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक कांग्रेस में, चीन में तीन भूवैज्ञानिक विरासत स्थलों को 100 विश्व भूवैज्ञानिक विरासत स्थलों के दूसरे बैच की सूची में चुना गया था, जिसमें जीवाश्म विज्ञान, भू-आकृति विज्ञान और भूवैज्ञानिक गतिविधि प्रक्रियाओं जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इस बार चुने गए चीन के तीन भूवैज्ञानिक विरासत स्थल हैं : भीतरी मंगोलिया में प्लांट पोम्पेई - उदा पर्मिअन वनस्पति जीवाश्म उत्पत्ति, सछ्वान में ज़िगोंग दाशानफू डायनासोर जीवाश्म समूह साइट, और गुआंगशी में क्वेईलिन कार्स्ट। भूवैज्ञानिक विरासत स्थल अंतरराष्ट्रीय महत्व के भूवैज्ञानिक अवशेषों और भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं के प्रमुख क्षेत्रों को संदर्भित करते हैं। वे दर्शाते हैं कि भूवैज्ञानिक विरासत स्थल का अंतरराष्ट्रीय भूवैज्ञानिक मूल्य सबसे अधिक है और अनुसंधान स्तर और प्रभावी ढंग से संरक्षित किया जाए। अब तक, चीन में कुल 10 भूवैज्ञानिक विरासत स्थलों को इस सूची के लिए चुना गया है।

# प्रादेशिकी

## लंबित सभी कार्यों की औपचारिकताएं शीघ्र करें पूर्णः बैरवा

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने वन अधिकार अधिनियम के तहत मंजूरी के लिए लंबित सभी कार्यों की औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। इसके साथ ही कांगड़ा जिला के विभिन्न क्षेत्रों में पन बिजली परियोजनाओं के संचालकों को भी वन अधिकार अधिनियम के तहत औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बाबत बुधवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित वन अधिकार अधिनियम के तहत लंबित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री बैरवा ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के तहत सभी यूजर्स एजेंसियां अनुपालना सुनिश्चित करें। श्री बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में चार वन मंडलों धर्मशाला, नुरपुर, देहरा तथा पालमपुर के तहत विभिन्न विकास कार्यों के लिए वन अधिकार अधिनियम के तहत लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए गए हैं तथा इसकी सूचना जिला स्तर की बैठक में अनिवार्य तौर पर देने के लिए भी कहा गया है ताकि विकास कार्यों को गति प्रदान की जा सके।

# भाजपा के 67 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को करनाल की बजाय लाडवा विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया



हरियाणा चुनाव

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर 67 उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी ने इस बार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को करनाल की बजाय लाडवा विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है।

हरियाणा उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट में भाजपा ने कई पूर्व सांसदों के साथ ही जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) छोड़कर पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं को भी मैदान में उतारा है। पार्टी ने टिकट बंटवारे में अपने कई दिग्गज नेताओं का भी ख्याल रखा है। भाजपा उम्मीदवारों की लिस्ट में मुख्यमंत्री सैनी के बाद दूसरे नंबर पर शक्ति रानी शर्मा हैं, जिन्हें कालका विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। शक्ति रानी शर्मा अंबाला की मेयर हैं और निर्दलीय राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा की मां हैं, जिन्होंने हाल ही में भाजपा का दामन थामा था। दोनों ने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होने से कुछ घंटे पहले ही भाजपा मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। भाजपा ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को रतिया विधानसभा सीट से, पूर्व सांसद अरविंद शर्मा को गोहाना, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु को नारनौंद, ओम प्रकाश धनखड़ को बादली, कुमारी आरती सिंह राव को अटेली, राव नरबीर सिंह को बादशाहपुर, कुलदीप बिश्नोई के बेटे भव्य बिश्नोई को आदमपुर, हाल ही में भाजपा में शामिल होने वाले पूर्व जेल अधिकारी सुनील सांगवान को दादरी एवं संजय कबलाना को बेरी, श्रुति चौधरी को तोशाम और देवेंद्र सिंह बबली को टोहाना से उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा ने अंबाला कैंट से पार्टी के दिग्गज नेता अनिल विज, अंबाला शहर से असीम गोयल, जगाधरी से कंवरपाल गुर्जर, इसराना से कृष्ण लाल पंवार, जींद से कृष्ण लाल मिड्ढा, उचाना कला से देवेंद्र अत्री, टोहाना से देवेंद्र सिंह बबली, हांसी से विनोद भयाना, लोहारू से जेपी दलाल, मेहम से दीपक हुड्डा, कलानौर से रेनू डाबला, झज्जर से कप्तान बिरधाना, गुड़गांव से मुकेश शर्मा, सोहना से तेजपाल तंवर, पलवल से गौरव गौतम और तिगांव से राजेश नागर सहित अपनी पहली लिस्ट में कुल 67 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं।

### भाजपा उम्मीदवारों की सूची

**विधानसभा सीट-उम्मीदवार**
- लाडवा- नायब सिंह सैनी
- कालका - शक्ति रानी शर्मा
- पंचकुला - ज्ञान चंद गुप्ता
- अंबाला कैंट- अनिल विज
- अंबाला शहर - असीम गोयल
- मुलाना (एससी)- संतोष सरवन
- सढ़ौरा (एससी) - बलवंत सिंह
- जगाधरी - कंवर पाल गुर्जर
- यमुनानगर - घनश्याम दास अरोड़ा
- रादौर - श्याम सिंह राणा
- शाहबाद (एससी) - सुभाष कलसाना
- थानेसर - सुभाष सुधा
- पेहोवा-सरदार कमलजीत सिंह अजराना
- गुहला (एससी)-कुलवंत बाजीगर
- कलायत - कमलेश ढांडा
- कैथल - लीला राम गुर्जर
- नीलोखेड़ी (एससी)-भगवान दास कबीरपंथी
- इंद्री - राम कुमार कश्यप
- करनाल - जगमोहन आनंद
- घरौंडा - हरविंदर कल्याण
- पानीपत ग्रामीण - महिपाल ढांडा
- पानीपत शहर-प्रमोद कुमार विज
- इसराना (एससी)-कृष्ण लाल पंवार
- समालखा - मनमोहन भड़ाना
- खरखौदा (एससी) - पवन खरखौदा
- सोनीपत-निखिल मदान
- गोहाना - डॉ. अरविन्द शर्मा
- सफीदों - राम कुमार गौतम
- जींद - डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा
- उचाना कलां - देवेन्द्र अत्री
- टोहाना - देवेन्द्र सिंह बबली
- फतेहाबाद - डूडा राम बिश्नोई
- रतिया (एससी) - सुनीता दुग्गल
- कालांवाली (एससी) - राजिंदर देशुजोधा
- रानिया - शीशपाल कंबोज
- आदमपुर - भव्य बिश्नोई
- उकलाना (एससी) - अनूप धानक
- नारनौंद - कैप्टन अभिमन्यु
- हांसी - श्विनोद भयाना
- बरवाला- रणवीस गंगवा
- हिसार- डॉ कमल गुप्ता
- नलवा- रणधीर पनिहार
- लोहारू- जेपी दलाल
- बधरा- उमेद पातुवास
- दादरी- सुनील सांगवान
- भिवानी- घनश्याम सर्राफ
- तोशाम- श्रुति चौधरी
- बवानी खेड़ा- कपूर वाल्मीकि
- मेहम- दीपक हुडा
- गढ़ी सांपला-किलोई- मंजू हुडा
- कलानौर- रेनू डाबला
- बहादुरगढ़- दिनेश कौशिक
- बादली- ओमपकाश धनखड़
- झज्जर- कप्तान बिरधाना
- बेरी- संजय कबलाना
- अटेली- कुमारी आरती सिंह रवि
- नांगल चौधरी- डॉ अभय सिंह यादव
- कोसली- अनिल दहिना
- रेवाड़ी- लक्ष्मण सिंह यादव
- बादशाहपुर- राव नरबीर सिंह
- गुड़गांव- मुकेश शर्मा
- सोहना- तेजपाल तंवर
- पलवल- गौरव गौतम
- पृथला- टेकचंद शर्मा
- बल्लभगढ़- मूलचंद्र शर्मा
- फरीदाबाद- विपुल गोयल
- तिगांव- राजेश नागर
- संतोष.सचिन.संजय

# देवभूमि में अपराध करने वाले को बख्शा नहीं जाएगाः धामी

## मुख्यमंत्री ने किया पुलिस मुख्यालय का औचक निरीक्षण

**देहरादून,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस मुख्यालय में औचक निरीक्षण करते हुए कहा कि पुलिस को कार्य करने के लिए बेहतर वातावरण मिलना चाहिए। बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पुलिस मुख्यालय पहुंचे। मुख्यमंत्री के औचक निरीक्षण के चलते अधिकारियों को भी जानकारी नहीं थी कि अचानक मुख्यमंत्री इस तरह पुलिस मुख्यालय पहुंच जाएंगे। मुख्यमंत्री की गाड़ी जैसे ही पुलिस मुख्यालय पहुंची तो पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने उनका स्वागत किया। इस दौरान एडीजी एडमिन अमित सिन्हा, एडीजी वी.मुरुगेशन और एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था ए पी अंशुमन मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के पुलिस मुख्यालय में पहुंचते ही राजधानी और पुलिस मुख्यालय के तमाम आईपीएस अधिकारी पुलिस मुख्यालय की ओर नजर आए। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों के कक्ष का भी मुआयना किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निरीक्षण के बाद उत्तराखंड पुलिस के सभी उच्चाधिकारियों के साथ बैठक ली। मीडिया से बात करते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि किसी भी राज्य की पुलिस संसाधनों से युक्त होनी चाहिए और पुलिस को कार्य करने के लिए बेहतर वातावरण मिले यह भी जरूरी है। उनके औचक निरीक्षण का उद्देश्य यही था कि पुलिस की कार्यप्रणाली को गहनता से देखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा आपराधिक घटनाओं के अनावरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अधिकारियों के साथ बैठक में निर्देश दिये हैं कि जरूरतमंद व्यक्ति को सुलभ न्याय मिलना चाहिए तथा कानून व्यवस्था को दुरूस्त किया जाये। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही पुलिस की ट्रेनिंग पर भी ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि उन्होंने जिन थानों में अपनी नौकरी की शुरूआत में ट्रेनिंग की है उक्त थानों का निरीक्षण कर उनको परखे कि उस समय से अब तक उक्त थानों में कोई परिवर्तन हुआ है या नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही पुलिस कर्मचारियों के आवास के लिए एक सौ करोड रूपये की धनराशि दी जायेगी जिससे पुलिस कर्मियों को आवास की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकरियों को निर्देश दिये गये हैं कि सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई जाए साथ ही आवंछित तत्वों पर सख्त कार्यवाही की जाये। सीएम ने कहा कि देवभूमि के स्वरूप को किसी भी तरह बदलने नहीं दिया जायेगा। इसके लिए सख्त कदम उठाये जायेंगे। पुलिस कर्मियों के लिए विभागीय और आवासीय भवनों को बनाने के लिए बजट जारी किया गया है। पुलिस की जो भी डिमांड है उस पर भी सरकार कार्य कर रही है।

**■ मुख्यमंत्री धामी ने निरीक्षण के बाद उत्तराखंड पुलिस के सभी उच्चाधिकारियों के साथ बैठक ली**



**सार संक्षेप**

### भारी मलबा और पत्थर आने से गंगोत्री व बदरीनाथ हाईवे बाधित

**उत्तरकाशी।** भारी मलबा पत्थर आने से गंगोत्री-यमुनोत्री और बदरीनाथ हाईवे बाधित हो गए हैं। यहां कई वाहन फंसे हैं, जिस कारण लोग हाईवे खुलने के इंतजार में बैठे हैं। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग गंगोरी से आगे गर्म पानी के पास मलबा व पत्थर आने के कारण बाधित है। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भी जर्जर गाड़ के पास मलबा व पत्थर आने से बंद है। इसके अलावा कर्णप्रयाग गौचर के पास कमेड़ा मे बदरीनाथ हाईवे पर आवाजाही ठप हो गई है। यहां सुबह से वाहनों की लंबी कतार लगी है। बीते साल से इस हिस्से में लगातार भूस्खलन हो रहा है। अतिवृष्टि से सड़क का एक बड़ा हिस्सा बह गया था। तब से यहां पर स्थायी ट्रीटमेंट नहीं हो पाया है। ऐसे मे बारिश के चलते पहाड़ी से मलबा आ रहा है।मंगलवार रात को हुई बारिश से यहां मलबा आ गया, जिससे सड़क बंद हो गई। एनएच सड़क खोलने में जुटा है। वहीं यमुनोत्री हाईवे जगह-जगह मलबा पत्थरों के आने से मध्य रात्रि से आवाजाही के लिए बंद है। श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय लोग हाईवे खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

### नशीली दवाओं के निपटने के मुद्दे पर इंटरैक्टिव सम्मेलन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मादक द्रव्यों के सेवन के बढ़ते मुद्दे से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम में, राज्य ज्ञान विज्ञान केंद्र (एसआरसी) विभिन्न सरकारी विभागों, नागरिक समाज संगठनों और आंदोलनों के सहयोग से आठ सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस (आईएलडी) पर यहां बचत भवन में एक इंटरैक्टिव सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। 'मादक द्रव्य (नशीली दवाओं) के दुरुपयोग के खतरे से कैसे निपटें और हमारी भावी पीढ़ी को कैसे बचाएं' विषय पर केंद्रित इस सम्मेलन का उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग की गंभीर चुनौती का समाधान करने के लिए विशेषज्ञों, हितधारकों और संबंधित नागरिकों को एक साथ लाना है, जो लगातार दावा किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में रहते हैं और समुदायों को बाधित करते हैं। हाल की खबरें नशीली दवाओं से संबंधित त्रासदियों-अत्यधिक खुराक, दुर्घटनाओं और चिट्टा जैसे नशीले पदार्थों की महत्वपूर्ण जब्ती की खबरों से भरी हुई हैं, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है।

### सुडोकू 6667 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 5 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 6 |
| 9 | 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 7 |


## लंबे इंतजार के बाद पीसीएस अधिकारियों की हुई डीपीसी

**देहरादून,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड में लंबे समय से प्रमोशन का इंतजार कर रहे प्रोविंशियल सिविल सर्विस (पीसीएस) अधिकारियों के लिए आज का दिन बेहद खास रहा है। उत्तराखंड शासन ने राज्य के कई पीसीएस अधिकारियों की डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी (डीपीसी) की है। इसके बाद इन अधिकारियों को प्रमोशन का लाभ मिलने जा रहा है। हालांकि, पीसीएस अधिकारी काफी समय से डीपीसी होने की राह देख रहे थे। लेकिन तमाम तकनीकी कारणों से औपचारिकताएं पूरी नहीं हो पा रही थी। ऐसे में अब आखिरकार शासन ने विभिन्न कागजी कार्रवाई को पूरा करते हुए बुधवार को डीपीसी कर दी है।शासन ने कुल 43 पीसीएस अफसरों की डीपीसी की है। जिनमें 8700 ग्रेड पे पर 29 पीसीएस अधिकारियों के नाम पर विचार किया गया। इस तरह कुल 14 पीसीएस अफसर ऐसे थे, जिन्हे 7600 ग्रेड पे पर प्रमोशन देने के लिए डीपीसी में चर्चा की गई थी। जानकारी के मुताबिक, 8700 ग्रेड पे पर कुल 29 पीसीएस अधिकारियों के नाम पर विचार किया गया था। लेकिन दो पीसीएस अधिकारियों पर विभिन्न जांच गतिमान होने के चलते उनका लिफाफा बंद रखा गया है।

## हाईकोर्ट ने वन मित्रों की भर्ती के लिए रखे 10 अंकों के साक्षात्कार को अवैध ठहराते हुए किया खारिज

**शिमला,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश हाईकोर्ट ने वन मित्रों की भर्ती के लिए रखे 10 अंकों के साक्षात्कार को अवैध ठहराते हुए इसे खारिज कर दिया है। न्यायाधीश बिपिन चंद्र नेगी ने साक्षात्कार के प्रावधान को खारिज करते हुए कहा कि सरकार ने अपने दिमाग का इस्तेमाल किए बगैर इन भर्तियों के लिए 10 अंकों का साक्षात्कार लेने का निर्णय लिया। कोर्ट ने पाया कि सरकार ने इन भर्तियों के लिए साक्षात्कार लेने का निर्णय बिना विशेषज्ञों की रिपोर्ट के ले लिया क्योंकि सरकार ने ही वर्ष 2017 में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भर्ती के लिए साक्षात्कार न लेने का नीतिगत फैसला लिया था। इसलिए सरकार का केवल इन भर्तियों के लिए साक्षात्कार लेने का निर्णय भेदभाव पूर्ण है। हाईकोर्ट ने सरकार को आदेश दिए कि यह भर्तियां बिना साक्षात्कार के तय प्रक्रिया के अनुसार की जाए। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद वन विभाग के तहत होने जा रही 2061 वन मित्रों की भर्तियों का रास्ता साफ हो गया है। मामले के अनुसार प्रार्थी दीक्षा पंवर ने आरोप लगाया था कि वन विभाग वन मित्रों की भर्ती के लिए साक्षात्कार करवाने जा रही है जबकि 17 अप्रैल 2017 को प्रदेश सरकार ने तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए साक्षात्कार न लेने की अधिसूचना जारी की थी। आरोप था कि सरकार द्वारा जारी उक्त अधिसूचना के विपरीत वन विभाग 10 अंकों का साक्षात्कार करवा कर अपने चहेतों हो लाभ पहुंचाना चाहता है। वन विभाग का कहना था कि वन मित्र नियमित पद नहीं है और न ही इनकी सेवा शर्तें नियमित कर्मचारियों की तरह है, इसलिए इन पदों के लिए साक्षात्कार रखे गए थे।

**■ यह भर्तियां बिना साक्षात्कार के तय प्रक्रिया के अनुसार की जाए : हाईकोर्ट**




## हिमाचल विस में विधायकों के भत्ते और पेंशन विधेयक पास हुआ

**शिमला,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में दल-बदल के कारण अयोग्य घोषित पूर्व विधायकों की पेंशन बंद करने की तैयारी है। पेंशन के अधिकार से वंचित होने पर पूर्व विधायकों से पिछली रकम की भी वसूली होगी। दल-बदल को हतोत्साहित करने के लिए बुधवार को हिमाचल विधानसभा में विधानसभा सदस्यों के भत्ते और पेंशन विधेयक पास हुआ। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को विधानसभा में यह संशोधन विधेयक पेश किया। विधेयक सदन में बुधवार को चर्चा के बाद पास किया गया। विधेयक पारित होने के बाद अब राज्यपाल से मंजूरी के बाद यह कानून का रूप ले लेगा। इसमें व्यवस्था की गई है कि किसी बात के प्रतिकूल होते हुए भी कोई व्यक्ति अधिनियम के अंतर्गत पेंशन का हकदार नहीं होगा, यदि उसे संविधान की दसवीं अनुसूची के अधीन किसी भी समय अयोग्य घोषित किया गया है। यदि कोई व्यक्ति इस उपधारा के अधीन पेंशन के अधिकार से वंचित हो जाता है तो उसकी ओर से पहले से ली गई पेंशन ऐसी रीति से वसूली जाएगी, जैसे निर्धारित किया जाएगा। विधेयक में संशोधन के कारण स्पष्ट करते हुए लिखा है कि विधानसभा सदस्यों के भत्ते-पेंशन प्रदान करने के दृष्टिगत अधिनियमित किया गया था। वर्तमान में भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के अधीन विधायी सदस्यों के दलबदल को हतोत्साहित करने के लिए अधिनियम में कोई उपबंध नहीं है। इसलिए सांविधानिक उद्देश्य के लिए राज्य के लोगों की ओर से दिए जनादेश की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के लिए संशोधन करना आवश्यक हो गया है।

## राजाजी टाइगर रिजर्व के निदेशक राहुल को हटाने के आदेश

**देहरादून,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। राजाजी टाइगर रिजर्व में राहुल को निदेशक पद पर तैनाती के लिए सरकार स्तर पर चल रहे विचार को उस समय तगड़ा झटका लगा, जब 19 जुलाई को सचिव आरके सुधांशु ने ऑनलाइन नोटिंग करते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में अवैध पातन मामले का जिक्र कर विपरीत नोटिंग की। इसी के बाद कई दिनों तक राजाजी टाइगर रिजर्व में किसी को पोस्टिंग नहीं हो पाई और धर्म सिंह मीणा को अतिरिक्त चार्ज देने पर फाइल आगे बढ़ गई। हालांकि अचानक सरकार ने फिर से राहुल को ही निदेशक बनाने पर विचार शुरू कर दिया और सीएम धामी के अनुमोदन के बाद राहुल को निदेशक बना भी दिया गया। इसके बाद तैनाती को लेकर प्रमुख सचिव आरके सुधांशु की पूर्व में की गई वहीं नोटिंग चर्चाओं में आ गई और अब इस मामले में सरकार को बैकफुट पर भी आना पड़ा है। शासन स्तर पर जारी आदेश के अनुसार 3 सितंबर को राहुल ने राजाजी टाइगर रिजर्व के निदेशक पद से खुद को हटाने की इच्छा जाहिर की, जिसके बाद शासन द्वारा उन्हें हटाने के आदेश जारी किए गए हैं। जारी किए गए आदेश के अनुसार अब राहुल को उनके निदेशक पद से अवमुक्त कर दिया गया है और फिर से पूर्व की जिम्मेदारियां को उन्हें सौंप दी गयी है। मुख्य वन संरक्षक अनुकरण मूल्यांकन आईटी और आधुनिकीकरण के पद पर अब राहुल काम संभालेंगे।

**एक हफ्ते में दो बार किसी अधिकारी को हटाया**

देहरादून। उत्तराखंड वन महकमे में पिछले एक हफ्ते के दौरान दो बार किसी अधिकारी को हटाए जाने को लेकर आदेश जारी करने पड़े हैं।

## उद्योगों का पलायन व बंद होना सरकार के नियंत्रण में नहीं : चौहान

शिमला, 4 सितम्बर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि उद्योगों का पलायन और बंद होना प्रदेश सरकार के नियंत्रण में नहीं है। श्री चौहान ने यह जानकारी विधायक जनकराज और विधायक जीतराम कटवाल की ओर से पूछे गए प्रश्न के उत्तर में दी। पूर्व उद्योग मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर ने इस मामले पर अनुपूरक प्रश्न पूछे। उन्होंने कहा कि हिमाचल से उद्योग पलायन कर रहे हैं। सरकार इन्हें रोक नहीं पा रही है। प्रदेश सरकार ने उद्योगपतियों को रिहायतें देना बंद कर दिया है। उन्होंने हिमाचल से पलायन होने वाली नामी कंपनियों के नाम गिनाए। इस पर श्री चौहान ने कहा कि हिमाचल में उद्योगपतियों को बिजली में रियायत की जाएगी। इसको लेकर मुख्यमंत्री से बात की गई है। अन्य राज्यों की अपेक्षा हिमाचल में उद्योगपतियों को एक रुपये कम यूनिट में बिजली दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उद्योगों का बंद होना सामान्य प्रक्रिया है।

# कुंभ मेले में शाही स्नान को लेकर संत समाज में छिड़ी बहस

**हरिद्वार,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कुंभ मेले में होने वाले शाही स्नान को लेकर अब सवाल उठाए जा रहे हैं। संत समाज ने शाही शब्द को इस्लामिक बताते हुए इसे हटाने की मांग की है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि इस विषय पर 13 अखाड़ों के प्रतिनिधियों से चर्चा की जाएगी और भविष्य में प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में होने वाली कुंभ मेले में शाही स्नान का नाम बदलकर राजसी स्नान या किसी अन्य नाम पर विचार किया जाएगा। साल 2025 में यूपी के प्रयागराज में होने वाले कुंभ को लेकर अब एक नई चर्चा छिड़ गई है। इसमें शाही स्नान से शाही शब्द हटाने की मांग की गई है, जिस पर अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज ने बैठक बुलाने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि शाही शब्द को हटाकर शुभ मुहूर्त के अनुसार सभी अखाड़ों की राय लेकर नया शब्द लगाने का निर्णय लिया है। रविंद्र पुरी महाराज का कहना है कि शाही शब्द उर्दू से जुड़ा शब्द है, जो कि मुगलों के समय में दिया गया था। अभी इसे बदला जाएगा। अखाड़ों की सहमति से इसे बदला जाएगा। रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि 13 अखाड़ों के कई संतों से बात करने के बाद शाही शब्द को गुलामी का प्रतीक बताते हुए इसे हिंदू धार्मिक आयोजनों से हटाने की बात कही है।

**■ 'शाही' शब्द को बताया इस्लामिक, हटाने की मांग**





# नवीन गोयल के पैदल मार्च की दिल्ली चंडीगढ़ तक गूंज

**गुरुग्राम,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। गुरुग्राम में करीब 6 साल से बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर जनता की अनवरत सेवा में जुटे एवं गुड़गांव विधानसभा से चुनाव में भाजपा की टिकट के दावेदार नवीन गोयल के समर्थन में बुधवार को गुरुग्राम की जनता से पैदल मार्च निकाला। इस पैदल मार्च में पूरा गुरुग्राम नवीन गोयल के साथ, उनके समर्थन में कदमताल करता नजर आया। युवाओं में उनके प्रति दीवानगी देखते ही बनती थी। जनता के बीच से यही आवाज आई कि नवीन गोयल गुरुग्राम के लिए बहुत जरूरी हैं। मंच से नवीन गोयल ने भारतीय जनता पार्टी संगठन से विनम्रता से आग्रह किया कि मुझे मेरा हक दे दो। गुरुग्राम की जनता का हक दे दो। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का फॉलोवर हूं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के मार्गदर्शन में काम कर रहा हूं। यात्रा से पहले घंटों तक बरसात होती रही, लेकिन समर्थकों का जोश ठंडा नहीं पड़ा। लोगों में जोश इतना था कि वे बरसात में ही अपने घरों से 3 बजे से पहले निकल पड़े। स्वयं वीडियो डालकर लोगों को यात्रा शुरुआत स्थल कोर्ट पार्किंग में पहुंचने का संदेश देते रहे। करीब 6 बजे नवीन गोयल के नेतृत्व में पैदल मार्च शुरू हुआ। नवीन गोयल को हजारों साथियों, समर्थकों, गुरुग्राम के आम और खास लोगों, दुकानदारों, व्यापारियों, मजदूरों, कर्मचारियों का साथ इस पैदल मार्च में मिला। युवा शक्ति, मातृ शक्ति का इस मार्च में जोश और जुनून देखते ही बनता था। सभी की जुबान पर नवीन गोयल ही नाम था। उनके नारों में नवीन गोयल, उनकी बातों में नवीन गोयल, उनकी सोच में नवीन गोयल रहे। लोगों ने कहा कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सदा खड़े रहे नवीन गोयल के साथ अब हम सब खड़े हैं। नवीन गोयल एकमत से उनके नेता हैं और वे ही उनका नेतृत्व कर सकते हैं।

**■ नवीन गोयल के पैदल मार्च ने उड़ाई विरोधियों की नींद**



गुरुग्राम के लिए नवीन गोयल ने बहुत कुछ किया है। गुरुग्राम को अब उनके लिए कुछ करने की बारी है। पैदल मार्च में छोटे-छोटे बच्चों के साथ शामिल हुई महिलाएं भी नवीन गोयल का हर कदम पर साथ देने के लिए जोश से लबरेज थीं।

**गुरुग्राम मेरी सामाजिक, राजनीतिक कर्मभूमि : नवीन गोयल**

पैदल मार्च से पहले कोर्ट की पार्किंग में हुई सभा में नवीन गोयल ने मां शीतला को नमन करते हुए कहा कि मैं गुरुग्राम का गुरुग्राम मेरा है। गुरुग्राम उनकी सामाजिक, राजनीतिक कर्मभूमि है। यहां से जनमानस की सेवा शुरू की है और सालों साल सेवा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम की सेहत सही रखने, महंगा इलाज सस्ते में करने, स्वच्छता के लिए सडक़ों, गलियों, सार्वजनिक स्थानों की सफाई, मंदिरों की सफाई, प्रदूषण का स्तर कम करने के लिए टैंकरों से सडक़ों पर पानी का छिडक़ाव, पेड़ों पर पानी की छिडक़ाव, गंदगी सडक़ों पर ना हो इसके लिए डस्टबिन वितरण, पेयजल का दुरुपयोग ना हो इसके लिए पानी ओवरफ्लो रोकने की मशीनों का वितरण, वार्ड वाइज स्वच्छता अभियान, गुरुग्राम की प्यास बुझाने वाली धनकोट नहर की सफाई, सूचना के चंद घंटे के भीतर सीवरेज के मेनहॉल के ढक्कन चेंज, चॉक हुए सीवरेज की सफाई, गलियों में जलभराव खत्म करने के लिए नालों की सफाई, गुरुग्राम के ऐतिहासिक झाड़सा बंध की सफाई, हरियाली को बढ़ावा, बंध पर पेड़ों की छंटाई करके वहां महिलाओं, पुरुषों, बुजुर्ग के लिए सुबह की सैर के लिए तैयार करना जैसे असंख्य काम उनके सरकार व प्रशासन, नगर निगम के साथ मिलकर सिरे चढ़ाए हैं। सिर्फ संगठन में मिली जिम्मेदारी से उन्होंने इन कामों को करवाया।

**गुरुग्राम को अपना परिवार समझकर किया है काम**

लोगों के बीच भावुकता भरे शब्दों ने नवीन गोयल ने कहा कि अपने परिवार को उन्होंने पिछले 6 साल में इतना समय नहीं दिया, जितना समय पूरे गुरुग्राम को अपना परिवार समझकर दिया है। हर किसी के सुख-दुख में शरीक होने का प्रयास किया। अलसुबह अंधेरे में ही घर से निकले और देर रात अंधेरे में घर पहुंचे। सुबह बच्चों को सोते हुए छोड़ा और रात को बच्चे सोते हुए मिले। यह अपने गुरुग्राम के लिए मेरा समर्पण है और हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा कि हम दोनों भाईयों को अपने माता-पिता से सेवा की प्रेरणा विरासत में मिली है। इस विरासत को हम छोड़ेंगे नहीं।

# प्रादेशिकी

## आधा दर्जन चौकी प्रभारियों सहित 13 उपनिरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल

**फर्रुखाबाद,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी नें मंगलवार को आधा दर्जन चौकी प्रभारियों सहित 13 उपनिरीक्षकों की तैनाती में फेर बदल किया है। पुलिस में प्रतीक्षारत उपनिरीक्षक इमरान फरीद को थाना मऊदरवाजा में तैनाती मिली है। शहर कोतवाली से जितेन्द्र कुमार को कायमगंज की कुआं खेड़ा चौकी का प्रभारी बनाया है। थाना जहानगंज से दारोगा स्वदेश कुमार को थाना मऊदरवाजा की बीबीगंज का चौकी प्रभारी बनाया गया है। फतेहगढ़ की कर्नलगंज चौकी के प्रभारी नर सिंह को थाना मऊदरवाजा की रायपुर चौकी का प्रभारी बनाया है। पुलिस लाइन से मोनू शाक्य को शहर कोतवाली की घुमना चौकी का चार्ज दिया गया है। बीबीगंज चौकी प्रभारी नागेन्द्र सिंह को कायमगंज की कस्बा चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

# प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा हमारा कर्तव्य : योगी

## प्रयागराज के फूलपुर में वृहद रोजगार एवं ऋण वितरण मेले में विपक्ष पर बोला हमला

■ रतिभान त्रिपाठी

**लखनऊ/प्रयागराज,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन दिनों विपक्ष पर खासे हमलावर हैं। विपक्षी नेताओं के किसी भी बयान पर वह चुप्पी साधने के बजाए जमकर प्रहार करते हैं। इसी कड़ी में योगी ने अराजक तत्वों को ललकारते हुए कहा कि जिसने भी राह चलती बेटियों के सम्मान पर हाथ डालने की कोशिश की उसके हाथ-पैर अलग हो जाएंगे। हर नागरिक की सुरक्षा हमारा कर्तव्य है जिसे किसी भी हद तक जाकर सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो माफिया सिर उठाएगा उन्हें मिट्टी में मिलाने का काम किया जाएगा। बुलडोजर चलाने के लिए हिम्मत चाहिए। माफियाओं, दंगाइयों व अपराधियों के सामने नाक रगड़ने वाले क्या बुलडोजर चलाएंगे, इसके लिए हिम्मत चाहिए। इन्हें तो बुलडोजर देखते ही हार्ट अटैक आ जाएगा। योगी ने तंज कसते हुए कहा कि जो टीपू आज सुल्तान बनने का ख्वाब देख रहे हैं वह माफिया के सामने नाक रगड़ते हैं। इन्होंने माफिया को गले का हार बनाकर प्रयागराज के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था। प्रयागराज के फूलपुर स्थित इफको परिसर के केंद्रीय विद्यालय में बुधवार को वृहद रोजगार एवं ऋ ण वितरण मेले में मुख्यमंत्री ने 5,000 से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। वहीं, 7,138 लाभार्थियों को 510 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण वितरित किया। कार्यक्रम में 15,448 युवाओं को टैबलेट/स्मार्टफोन भी वितरित किए। इसके साथ ही, योगी ने 634 करोड़ रुपए की 407 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास बटन दबाकर किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को आवंटित आवास की चाबी भी सीएम योगी द्वारा सौंपी गई। प्रदेश में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चालीस हजार युवाओं को जल्द नियुक्ति देने व अन्य सरकारी भर्तियों की प्रक्रिया को भी जल्द किए जाने पर भी मुख्यमंत्री का फोकस रहा। योगी ने विरोधियों और हमला करते कहा कि आपके सामने पहचान का संकट चाचा व भतीजा की वसूली से उत्पन्न हुआ। इनके द्वारा एरिया बांट दिया जाता था। कहीं चाचा जाते थे तो कहीं भतीजा। ये महाभारत के रिश्ते वसूली की रकम लूटने के लिए एकसाथ टूट पड़ते थे और चाचा को धक्का दे दिया जाता था। मगर अब ऐसा नहीं हो सकता। यूपी में कोई वसूली नहीं कर सकता। सीएम योगी ने आगे कहा कि हम तो तय करके आये थे कि जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करेगा उसे हम जेल में भेजेंगे, संपत्ति को जब्त करेंगे और सभी अवैध कब्जों को मुक्त कराकर गरीबों के लिए आवास व महिला संरक्षण गृह भी बनाएंगे। दंगा करने की कीमत क्या होती है यह दंगाइयों को हम अच्छे से बता देंगे। जब पोस्टर टांगकर सात पीढ़ियों तक वसूली होगी तो अच्छे अच्छे सुधर जाएंगे। माफिया समाज का कोढ़ है, इसे समाज से निकाला न जाए तो हमेशा ये आपका वर्तमान और भविष्य खराब करते रहेंगे। योगी ने कार्यक्रम में कहा कि हम लखनऊ में 12 विभागों में 1375 युवाओं को सरकारी नियुक्ति पत्र देकर आए हैं। उन्होंने दावा किया कि उत्तर पुलिस सेवा में आरक्षी भर्ती के लिए साठ हजार दो सौ पदों के लिए ली गई लिखित परीक्षा के परिणाम जल्द आने वाले हैं जिससे युवाओं के पुलिस बल का हिस्सा बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस भर्ती प्रक्रिया के पूरा होने के बाद चालिस से लेकर पैतालिस हजार नई भर्तियों की प्रक्रिया भी शुरू होगी। अकेले अधिनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चालीस हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के क्रम में आगे बढ़ रहे हैं। सीएम योगी के अनुसार, जल्द ही इतनी ही और नौकरी देने की प्रक्रिया को शुरू करने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में युवाओं के लिए नौकरी की कमी नहीं होगी। बेसिक, माध्यमिक, उच्च, तकनीकी, व्यवसायिक व मेडिकल एजुकेशन में साठ हजार से अधिक नियुक्तियां इंतजार कर रही हैं।

**मुख्यमंत्री ने पांच हजार से ज्यादा युवाओं को किए नियुक्ति पत्र वितरित**



माफिया व अपराधियों के आगे नाक रगड़ने वाले क्या चलाएंगे बुलडोजर : **योगी आदित्यनाथ**

### वैश्विक मंच पर फिर से अमिट छाप छोड़ेगा प्रयागराज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह वर्ष हमारे लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि जनवरी में महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। प्रयागराज वैश्विक मंच पर फिर से अमिट छाप छोड़ेगा। जो प्रयागराज क्षेत्र वैदिक सनातनियों का केंद्र रहा है उसके सामने पहचान का संकट किसने खड़ा किया था। ये काम जाति के नाम पर लड़ाने वाले लोगों ने किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुंभ तो आपने 2013 में भी देखा होगा और 2019 में कुंभ का आयोजन देखा होगा। 2013 में जो भी कुंभ में आया वह यह सोचकर गया होगा कि आगे से यहां नहीं आना है। मगर, 2019 में प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में हमने दुनिया को बता दिया कुंभ कैसे होता है। कुंभ सुरक्षा, सेवा व व्यवस्था का एक मॉडल होता है जिसे हमने स्थापित किया। प्रयागराज का सम्मान दुनिया के अंदर बढ़ा है। उसी सम्मान को बहाल करने के लिए हम एक बार फिर आपके सामने आए हैं।

# गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने किया भ्रमण

## डाइटिशियन के बारे में छात्राओं को विस्तार पूर्वक बताया



**मेरठ,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ, मोदीपुरम में गृह विज्ञान के तत्वावधान में चल रहे राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के चौथे दिन गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने लोकप्रिय हॉस्पिटल, गढ़ रोड, मेरठ का भ्रमण किया। जिसकी शुरुआत महाविद्यालय के निदेशक इंजी. विकास कुमार ने झंडी दिखाकर की। इस दौरान ट्रैनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा, गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष स्वाति चौधरी, सहायक प्रोफेसर नीतू विहान एंड मानसी चौधरी मौजूद थे। भ्रमण के दौरान लोकप्रिय हॉस्पिटल की डाइटिशियन डॉ. भावना गांधी ने छात्राओं को डाइटिशियन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया उन्होंने बताया कि मरीज को भोजन किस प्रकार, कितनी मात्रा में और क्या क्या दिया जाता है। इसी के साथ उन्होंने फूड ट्रॉली के बारे में भी बताया जिसमें खाना रखकर मरीज को परोसा जाता है। भ्रमण के दौरान डॉ भावना गांधी ने छात्राओं को अस्पताल के कैफेट एरिया एवं पैंट्री का भ्रमण करते हुए उसके बारे में विस्तारपूर्वक बताया। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने डॉ भावना गांधी से विभिन्न प्रकार के प्रश्न किए जिनका उन्होंने भली-भांति उत्तर देकर छात्राओं को संतुष्ट किया। इस भ्रमण के लिए गृह विज्ञान विभाग अध्यक्ष स्वाति चौधरी ने डॉ भावना गांधी एवं उनकी टीम का धन्यवाद किया कि उन्होंने हमारी छात्राओं को हॉस्पिटल के डाइटिशियन विभाग के बारे में इतनी बारीकी से बताया।

**सार** संक्षेप

### ताइक्वांडो में हस्तिनापुर पब्लिक स्कूल रहा रनरअप



**मवाना/हस्तिनापुर।** सूरजकुंड स्थित स्पोर्ट्स बड्डी क्लब में मेजर ध्यानचंद इंटरस्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्पोर्ट्स बड्डी के निदेशक डॉ सौरव बंसल ने किया। मेरठ एमेच्योर ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव पूर्णेंदु झा ने बच्चों को बताया कि प्रत्येक वर्ष 29 सितम्बर को मेजर ध्यानचंद जी के स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिता में हस्तिनापुर पब्लिक स्कूल की टीम द्वितीय स्थान पर रही। हस्तिनापुर पब्लिक स्कूल की टीम ने उक्त मेजर ध्यानचंद ताइक्वांडो प्रतियोगिता में ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बुधवार को विद्यालय प्रांगण में कोच ऋषभ और सभी विजेता बच्चों का विधालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया।

### ईशा रिजवी का नेशनल स्तर शूटिंग चैंपियनशिप में चयन

**मवाना।** रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा सात के छात्र ईशा रिजवी का नेशनल स्तर शूटिंग चैंपियनशिप में चयन हो गया है। रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल के मीडिया प्रभारी अनुज नागर ने बताया कि 18 अगस्त से 27 अगस्त 2024 तक गोवा में संपन्न हुई इंडियन ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल में कक्षा सात के छात्र ईशा रिजवी ने कोच विशांत तोमर के निर्देशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ईशा रिजवी का नेशनल स्तर शूटिंग चैंपियनशिप में चयन हो गया है। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। बुधवार को प्रधानाचार्या डॉक्टर शिवानी सिंह, उप प्रधानाचार्य निशांक त्यागी तथा खेल अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा ने छात्र ईशा रिजवी को सम्मानित करते हुए उसके उज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

### समस्याओं व भ्रष्टाचार को लेकर राज्यपाल से की भेंट

**मेरठ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेरठ प्रांत के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में व्याप्त समस्याओं व भ्रष्टाचार को लेकर राज्यपाल से भेंट की । जिसमे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रांत मंत्री क्षमा शर्मा द्वारा व्याप्त छात्र समस्याओं व विश्वविद्यालय में चल रहे व्याप्त भ्रष्टाचार को देखते हुए महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से 2 घंटे लगातार चली वार्ता में विश्वविद्यालय के खिलाफ भ्रष्टाचार के बिन्दुवार चर्चा की व साक्ष्य प्रस्तुत किए व साथ ही राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सभी समस्याओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की व विभिन्न समस्यों के समाधान के लिए आश्वासन दिया। अभाविप के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा बताई गई सभी समस्याओं पर समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0492520 का प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है-

**सुमित पुत्र श्री ओम सिंह असीलपुर तहसील मवाना जिला मेरठ।**

# अश्वनी गुर्जर को मिली नई जिम्मेदारी

**मेरठ,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। अश्वनी गुर्जर ने कॉर्डिनेटर बनने पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा आलुवारू राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी राष्ट्रीय महासचिव विनीत कांबोज, इकबाल ग्रेवाल, विशाल चौधरी युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला और मेरठ जिला अध्यक्ष कांग्रेस अवनीश काजला एवं शीर्ष नेतृत्व का जिम्मेदारी देने पर आभार व्यक्त किया।



**युवा कांग्रेस की ओर से हरियाणा पानीपत ग्रामीण समालखा विधानसभा कॉर्डिनेटर बने**

अश्वनी गुर्जर ने कहा के पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है मैं पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरा प्रयास करूंगा अपनी समालखा विधानसभा क्षेत्र में अपनी पूरी टीम के साथ जल्द ही पहुंच कर पार्टी की जीत की रणनीति बनाई जाएगी। अश्वनी को बधाई देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस पारस शुक्ला अवनीश काजला हेमंत प्रधान अभिमन्यु त्यागी प्रवक्ता हरिकिशन वर्मा यूसुफ कुरैशी रंजन शर्मा धूम सिंह गुर्जर सलीम खान अल्तमस त्यागी सुमित विकल बबिता गुर्जर सैय्यद रिहानुद्दीन डा. अशोक आर्य शिवकुमार शर्मा विकास शर्मा आदि ने बधाई दी।

# स्वामी विवेकानन्द से प्रेरणा लें युवा : आनंदीबेन पटेल

## सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित 10वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

**मेरठ,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। बुधवार को स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के मांगल्य प्रेक्षागृह में सत्र 2023 एवं सत्र 2024 के दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय की कुलाधिपति व पूर्व आईएएस डॉ.स्तुति नारायण कक्कड़ ने की। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल रही। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को स्वामी विवेकानन्द से प्रेरणा लेना चाहिए। उन्होंने सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर एकाग्रता के साथ मेहनत करनी चाहिए, इससे निश्चित सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि दीक्षान्त समारोह विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और समर्पण को प्रतिबिम्बित करता है।

मुझे विश्वास है कि विश्वविद्यालय द्वारा ज्ञान आधारित समाज की चुनौतियों का सामना करने के लिय युवाओं को सक्षम बनाया जाएगा।

**मेधावी विद्यार्थियों को उपाधियां व गोल्ड मेडल देकर किया सम्मानित**



विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर एकाग्रता के साथ मेहनत करनी चाहिए इससे निश्चित सफलता प्राप्त होती है : **आनंदीबेन पटेल**

### सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि का दीक्षांत समारोह आयोजित




**मेरठ।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 17वां दीक्षांत समारोह महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की अध्यक्षता में भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पीपल के पौधे में जल अर्पित कर किया गया। राज्यपाल ने स्कूल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व श्रेष्ठ आंगनबाडी को सम्मानित किया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को उपहार एवं आंगनबाडी कार्यकत्रियों को बच्चो के लिए आंगनबाडी किट का वितरण किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 20 पदक व स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी में छात्र-छात्राओं को कुल 270 उपाधियां प्रदान की गई। कुलपति द्वारा कुलाधिपति, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर राष्ट्रगीत गाया गया। दीक्षांत समारोह में विभिन्न विषयों में स्नातक हेतु 254, स्नातकोत्तर 9 एवं पीएचडी में 7 छात्र छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गई। शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए विभिन्न महाविद्यालयो के 15 छात्र-छात्राओं को कुलपति स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदकों से सम्मानित किया गया।

# विद्युत समस्या को लेकर व्यापारियों ने अधिशासी अभियंता को किया घेराव

**मवाना,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। संयुक्त व्यापारी एसोसिएशन मवाना ने बुधवार को मेरठ रोड स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचे और विद्युत संबंधी समस्याओं का निस्तारण समय से नहीं होने के कारण घेराव किया गया। इस बात को लेकर नाराजगी जताई गई कि सोमवार को दिन में तीन बजे मेरठ रोड पर पुलिस चौकी के पास केबल बाक्स फुंकने पर दो फीडर से जुड़े हजारों उपभोक्ताओं को दो दिन परेशान होना पड़ा। इससे मवाना नगर की पेयजल आपूर्ति भी बाधित रही। व्यापारियों ने कहा कि मवाना नगर को केवल संविदा कर्मियों के भरोसे छोड़ दिया जाता है। मवाना नगर के एसडीओ को नगर में ही निवास करना चाहिये। संयुक्त व्यापारी एसोसिएशन मवाना के अध्यक्ष शैवाल दुबलिश, नदीम, राजवीर चौधरी, मांगेराम मित्तल, रिहान, असजद, मोहित दुबलिश, इंद्रजीत जैन, पंकज गुप्ता समेत अन्य व्यापारी बुधवार को मेरठ रोड स्थित बिजलीघर पर बने अधिशासी अभियंता कार्यालय पर पहुंचे और बिजली सम्बंधी समस्याओं का समय से निस्तारण नहीं होने पर नाराजगी जताई। अधिशासी अभियंता सतीश चंद ने एसडीओ विनय कुमार, सहायक अभियंता मीटर मुकेश कुमार बिंद, अवर अभियंता अमित त्रिपाठी को बुलवाया और व्यापारियों के द्वारा बताई गई समस्याओं का समाधान जल्द कराने के आदेश दिये। व्यापारियों ने बताया कि 21 अगस्त 2024 को जो समस्याएं अफसरों को बताई गई थी, वे सभी लम्बित है। एक भी समस्या का निस्तारण नहीं हुआ है। आगे बताया कि सोमवार को दोपहर बाद तीन बजे फीडर 3 का केबल बक्सा फुंक गया था। उसे मंगलवार दोपहर चार बजे तक ठीक कराया गया। कारण यही रहा कि अफसरों को बिजली फाल्ट हो जाने पर उपभोक्ताओं की चंता नहीं है। केवल संविदा कर्मी के भरोसे यह काम छोड़ दिया गया। यह काम केवल तीन घंटें का था। नगर में अनेक स्थानों पर दिनोंदिन फाल्ट बढ़ रहे है।



# बच्चा चोरी करते महिला को ग्राम प्रधान ने पकड़ा



**मवाना,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। बुधवार को दोपहर मवाना के गांव बोहडपुर में ग्राम प्रधान द्वारा एक महिला को बच्चा चोरी करते समय पकड़ लिया और थाना पुलिस को सौंप दिया है पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है। ग्राम प्रधान बोहडपुर साहूद ने बताया कि बुधवार को दोपहर उसे गांव में एक महिला ने घर के बाहर खेल रहे बच्चे को ट्रॉफी दी और उसके बाद उसे बच्चे का मुंह बंद कर बच्चा चोरी करने का प्रयास किया। बच्चों के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए वहीं ग्राम प्रधान भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने उसे महिला को पड़कर मामले की सूचना थाना पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस महिला को थाने ले आई है पकड़ी गई महिला खतौली निवासी बताई जा रही है। थाना पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है।

# नगर वासियों ने सानिया खान का किया जोरदार स्वागत

## पीएचडी की उपाधि हासिल करने पर दी बधाई



**किठौर/मेरठ,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कस्बा शाहजहांपुर की एक गरीब परिवार की बेटी सानिया खान पुत्री अशफ़ाक खान ने अपनी मेहनत के बल पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से मुस्लिम महिलाओं का राजनीतिक समाजीकरण एवम राजनीतिक सहभागिता विषय पर प्रोफेसर डॉक्टर सुषमा राम पाल के निर्देशन में शोध अध्यन कर उपाधि प्राप्त की, जिसको 3 सितम्बर को विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आंदीबेन पटेल के हाथो प्राप्त की, इस मौके पर सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव मुमताज़ आलम ने दर्जनों नगरवासियों के साथ सानिया के आवास पर जाकर उसको मिठाई खिलाकर व फूल मालाओं के साथ ज़ोरदार स्वागत किया, इस मौके पर मुमताज़ आलम ने कहा की सानिया ने हमारे कस्बे का नाम रोशन किया और तालीम ही हमारी कामयाबी का एक मात्र मंत्र है, सानिया वर्तमान में इस्माइल डिग्री कॉलेज में प्रवक्ता के पद पर अध्यापन का कार्य कर रही है इसी मौके पर सपा नेता मुमताज़ आलम, पूर्व प्रधान यूसुफ खान, रफीक खान, अमानुल्ला खा, वली उल्ला खा, जावेद रंगरेज आदि मौजद रहे।

# योगी के नक्शे कदम पर चल पड़े तीन दशक से संगठन किंग लल्लू सिंह

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। सियासत हर समय अपने रंग ढंग बदलती रहती है। वैश्विक बन रही रामनगरी अयोध्या की भाजपाई राजनीति में बुधवार को जो हुआ उसकी कल्पना भी लोगों के जेहन तक में नहीं थी। अयोध्या के ही पूर्व सांसद ने सदस्यता अभियान के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष की प्रेस वार्ता का बहिष्कार कर दिया। आरोप है कि मंच पर एक अपराधी किस्म के व्यक्ति को जगह दी गई। पूर्व सांसद लल्लू सिंह राजनीति में अपराधियों को संरक्षण देने के हमेशा से विरोधी रहे हैं। पूर्व सांसद लल्लू सिंह का यह निर्णय देखते-देखते मीडिया जगत के साथ रामनगरी में वायरल हो गया। हर किसी की जुबान पर पूर्व सांसद के लिए प्रशंसा के ही शब्द थे। शायर मुजफ्फर वारसी का लिखा शेर पूर्व सांसद के निर्णय पर फिट बैठता है कि तूफान में हो नाव तो कुछ सब्र भी आ जाए, साहिल पे खड़े होकर तो डूबा नहीं जाता। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि लल्लू सिंह को पिछले तीन दशक से संगठन का किंग कहा जाता है और वर्तमान जिला अध्यक्ष संजीव सिंह की ताजपोशी भी उन्हीं के खाते में दर्ज है। यूपी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरह पूर्व सांसद लल्लू सिंह को भी राजनीति के अपराधीकरण का विरोधी माना जाता है। योगी आदित्यनाथ भी 2022 के चुनाव के दौरान एक सभा में मंच पर तभी चढ़े जब एक माफिया की फोटो हटा दी गई थी। पूर्व सांसद की नाराजगी अनायास ही नहीं है। इसके पीछे लोकसभा चुनाव भी कारण है। अपराधियों को महत्व दिए जाने के अलावा पूर्व सांसद लल्लू सिंह को लोकसभा में मिली पराजय के कारणों का भली भांति ज्ञान है। विरोधी खेमे के अलावा उनके अपने भी फन उठाने लगे हैं। हार की समीक्षा में भी गुटबंदी प्रमुख कारण उभरा था। रामनगरी अयोध्या की लाइमलाइट और वैश्विक आकर्षण सिर्फ व्यवसायियों या पर्यटकों को ही अपनी तरफ नहीं खींच रही है बल्कि वहां का जनप्रतिनिधि बनने के साथ संगठन प्रमुख बनने के लिए भी नेताओं में होड़ रहती है। जिस आपराधिक किस्म के व्यक्ति की मौजूदगी से यह घटना घटी उसे अयोध्या भाजपा विधायक का खास माना जाता है। लल्लू सिंह को संगठन के प्रति निष्ठावान माना जाता है और उन्होंने कभी भी हाई कमान के आदेशों की अवहेलना भी नहीं किया। भाजपा के अंदर जब दूसरे दलों के लोगों की आमद शुरू हुई तो कैडर का अनुशासन भंग होने लगा। बाहरी जब जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी हो गए तो लल्लू सिंह की बादशाहत को ना सिर्फ संगठन में चुनौती मिलने लगी बल्कि लोकसभा चुनाव में हार का कारण भी बना।

जिलाध्यक्ष संजीव सिंह भी बसपा से आए। इनकी पत्नी ब्लाक प्रमुख थीं। इन्हें लल्लू खेमे का ही माना जाता है। राजनीतिक क्षेत्र में इनकी भी निष्ठा संदिग्ध होने की चर्चा चल रही है। सदस्यता अभियान की पत्रकार वार्ता भी जिलाध्यक्ष ने बुलाया था। पूर्व सांसद समय से पहले पहुंच भी गए थे। सदस्यता प्रभारी प्रदेश महासचिव संजय राय का इंतजार हो रहा था। मंच पर जनप्रतिनिधियों के साथ एक माफिया की उपस्थिति से नाराज पूर्व सांसद ने वार्ता का बहिष्कार कर जनपद की पूरी भाजपाई राजनीति को आइना दिखा दिया। पत्रकारो ने जब संजय राय से सवाल किया कि पूर्व सांसद क्यों चले गए। ये कैसा सदस्यता अभियान है कि आप अपने एक पूर्व सांसद को नही रोक पा रहे तो संजय राय ने सवाल को अनसुना कर दिया। जिला भाजपा प्रवक्ता डॉ. रजनीश सिंह ने पूर्व सांसद के इस कदम की सराहना करते हुए कहा है कि पूर्व सांसद हमेशा से अपराधियों से सटकर नहीं हटकर राजनीति करते रहे हैं। उनके इस कदम का हम स्वागत करते है। संगठन में रार पर देशबंधु ने एक साल पहले ही खबर छापी थी, जो परिलक्षित होने लगी है। रामनगरी से उठे इस भगवाई बवंडर पर जावेद अख्तर के शब्दों में कहा जा सकता है कि धुआं जो कुछ घरों से उठ रहा है, ना पूरे शहर पर छाए तो कहना।

- ■ मंच पर माफिया की मौजूदगी से नाराज पूर्व सांसद ने किया भाजपा की प्रेस वार्ता का बहिष्कार
- ■ तूफान में हो नाव तो कुछ सब्र भी आ जाए, साहिल पे खड़े होकर तो डूबा नहीं जाता
- ■ संगठन में रार....एक वर्ष पूर्व ही देशबन्धु में छपी थी खबर


देशबन्धु
03 Jul 2023 - Page 9

**संगठन पर अपनी पकड़ के लिए परदे के पीछे अयोध्या भाजपा में भी रार**

तीन दशक से संगठन किंग सांसद लल्लू सिंह को कुछ समय से मिलने लगी है चुनौती

■ ओम प्रकाश सिंह

अयोध्या,2 जुलाई (देशबन्धु)। अयोध्या की लाइमलाइट और वैश्विक आकर्षण सिर्फ व्यवसायियों या पर्यटकों को ही अपनी तरफ नहीं खींच रही है बल्कि वहां का जनप्रतिनिधि बनने के साथ संगठन प्रमुख बनने के लिए भी नेताओं में होड़ मची है। जिला व महानगर संगठन पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए अयोध्या के भाजपाई मठाधीश गोटियां बिछा रहे हैं। मंदिर निर्माण के साथ प्रदेश व देश की सत्ता अयोध्यामुखी हो चुकी है। अयोध्या में हो रहे विकास कार्यों में भी संघ के सांस्कृतिक व राष्ट्रवाद की झलक परिलक्षित होने लगी है। रामजन्म भूमि आंदोलन ने देश की दिशा को बदल दिया है। मंदिर आंदोलन की सफलता को संघ अपनी विजय के रूप में देखता है। मंदिर आंदोलन की ही देन है कि केंद्र में भाजपा दोबारा आसीन है।

■ बिछड़ते वक्त वो तकसीम कर गया मौसम, बहार उस की तरफ है खिज़ाँ हमारी तरफ : महानगर अध्यक्ष

■ मराठी भूमि छोड़कर रामनगरी को हिंदुत्व व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की नई प्रयोगशाला बना सकता है संघ

संघ के नीति निर्धारक राम जन्म भूमि आंदोलन की सफलता को स्थाई बनाना चाहते हैं। यह कयास लग रहे हैं कि संघ मराठी भूमि छोड़कर अयोध्या की धरती को हिंदुत्व व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की नई प्रयोगशाला बनाएगा। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के जिला और क्षेत्रीय स्तर की टीमों में बदलाव होना है।

पिछले निकाय व विधानसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन वाले लगभग चालीस से ज्यादा जिलाध्यक्ष व कई महानगर अध्यक्ष बदले जाएंगे। साथ ही यूपी के सभी छह क्षेत्रों में कई नए क्षेत्रीय महामंत्री, उपाध्यक्ष भी नियुक्त हो सकते हैं। माना जा रहा है कि 15 जुलाई से पहले उत्तर प्रदेश बीजेपी संगठन में बदलाव कर दिया जाएगा। यूपी बीजेपी की मीडिया टीम में भी फेरबदल कर कई प्रवक्ता और पैनलिस्ट हटाए जाएंगे। निर्मित हो रहे भव्य राम मंदिर व अयोध्या के वैश्विक आकर्षक के चलते महानगर अध्यक्ष का पद जिलाध्यक्ष पद से ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। सो इस पद पर अपने की ताजपोशी के लिए सियासत की साजिश चल रही है। रामनगरी अयोध्या के भाजपाई संगठन में भी बदलाव होना है। अयोध्या जिला संगठन पर पिछले तीन दशक से भाजपा सांसद लल्लू सिंह का दबदबा है। भाजपा के अंदर जब दूसरे दलों के लोग आए और जनप्रतिनिधि हो गए तो लल्लू सिंह की बादशाहत को संगठन में चुनौती मिलने लगी। अयोध्या में जब महानगर इकाई का गठन हुआ तो लल्लू विरोधी खेमा काबिज हो गया।

वर्तमान महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र को सांसद विरोधी खेमे में गिना जाता है जबकि जिलाध्यक्ष संजीव को सांसद खेमे का। सूत्रों के अनुसार अयोध्या भाजपा जिलाध्यक्ष को बदला जाना है। सांसद खेमा चाहता है कि महानगर अध्यक्ष भी लगे हाथ बदल दिया जाए। इसी बदलाव व संगठन पर अपनी पकड़ को लेकर परदे के पीछे भाजपाई मठाधीशों में रार छिड़ गई है। महानगर अध्यक्ष के पक्ष में आंकड़ों की एक मजबूत दीवार है जिसे ध्वस्त करना विरोधियों के लिए बड़ी चुनौती है। साकेत महाविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष रह चुके अभिषेक मिश्र दो बार युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। महानगर अध्यक्ष बनने के पहले वे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य थे और जिले में ब्राह्मण चेहरे के तौर पर भी जाने जाते हैं। विधानसभा 2017 और 2022 में उनकी दावेदारी थी। जब अयोध्या नगर निगम बना तो पहली बार भी वह प्रमुख दावेदार थे और पिछले चुनाव में भी वह अंतिम तीन में शामिल थे। यही नहीं उनके कार्यकाल में विधानसभा के चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ा साथ ही नगर निगम अयोध्या के महापौरी चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की भारी मतों से जीत भी उनके खाते में दर्ज है। जाहिर सी बात है कि किसी नए चेहरे पर उनकी राजनीतिक पूंजी भारी पड़ेगी। महानगर अध्यक्षी से हटाए जाने की चर्चा पर अभिषेक मित्र शायराना अंदाज में कहते हैं कि बिछड़ते वक्त वो तक़सीम कर गया मौसम, बहार उस की तरफ है खिज़ाँ हमारी तरफ।

## 'आने वाले समय में मैं बहुत कुछ अलग करूंगा': सनी कौशल

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। 2016 में 'सनशाइन म्यूजिक टूर्स एंड ट्रैवल्स' के साथ अपनी शुरुआत करने वाले सनी कौशल को अब इंडस्ट्री में आठ साल हो चुके हैं, अभिनेता अपने सफर को बड़े प्यार से याद कर रहे हैं। 34 वर्षीय अभिनेता को उम्मीद है कि वह आने वाले समय में बहुत कुछ बेहतर लेकर सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि वह उन चीजों पर काम करेंगे जिन पर उन्होंने कभी काम नहीं किया है। सनी ने बताया, 'मैं अपने सफर को बहुत प्यार से देखता हूं। मैं इस खूबसूरत इंडस्ट्री में पिछले आठ साल गुजारने के लिए वाकई आभारी हूं। दरअसल एक अभिनेता के तौर पर मैंने यहां आठ साल से ज्यादा समय बिताया।

# रक्त कैंसर के मस्तिष्क में फैलने से गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। विश्व ल्यूकेमिया दिवस पर बुधवार को विशेषज्ञों ने कहा है कि, ब्लड कैंसर सेल्स खून के माध्यम से मस्तिष्क तक पहुंच सकती है। जिससे दृष्टि में धुंधलापन, चेहरे पर असामान्य ऐंठन और सुन्नता सहित गंभीर तंत्रिका संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती है।

बता दें कि विश्व ल्यूकेमिया दिवस हर साल 4 सितम्बर को इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। ल्यूकेमिया ब्लड कैंसर है। इस बीमारी में असामान्य ब्लड सेल्स की तेजी से वृद्धि होती है। यह बीमारी उन सेल्स को प्रभावित करती है, जिनका काम शरीर में रक्त बनाने, ऑक्सीजन ले जाने का कार्य होता है। ल्यूकेमिया सबसे अधिक 55 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्कों में होता है, लेकिन यह 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में होने वाला सबसे आम कैंसर भी है।

फोर्टिस अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग निदेशक और प्रमुख डॉ. प्रवीण गुप्ता ने बताया, ल्यूकेमिया न्यूरोलॉजिकल लक्षणों के मामले में किसी व्यक्ति को कई तरह से प्रभावित कर सकता है। यह केंद्रीय तंत्रिका तंत्र



(सीएनएस) पर सीधे आक्रमण करके न्यूरोलॉजिकल लक्षण पैदा कर सकता है। इसके लक्षणों में सिरदर्द, उल्टी, बुखार, दोहरी दृष्टि या दृश्य धुंधलापन, चेहरे का पेरेस्टेसिया, चेहरे का असामान्य फड़कना, सुन्न होना और हाथों और पैरों में कमजोरी शामिल हो सकते हैं।

**ल्यूकेमिया न्यूरोलॉजिकल लक्षणों के मामले में किसी व्यक्ति को कई तरह से प्रभावित कर सकता है। इसके लक्षणों में सिरदर्द, उल्टी, बुखार, दोहरी दृष्टि या दृश्य धुंधलापन, चेहरे का पेरेस्टेसिया, चेहरे का असामान्य फड़कना, सुन्न होना और हाथों और पैरों में कमजोरी शामिल हो सकते हैं : डॉ. प्रवीण गुप्ता**

गुप्ता ने कहा, इसके अलावा ल्यूकेमिया से संबंधित सूजन मस्तिष्क में रक्त प्रवाह को बाधित कर सकता है, जिससे न्यूरोलॉजिकल परिणाम खराब हो सकते हैं। जब भी ल्यूकेमिया में सीएनएस प्रभाव होता है, तो यह जटिल समस्या बन जाता है और इसके लिए तत्काल उपचार की आवश्यकता होती है। हाल ही में प्रकाशित ग्लोबोकैन 2022 रिपोर्ट के अनुसार, ल्यूकेमिया भारत में रक्त कैंसर का सबसे आम प्रकार है और इसके एक साल में 49,883 मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में इस बीमारी से ग्रसित रोगियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि उन्हें इस बीमारी के दौरान बीमारी से संबंधित इलाज के लिए खून नहीं मिल पाता है।

नई दिल्ली स्थित एम्स के मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट रंजीत कुमार साहू ने आईएएनएस को बताया कि 'ल्यूकेमिया का इलाज संभव है। वे मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं – तीव्र और जीर्ण। जीर्ण ल्यूकेमिया के लिए तत्काल उपचार की आवश्यकता नहीं होती है। जबकि, तीव्र ल्यूकेमिया में तत्काल चिकित्सक के ध्यान की आवश्यकता होती है। वे कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और अन्य चिकित्सा से ठीक हो सकते हैं।

# पोषण आहार सप्ताह : ये 15 न्यूट्रिएंट्स शरीर के लिए हैं जरूरी

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। हर साल एक से सात सितंबर तक 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जाता है। इसका उद्देश्य अच्छे स्वास्थ्य के लिए पोषण की उपयोगिता के बारे में जागरूक करना है। चलिए आपको बताते हैं वो 15 न्यूट्रिएंट्स जो शरीर के लिए बेहद जरूरी है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हेल्दी डाइट लेना बहुत जरूरी है। जिस तरह इंजन के लिए पेट्रोल और डीजल की आवश्यकता होती है, उसी तरह शरीर को चलाने के लिए खाने की जरूरत होती। समय के साथ हमारे खान-पान का तौर-तरीका भी बदल चुका है। हमारा लाइफ स्टाइल बदल गया है, जिसका खामियाजा हमारे शरीर को उठाना पड़ता है।

हम जाने- अनजाने सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। खाना तो खाते हैं, लेकिन इससे शरीर को जरूरी मात्रा में पोषण मिल रहा है या नहीं इस पर ध्यान नहीं देते हैं। हमें इसका महत्व तो पता है लेकिन कई वजहों से खासकर बच्चे जरूरी मात्रा में पोषण ग्रहण नहीं कर पाते हैं और कुपोषण का शिकार हो जाते हैं।

'एनएनडब्ल्यू' की अवधारणा सबसे पहले मार्च 1973 में अमेरिकी डायटेटिक्स एसोसिएशन द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका में पेश की गई थी। भारत में पोषण की शुरुआत 1982 से हुई थी, उस दौरान देश में सबसे अधिक बच्चे कुपोषण के शिकार थे। इस समस्या से उबरने के लिए राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया। इस साल 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' की थीम 'सभी के लिए पौष्टिक आहार' है।



स्वस्थ शरीर के लिए विटामिन, खनिज, प्रोटीन, वसा, पानी और कार्बोहाइड्रेट बहुत जरूरी है। इन आवश्यक पोषक तत्वों को दो कैटेगरी में बांटा गया है। पहला है माइक्रोन्यूट्रिएंट्स जिनमें विटामिन और खनिज होते हैं। मैक्रोन्यूट्रिएंट्स वे पोषक तत्व होते हैं, जिनकी शरीर में अधिक जरूरत होती है। इसमें पानी, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा शामिल हैं।

स्वस्थ शरीर के लिए भोजन में पोषण युक्त तत्व, कैल्शियम, आयरन, विटामिन सी, विटामिन ई, आयोडीन, आयरन, राइबोफ्लेविन, फोलेट, जिंक, मैग्नीशियम, सेलेनियम, थायमिन, नियासिन, विटामिन ए, विटामिन बी6 और विटामिन बी12 का शामिल होना बहुत जरूरी है।

ये सारे न्यूट्रिएंट्स शरीर को स्वस्थ और निरोगी बनाने में मदद करते हैं। खाने में इन न्यूट्रिएंट्स को शामिल करने से शरीर कई गंभीर बीमारियों से दूर रहता है। ये इम्यून सिस्टम को बढ़ाने के अलावा, बॉडी को फिट रखते हैं।

# फैशन मेरे लिए खुद को व्यक्त करने का एक और तरीका : आलिया

**मैं एक नियमित स्किनकेयर रूटीन का पालन करती हूं, जिसमें त्वचा की सफाई, मॉइश्चराइजिंग और धूप से सुरक्षा शामिल है। हाइड्रेटेड रहना भी मेरे रूटीन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है: आलिया भट्ट**

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। आलिया भट्ट अपनी ऑन-स्क्रीन परफॉर्मेंस और स्टाइल से दर्शकों को हमेशा आकर्षित करती रही हैं। उन्होंने हाल ही में कहा है कि फैशन उनके लिए एक कहानी बताने का तरीका है। आलिया ने कहा, 'फैशन मेरे लिए खुद को व्यक्त करने का एक और तरीका है, यह मेरे लिए खुद का प्रतिबिंब है। मैंने हमेशा अपने प्रति सच्चा रहने की कोशिश की है। फैशन हमेशा बदलता रहता है लेकिन मेरे लिए यह हमेशा आरामदायक और आसान रहा है।' जब आलिया से उनके बालों और त्वचा की देखभाल के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने अपने रूटीन के बारे में भी कई बातें शेयर की। उन्होंने कहा 'मैं एक नियमित स्किनकेयर रूटीन का पालन करती हूं, जिसमें त्वचा की सफाई, मॉइश्चराइजिंग और धूप से सुरक्षा शामिल है। हाइड्रेटेड रहना भी मेरे रूटीन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब मैं काम नहीं कर रही होती, तो मैं मेकअप भी नहीं करती हूं ताकि मेरी त्वचा भी आराम कर सके। इसके अलावा मैं अपने बालों को स्टाइलिंग टूल्स और प्रोडक्ट्स से ब्रेक देती हूं ताकि वे स्वस्थ रहें।' आलिया ने अपने सिल्की बालों के बारे में बताते हुए कहा, 'मेरे लिए, बालों के साथ नए-नए प्रयोग करना नए लुक्स को अपनाने का अच्छा तरीका है। यह बहुत अच्छी बात है कि बालों का नया रंग आपके किसी इवेंट में मौजूदगी को कैसे बदल सकता है और यह आपकी परफॉर्मेंस में एक नई ऊर्जा का संचार कर सकता है।'



उल्लेखनीय है कि आलिया भट्ट ने 2012 में अपनी फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' के साथ बॉलीवुड में कदम रखा था। वह इसी साल अक्टूबर के महीने में हिंदी सिनेमा में अपने 12 साल पूरा करने वाली हैं। अपने इस बारह साल के करियर में उन्होंने 'हाईवे', '2 स्टेट्स,' 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया,' 'कपूर एंड सन्स,' 'उड़ता पंजाब,' 'राजी,' 'गली बॉय,' 'गंगूबाई काठियावाड़ी,' 'डार्लिंग्स,' और 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया।

आलिया ने हिंदी सिनेमा में अपने 12 साल के योगदान को याद करते हुए कहा, 'पिछले 12 वर्षों में, मैंने कुछ बेहतरीन निर्देशकों, प्रोडक्शन हाउसों और अभिनेताओं के साथ काम किया है। मैं उन सब के द्वारा मुझे मिले हर प्रोजेक्ट के लिए आभारी हूं, क्योंकि इन लोगों की वजह से ही मुझे इतने विविध और अनोखे किरदार निभाने का मौका मिला है।'

बता दें, आलिया की आगामी फिल्मों में 'जिगरा' और 'अल्फा' शामिल है जिसमें वह एक जासूस की भूमिका में नजर आएंगी।

# डिजिटल उपकरणों पर सक्रियता की वजह से बच्चों का व्यवहार हो रहा चिड़चिड़ा

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। 'जेन अल्फा' यानी नई पीढ़ी जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं, यह वह जनरेशन है जो 2010 के बाद पैदा हुई है। अगले कुछ सालों में उनकी संख्या बेबी बूमर्स (1946 से 1964 के बीच पैदा हुए लोग) से भी ज्यादा हो जाएगी। अनुमान के मुताबिक, 2025 तक इनकी संख्या लगभग 2 बिलियन तक पहुंच जाएगी, जो इंसानी इतिहास में किसी भी पीढ़ी की सबसे बड़ी जनसंख्या होगी।

इन बच्चों को उनके बचपन में ही स्मार्टफोन, टैबलेट और अन्य डिजिटल उपकरणों के साथ खेलने का मौका मिला। ये उपकरण उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। इन उपकरणों की वजह से बच्चों का ध्यान आम गतिविधियों और पढ़ाई से हटकर गेमिंग, वीडियो देखना और कई तरह की डिजिटल गतिविधि में लग गया। इन बच्चों में एक चीज बड़ी ही कॉमन है कि इन बच्चों के



डिजिटल उपकरणों पर सक्रियता की वजह से उनका व्यवहार चिड़चिड़ा हो रहा है। ये बच्चे समय से पहले शारीरिक और मानसिक रूप से परिपक्व तो हो जा रहे हैं। लेकिन, सामाजिक संरचना में रचने-बसने के मामले में ये बेहद कमजोर होते जा रहे हैं। एक फ्लैट या घर के आंगन में कैद ये बच्चे और इनके माता-पिता उनकी सुरक्षा को लेकर इतने परेशान रहते हैं कि इनके लिए ये डिजिटल उपकरण ही उनके विकास का जरिया बन जाता है और वह समाज और रिश्तों से इतर इसी को अपना भविष्य मान बैठते हैं। ऐसे में 'जेन अल्फा' को लेकर हर माता-पिता को यह चिंता रहती है कि इस जेनरेशन के बच्चों को इलेक्ट्रॉनिक गैजेट देना सही होगा या गलत? अगर यह सही है तो कितनी देर के लिए उन्हें इन गैजेट्स के साथ रखना चाहिए? उत्तर प्रदेश के हरदोई के मशहूर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल मिश्रा ने इस विषय पर बात करते हुए कहा कि, 'आजकल यह चलन देखा गया है कि अक्सर माता-पिता बच्चों का ध्यान खुद से हटाने के लिए या अपने लिए समय निकालने के लिए अपने बच्चों के हाथ में मोबाइल दे देते हैं। जिससे बच्चे काफी लंबे समय तक वीडियो देखते रहते हैं या गेम खेलते रहते हैं। यह उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत दोनों के लिए बहुत ही खतरनाक है। इससे बच्चों का दिमाग न सिर्फ समय से पहले परिपक्व होने लगता है, बल्कि बच्चों द्वारा स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने से उनके दिमाग का चरणबद्ध विकास रूक जाता है।' वह आगे कहते हैं, 'माता-पिता को चाहिए कि बच्चों को इलेक्ट्रॉनिक गैजेट देने की बजाय ज्यादा से ज्यादा आउटडोर गेम खेलने के लिए प्रेरित करे। इससे न उनके व्यवहार में सौम्यता आती है, बल्कि बच्चों का चिड़चिड़ापन भी खत्म होता है।'

**इन बच्चों को उनके बचपन में ही स्मार्टफोन, टैबलेट और अन्य डिजिटल उपकरणों के साथ खेलने का मौका मिला। ये उपकरण उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। इन उपकरणों की वजह से बच्चों का ध्यान आम गतिविधियों और पढ़ाई से हटकर गेमिंग, वीडियो देखना और कई तरह की डिजिटल गतिविधि में लग गया।**

बच्चों के बदले व्यवहार पर डॉ. विशाल कहते हैं, 'अक्सर देखा जाता है कि बच्चे जब इलेक्ट्रॉनिक गैजेट पर सक्रिय होते हैं, इस दौरान उन्हें किसी और काम के लिए कुछ कहा जाए तो कई बार वह बड़े ही उग्र हो जाते हैं, इसके लिए भी बच्चों का स्क्रीन टाइम ही जिम्मेदार है।

# शिकागो में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं अभिनेत्री नेहा शर्मा

**मुंबई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री नेहा शर्मा इन दिनों शिकागो में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री ने अपने टूर की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जहां वह स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाती नजर आ रही हैं। नेहा के इंस्टाग्राम पर 21 मिलियन फॉलोअर्स हैं। इस प्लेटफॉर्म पर अभिनेत्री ने अपनी छुट्टियों की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। फोटोज में उन्हें अलग-अलग तरह की आइसक्रीम का लुत्फ उठाते देखा जा सकता है। एक तस्वीर में उन्होंने ब्लैक स्लीवलेस टॉप पहना हुआ है, जबकि दूसरी में वह ब्लू शर्ट पहने दिखाई दे रही हैं। इस तस्वीरों में फ्राइज़, पास्ता और कुछ ड्रिंक्स को देखा जा सकता है।

आपको इस पोस्ट के कैप्शन में आइसक्रीम, दिल, आम और नूडल्स जैसे कई इमोजी देखने का मिल जाएंगे। नेहा के करियर के बारे में बात करें तो उन्होंने 2007 में तेलुगु फिल्म 'चिरुथा' से अभिनय करियर की शुरुआत की थी। पुरी जगन्नाथ द्वारा लिखित और निर्देशित इस एक्शन फिल्म में राम चरण ने प्रकाश राज और आशीष विद्यार्थी के साथ काम किया था। नेहा ने 2010 में 'क्रूक' से हिंदी फिल्म में डेब्यू किया था। मोहित सूरी द्वारा निर्देशित और मुकेश भट्ट द्वारा निर्मित इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में इमरान हाशमी, शेला एलन और अर्जन बाजवा मुख्य भूमिकाओं में थे।

# 'कार्डियो ड्रमिंग' के बारे में जान गए तो जिम जाकर नहीं करनी होगी मेहनत, संगीत सुनते-सुनते होगा वजन कम

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आजकल कई तरह के व्यायाम किए जाते हैं। कुछ लोग सुबह दौड़ लगाते हैं, तो कुछ लोग अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए घंटों जिम में पसीना बहाते हैं। इन व्यायामों के अलावा कई अलग और दिलचस्प तरीके के एक्सरसाइज का भी लोग सहारा लेते हैं। आज कल ऐसे ही दिलचस्प व्यायाम में 'कार्डियो ड्रमिंग' खूब प्रचलित है। कार्डियो ड्रमिंग के जरिए शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हर दिन एक ही तरह के बोरिंग व्यायाम से निजात पाई जा सकती है। इस व्यायाम की खासियत यह है कि इसको करने से आपके हृदय के आसपास की मांसपेशियां मजबूत हो जाती हैं, जिससे हृदय रोग का खतरा भी कम होता है।



**व्यायाम को करने के लिए आपको दो ड्रमस्टिक, एक फिटनेस बॉल और नीचे रखने के लिए एक स्थिर बेस की आवश्यकता है। फिटनेस बॉल को बेस पर रखा जाता है, जो इसे स्थिर रखता है ताकि आप आराम से व्यायाम कर सकें।**

इसमें व्यायाम को करने के लिए आपको दो ड्रमस्टिक, एक फिटनेस बॉल और नीचे रखने के लिए एक स्थिर बेस की आवश्यकता है। फिटनेस बॉल को बेस पर रखा जाता है, जो इसे स्थिर रखता है ताकि आप आराम से व्यायाम कर सकें। कार्डियो ड्रमिंग के कई स्वास्थ्य लाभ हैं। यह हृदय के स्वास्थ्य को सुधारने, ब्लड प्रेशर को कम करने, तनाव और चिंता को कम करने, सहनशक्ति को बढ़ाने, और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद करता है। दिल्ली एनसीआर के जाने-माने अस्पताल मेदांता के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. प्रशांत पांडेय इस व्यायाम को बहुत ही कारगर मानते हैं। वह कहते हैं, 'जिन लोगों की नियमित व्यायाम में रुचि नहीं है, या रोज-रोज एक ही व्यायाम करके जो लोग थक गए हैं, ऐसे लोगों के लिए कार्डियो ड्रमिंग बहुत ही अच्छा व्यायाम है। यह उन लोगों में और प्रभावी होता है जिन लोगों को संगीत में रुचि होती है।'

हालांकि कार्डियो ड्रमिंग से सिर्फ हृदय कोशिकाओं का व्यायाम होता है, इससे वह सहमत नहीं हैं। वह कहते हैं, 'ऐसा नहीं कि यह व्यायाम सिर्फ हृदय कोशिकाओं पर असर करता है। कार्डियो ड्रमिंग करने से हाथों की मसल्स, कोर मसल्स के अलावा एरोबिक के अंदर आने वाली लगभग सभी मसल्स का इस्तेमाल होता है। यह कोई अलग व्यायाम नहीं है, बल्कि लोगों द्वारा किए जा रहे डेली व्यायाम का ही हिस्सा है।'

# कहीं आप भी तो अपने बच्चों के सिर पर हेलीकॉप्टर की तरह नहीं मंडरा रहे?

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। आपने अक्सर पेरेंट्स को यह कहते हुए जरूर सुना होगा कि हम अपने बच्चों को वह सब कुछ देना चाहते हैं, जो हमें नहीं मिला। इसके साथ ही वह बच्चों से कई तरह की उम्मीदें बांध लेते हैं। इसके लिए वह हर समय उनके सिर पर खड़े रहते हैं, जिससे बच्चे परेशान हो जाते हैं। सबसे पहले हम आपको बता दें कि आखिर हेलीकॉप्टर पेरेंटिंग होती क्या है? बच्चे के हर एक काम या उसके फैसले में दखलंदाजी करना या उसे सलाह देना ही हेलीकॉप्टर पेरेंटिंग में आता है। हर एक माता-पिता अपने बच्चों के पालन-पोषण में कभी कोई कमी नहीं छोड़ते, वह बच्चों को अपने फैसले लेने के लिए फ्री छोड़ देते हैं, चाहे वह पढ़ाई का फैसला हो या कोई निजी फैसला। पेरेंट्स उन्हें मौका देते हैं कि वह अपने फैसले खुद से लें। मगर कई पेरेंट्स इस मामले में एक अलग ही तरह का रुख अख्तियार करते हैं। वह छोटी-छोटी चीजों के लिए एक हेलिकॉप्टर की तरह बच्चों के सिर पर मंडराते रहते हैं। पिछले कुछ वर्षों में हेलिकॉप्टर



पेरेंटिंग का चलन बहुत बढ़ गया है। सबसे पहले डॉ. हेम गिनोट ने 1969 में अपनी किताब 'बीटवीन पेरेंट एंड टीएनजर' में 'हेलीकॉप्टर पेरेंटिंग' का जिक्र किया था। इसी हेलीकॉप्टर पेरेंटिंग को समझने के लिए आईएएनएस ने शिक्षाविद, पैरेंट्स लाइफ कोच और उत्तर प्रदेश शिक्षा परिषद की अध्यक्ष अंजलि चोपड़ा से बात की। उन्होंने कहा, 'हेलीकॉप्टर पेरेंट्स वह होते हैं जो अपने बच्चों के हर छोटे-बड़े फैसले में उनका साथ देते हैं। वह चाहते हैं कि उनके बच्चे को किसी भी तरह की कोई परेशानी न आए। मगर कभी-कभी यह बच्चों के लिए हानिकारक भी साबित हो सकता है। इससे बच्चे अपने खुद के फैसले लेने में समर्थ नहीं हो पाते, फिर किसी भी परेशानी में उन्हें अपने माता-पिता की ही याद आती है।' अंजलि चोपड़ा ने कहा कि अगर आप भी हेलीकॉप्टर पेरेंटिंग कर रहे हैं तो आज से ही इसमें बदलाव लाने की जरूरत है।

उन्होंने बताया, 'सबसे पहले तो अपने बच्चों को अपने छोटे-छोटे फैसले खुद लेने दें, यह फैसले शुरू में थोड़े गलत हो सकते हैं मगर समय के साथ बच्चों को काफी कुछ सीखने को मिलेगा। अगर बच्चों को कुछ काम करने में परेशानी हो रही है तो उन्हें केवल गाइडेंस दें।' एक बात पर उन्होंने जोर देते हुए कहा, 'कई बार हमें यह देखने को मिलता है कि बच्चों के स्कूल की ओर से दिए गए प्रोजेक्ट पेरेंट्स खुद ही पूरे कर रहे हैं, जो बिल्कुल गलत बात है। उन्हें यह सब खुद से करने दें। ऐसे में बच्चों को पूरी तरह से दिशा-निर्देश दें, ताकि वह इसे खुद से कर पाएं।' अंजलि चोपड़ा ने कहा कि हेलीकॉप्टर पेरेंटिंग करने से अच्छा है कि आप अपने बच्चे की बातें सुने, उन्हें समझें, अपने फैसले खुद से लेने दें, ताकि वह समाज के सामने अपने विचार रखने में समर्थ रहे। 'हमारे बच्चे अपनी जिंदगी को तभी अच्छे से समझ पाएंगे जब हम उन्हें कुछ करने का मौका देंगे। अपनी बातों को उन पर ना थोपें, इसके साथ ही यह उम्मीद बिल्कुल न करें कि आप जो कह रहे हैं वह उसे वैसे ही समझेंगे।'

# पूजा बत्रा ने अपनी फुकेट यात्रा से शेयर की शानदार तस्वीरें

**मुंबई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री पूजा बत्रा ने थाईलैंड के फुकेट से अपनी कुछ शानदार तस्वीरें शेयर की है। वह वहां अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने गई हैं। इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री के एक मिलियन फॉलोअर्स हैं। इस प्लेटफॉर्म पर उन्होंने फुकेट से अपने कुछ शानदार पल शेयर किए हैं। पूजा बत्रा ने एक रील वीडियो शेयर किया है, जिसमें बाघ, हाथी, चील, मगरमच्छ और डॉल्फिन शो की झलक देखी जा सकती है। इस वीडियो में वह एक सफेद मिनी क्रोकेट ड्रेस पहने दिखाई दे रही हैं। उन्होंने अपने लुक को एक मैचिंग हेयरबैंड के साथ पूरा किया। इसमें पूजा को हाथियों को खाना खिलाते हुए भी देखा जा सकता है और उन्होंने काले रंग की शर्ट ड्रेस पहनी हुई है। इस वीडियो में अभिनेत्री ने कैप्शन देते हुए लिखा, 'फैमिली के साथ फुकेट और उसके सभी आकर्षणों का आनंद लेते हुए।' स्टोरीज सेक्शन में पूजा ने अपनी मां नीलम बत्रा का भी एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह बाघ के साथ नजर आ रही हैं।

पूजा की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने अभिनेता नवाब शाह से शादी की है। दोनों ने 4 जुलाई



2019 को आर्य समाज परंपराओं के अनुसार दिल्ली में शादी की थी। बता दें कि उनकी पहली शादी ऑर्थोपेडिक सर्जन सोनू अहलूवालिया से हुई थी। जो नहीं चल पाई और दोनों जनवरी 2011 में अलग हो गए। पूजा के करियर की बात करें तो उन्होंने 1993 में 'फेमिना मिस इंडिया' में उपविजेता का खिताब जीता और उन्हें फेमिना मिस इंडिया इंटरनेशनल-1993 का ताज पहनाया गया।

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 2.48 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.74 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 1.31 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.18 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.43 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.29 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.20 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.00 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.97 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 0.94 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 71,280 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 81,038 |
| वायदा | 68,426 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2700-2800 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4200-4300 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 7200-7300 |
| दाल चना | 8200-8300 |
| मसूर काली | 7400-7500 |
| उड़द दाल | 11500-11600 |
| मूंग दाल | 10000-10100 |
| अरहर दाल | 10700-10800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा 750 करोड़ रुपए का 'एग्रीश्योर फंड'

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार की ओर से 'एग्रीश्योर फंड' लॉन्च किया गया है। इस फंड का कैपिटल पूल 750 करोड़ रुपए का होगा और इससे कृषि क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

**किसानों के समृद्ध होने से ही बेहतर होगी देश की अर्थव्यवस्था**

एग्रीश्योर फंड को कृषि और ग्रामीण स्टार्टअप इकोसिस्टम में वृद्धि और इनोवेशन को बढ़ाने के लिए बनाया गया है। सरकार की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि इस फंड का साइज 750 करोड़ रुपए का है। यह सेबी के पास कैटेगरी-2 के तहत पंजीकृत है। इस फंड को बनाने में सरकार ने 250 करोड़ रुपए, नाबार्ड ने 250 करोड़ रुपए और बैंकों एवं इंश्योरेंस कंपनियों ने 250 करोड़ रुपए का योगदान दिया है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 'एग्रीश्योर फंड' सरकार द्वारा किए जा रहे पिछले प्रयासों की निरंतरता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारत के प्रत्येक किसान को आगे बढ़ने के लिए आवश्यक तकनीकी सहायता मिले।



'एग्रीश्योर फंड' सरकार द्वारा किए जा रहे पिछले प्रयासों की निरंतरता है : शिवराज सिंह चौहान

उन्होंने आगे कहा कि किसानों के समृद्ध होने से ही देश की अर्थव्यवस्था समृद्ध होगी। हमारा विजन हर किसान को सशक्त बनाना है।

इस इवेंट में 6 लाख रुपए के प्राइज पूल वाले एग्रीश्योर ग्रीनथॉन अवॉर्ड भी दिए गए। इसमें अवॉर्ड के लिए ऐसे इनोवेटिव स्टार्टअप को चुना गया था, जिन्होंने कृषि क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला में विभिन्न चरणों पर वैल्यू एडिशन किया। कुल 10 फाइनलिस्टों में से शीर्ष तीन स्टार्टअप, ग्रीनसेपियो, क्रुशिकंती और एम्ब्रोनिक्स, को क्रमशः विजेता, उपविजेता और दूसरे उपविजेता के रूप में चुना गया। देवेश चतुर्वेदी ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप की काफी आवश्यकता है।

## वित्त मंत्रालय ने 500 करोड़ रुपए से ज्यादा के खर्च के लिए नियमों में दी ढील



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने 500 करोड़ रुपए से अधिक के व्यय के मामले में नियमों में ढील दी है। इस पहल का मकसद पूंजीगत खर्च में तेजी लाना है। चालू वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय 1.11 लाख करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है। इससे सरकारी खर्च को बढ़ावा मिलेगा। आम चुनावों के कारण कुछ महीनों तक पूंजीगत कम रहा था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के बजट में पूंजीगत व्यय अनुमान को 11.1 प्रतिशत बढ़ाकर रिकॉर्ड 11.11 लाख करोड़ रुपए करने का प्रस्ताव रखा है। मंत्रालय ने दो सितंबर, 2024 को एक कार्यालय ज्ञापन में कहा कि बजट के प्रस्तावों के क्रियान्वयन में परिचालन लचीलापन प्रदान करने के लिए, चालू वित्त वर्ष में व्यय के लिए 500 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जारी करने के नियमों में ढील देने का निर्णय लिया गया है।

## देश में और मजबूत होगा हाईवे नेटवर्क, बनेंगी 74 नई सुरंगें

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में हाईवे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने आने वाले वर्षों में 74 नई सुरंगें बनाने का फैसला किया है। इन प्रोजेक्ट्स की अनुमानित लागत करीब एक लाख करोड़ रुपए है।

सरकार की ओर से 15 हजार करोड़ रुपए की लागत से 49 किलोमीटर लंबी 35 सुरंगें पहले ही बनाई जा चुकी हैं। अब सरकार 273 किलोमीटर की नई सुरंगें बनाने की तैयार कर रही है।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में देश में सुरंगों का नेटवर्क काफी मजबूत हुआ है। मौजूदा समय में 40,000 करोड़ रुपए की लागत से 134 किलोमीटर लंबी 69 के करीब सुरंगें बन रही हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में फिक्की के टनलिंग इंडिया कॉन्फ्रेंस में मंत्री की ओर से कहा गया कि सरकार भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम कर रही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सड़कों पर नागरिकों की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है। वर्षा, भूस्खलन और बाढ़ से सड़कों को बचाने के लिए लागत प्रभावी स्थायी समाधान की जरूरत है। सरकार की ओर से काम की गुणवत्ता को सुधारने के लिए सुरंग और डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स (डीपीआर) बनाने के लिए बनाए गए ज्वाइंट वेंचर में 51 प्रतिशत विदेशी हिस्सेदारी की अनुमति दी है।

गडकरी ने कहा कि हमें ऐसे समाधान तलाशने होंगे जिसमें गुणवत्ता के साथ समझौता किए बिना अच्छी तकनीक हो और लागत प्रभावी भी हो।



■ 273 किलोमीटर की नई सुरंगें बनाने की तैयारी कर रही सरकार

## फेम-3 दो महीने में शुरू किया जाएगा : कुमारस्वामी



**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारवामी ने कहा कि सरकार स्थानीय विनिर्माण और सतत विकास को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत के ईवी पारिस्थितिकी तंत्र को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से अपनाने और विनिर्माण (फेम) योजना का तीसरा संस्करण दो महीने के भीतर शुरू किया जाएगा।

श्री कुमारस्वामी ने यहां एक सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि हम ईवी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपना रहे हैं और मैं सभी हितधारकों से भारत को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में वैश्विक नेता बनाने और 'विकसित भारत' के हमारे दृष्टिकोण की दिशा में हाथ मिलाने का आह्वान करता हूं। उन्होंने कहा कि जुलाई 2024 में ई तीन पहिया वाहनों की घरेलू बिक्री बढ़कर 59073 इकाई हो गई, और ई दोपहिया वाहनों की बिक्री 14,41,694 इकाई तक पहुंच गई, जो कि पिछले साल की तुलना में 12.5 प्रतिशत अधिक है। मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बदलाव के लिए कुशल कार्यबल की आवश्यकता होती है और हम भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के लिए कौशल अंतर को दूर करने के लिए उद्योग निकायों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं।

## देश में बीते 3 वर्ष में पांच गुना हुई फिनटेक स्टार्टअप की संख्या

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत की फिनटेक इंडस्ट्री तेजी से आगे बढ़ रही है। मौजूदा समय में देश में 26 फिनटेक यूनिकॉर्न हैं। इनकी संयुक्त मार्केट वैल्यू 90 अरब डॉलर से भी ज्यादा है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। जेएम फाइनेंसियल की एक रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले तीन वर्षों में भारत में फिनटेक स्टार्टअप की संख्या पांच गुना बढ़कर 10,200 (2024) हो गई है।

वहीं, 2021 में यह आंकड़ा 2,100 था। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में एक डेकाकॉर्न फिनटेक (10 अरब डॉलर से अधिक की वैल्यूएशन) है। वहीं, 25 यूनिकॉर्न हैं, जिनकी वैल्यूएशन एक अरब डॉलर से लेकर 10 अरब डॉलर के बीच है।




भारत की फिनटेक कंपनियों की अनुमानित संयुक्त वैल्यू 125 अरब डॉलर के करीब

37 मिनिकॉर्न हैं, जिनकी वैल्यूएशन 100 मिलियन डॉलर से लेकर 1 अरब डॉलर है।

इसके अलावा देश में 87 सूनीकॉर्न फिनटेक स्टार्टअप हैं, जिनकी वैल्यूएशन 60 मिलियन से लेकर 100 मिलियन डॉलर के बीच है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की सभी फिनटेक कंपनियों की अनुमानित संयुक्त वैल्यू 125 अरब डॉलर के करीब है।

वित्त वर्ष 23 में इन सभी कंपनियों की अनुमानित आय 20 अरब डॉलर के आसपास थी। यह देश में मौजूद सभी बैंक, फाइनेंसियल सर्विसेज और इंश्योरेंस (बीएफएसआई) कंपनियों की कुल आय का 5 प्रतिशत था।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की फिनटेक इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा फंडिंग पेमेंट और लैंडिंग कंपनियों को मिल रही है। फिनटेक इंडस्ट्री द्वारा जुटाई गई कुल फंडिंग का 85 प्रतिशत इन्हीं कंपनियों द्वारा जुटाया गया है। 2014 से 2023 के बीच भारतीय फिनटेक स्टार्टअप्स ने 1,486 डील में कुल 28 अरब डॉलर जुटाए हैं।

### सार संक्षेप

## फ्रेंकलिन इंडिया मीडियम टू लॉन्ग ड्यूरेशन फंड खुला

**नई दिल्ली।** फ्रैंकलिन टेम्पलटन (इंडिया) का ओपन-एंडेड मीडियम टू लॉन्ग ड्यूरेशन डेट फंड - 'फ्रैंकलिन इंडिया मीडियम टू लॉन्ग ड्यूरेशन फंड' निवेश के लिए खुल गया है। कंपनी ने कहा कि यह फंड 4 से 7 साल की अवधि के साथ गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर्स, बॉन्ड्स, डिपॉज़िट प्रमाणपत्र, कमर्शियल पेपर, ट्रेज़री बिल और सरकारी प्रतिभूतियों जैसे विभिन्न डेट और मनी मार्केट उपकरणों में निवेश करेगा। नई फंड पेशकश 17 सितंबर, 2024 तक खुली रहेगी, जिसके दौरान प्रति इकाई 10 रुपए में इकाइयां खरीदी जा सकती हैं। फंड के लॉन्च और उसकी निवेश रणनीति के बारे में बताते हुए फ्रैंकलिन टेम्पलटन में उपाध्यक्ष और पोर्टफोलियो मैनेजर, इंडिया फिक्स्ड इनकम, चांदनी गुप्ता ने कहा कि यह फंड लचीले प्रबंधन दृष्टिकोण का उपयोग करेगा। जिससे बदलती मैक्रो आर्थिक परिस्थितियों के आधार पर फंड की निवेश अवधि समायोजित की जा सकेगी। इसलिए यह उन निवेशकों के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है जो अपनी समग्र निवेश रणनीति में निश्चित आय देने वाले वाले निवेश को शामिल करना चाहते हैं।

## जैक्सन इंजीनियर्स करेगी दो हजार करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** ऊर्जा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र के जैक्सन समूह की इकाई जैक्सन इंजीनियर्स लिमिटेड (जेईएल) अपने सौर विनिर्माण कारोबार के विस्तार के लिए 2000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि वह लगभग 2,000 करोड़ रुपए का निवेश करके 2500 मेगावाट सौर सेल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की योजना बना रही है। इसे दो चरणों में विकसित किया जाएगा। कंपनी अपनी मौजूदा सोलर मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग सुविधा को 2,000 मेगावाट तक विस्तारित कर रही है। जैक्सन समूह के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संदीप गुप्ता ने कहा कि हम अपनी विनिर्माण क्षमताओं में इस उल्लेखनीय वृद्धि की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। यह विस्तार न केवल बाजार में हमारी स्थिति को मजबूत करता है बल्कि जैक्सन की उल्लेखनीय वृद्धि और स्थिरता के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

## जेबीएल का नया अभियान 'इंजीनियर्ड फॉर इमोशन' की घोषणा

**नई दिल्ली।** ऑडियो ब्रांड जेबीएल ने अपने फेस्टिव अभियान 'इंजीनियर्ड फॉर इमोशन' के लॉन्च की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि यह अभियान ऐसे उत्पाद बनाने के लिए जेबीएल की प्रतिबद्धता को उजागर करता है, जो न सिर्फ शानदार साउंड प्रदान करते हैं, बल्कि भावनाओं को भी जागृत करते हैं। ऐसी भावनाएँ, जो आत्म-अभिव्यक्ति और प्रामाणिकता को बढ़ाती हैं, और सुनने वाले व्यक्ति को रोमांच से भर देती हैं। यह कैम्पेन सितंबर से लेकर नवंबर तक चलेगा, जिसका लक्ष्य ऑडियो के प्रति विशेष रुझान रखने वाले यूज़र्स को ऑडियो के सबसे बेहतरीन अनुभव प्रदान करना है। यह अभियान इस बात का जश्न मनाता है।

# पंद्रह समूहों में बिकवाली से बाजार की तेजी थमी


**मुंबई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की गिरावट से निराश निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, आईटी, दूरसंचार, बैंकिंग, धातु और टेक समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक की लगातार जारी तेजी आज थम गई।

■ सेंसेक्स 202.80 अंक की गिरावट लेकर 82,352.64 पर रहा
■ निफ्टी 81.15 अंक कमजोर होकर 25,198.70 पर बंद

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 202.80 अंक की गिरावट लेकर 82,352.64 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 81.15 अंक कमजोर होकर 25,198.70 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा, जिससे मिडकैप 0.15 प्रतिशत फिसलकर 49,065.43 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.26 प्रतिशत बढ़कर 56,208.39 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4047 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2043 में गिरावट जबकि 1910 में तेजी रही वहीं 94 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियों में बिकवाली जबकि 18 में लिवाली हुई वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के 15 शेयरों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे ऊर्जा 0.68, वित्तीय सेवाएं 0.40, इंडस्ट्रियल्स 0.21, आईटी 0.91, दूरसंचार 0.82, यूटिलिटीज 0.27, ऑटो 0.37, बैंकिंग 0.70, कैपिटल गुड्स 0.28, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.47, धातु 1.11, तेल एवं गैस 0.55, पावर 0.53, टेक 0.71 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.46 प्रतिशत लुढ़क गए।




अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.61, जर्मनी का डैक्स 0.53, जापान का निक्केई 4.24, हांगकांग का हैंगसेंग 1.10 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.67 प्रतिशत लुढ़क गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 710 अंक की गिरावट लेकर 81,845.50 अंक पर खुला और बिकवाली जारी रहने से थोड़ी देर बाद ही 81,833.69 अंक के निचले स्तर तक गिर गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 82,408.54 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 82,555.44 अंक के मुकाबले 0.25 प्रतिशत टूटकर 82,352.64 अंक पर आ गया।

इसी तरह निफ्टी भी 190 अंक उतरकर 25,089.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,083.80 अंक के निचले जबकि 25,216.00 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.29, एक्सिस बैंक 1.20, एसबीआई 1.00, आईसीआईसीआई बैंक 0.97, इंफ़ोसिस 0.94, एलटी 0.86, टीसीएस 0.68, बजाज फाइनेंस 0.60, टाटा स्टील 0.53, पावरग्रिड 0.51, अडानी पोर्ट्स 0.50, टाटा मोटर्स 0.48, एचसीएल टेक 0.36, एनटीपीसी 0.32, आईटीसी 0.32, टाइटन 0.30, मारुति 0.24, इंडसइंड बैंक 0.15 और जेएसडब्ल्यू स्टील 0.06 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एशियन पेंट 2.48, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.74, अल्ट्रासिमको 1.31, सन फार्मा 1.18, रिलायंस 0.43, एचडीएफसी बैंक 0.26, बजाज फिन सर्व 0.23, टेक महिंद्रा 0.19, भारती एयरटेल 0.18 और कोटक बैंक के शेयर 0.04 प्रतिशत लाभ में रहे।

## साउथ इंडियन बैंक ने यूनिफाइड कोलैटरल मैनेजमेंट सॉल्यूशंस के लिए एसएलसीएम के साथ साझेदारी की



**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। साउथ इंडियन बैंक ने खेती में किसानों और अन्य हितधारकों की मदद के लिए 'यूनिफाइड कोलैटरल मैनेजमेंट सॉल्यूशंस' प्रदान करने के लिए सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है। यह सहयोग प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर पोस्ट-हार्वेस्ट क्रेडिट तक पहुंच को बढ़ावा देगा। साथ ही किसानों को वैज्ञानिक भंडारण सेवाएं प्रदान की जाएंगी और मंडियों में कमोडिटी की निष्पक्ष कीमतें सुनिश्चित होंगी।इस साझेदारी के जरिए खेती में आने वाली कुछ प्रमुख चुनौतियों विशेषकर फसलों की कटाई के बाद के भंडारण और फाइनेंसिंग के क्षेत्रों में समाधान प्रदान किये जाएंगे। इसके तहत, एसएलसीएम द्वारा प्रदान किए गए नए कोलैटरल मैनेजमेंट और वेयरहाउसिंग समाधानों का संयोजन साउथ इंडियन बैंक की वित्तीय विशेषज्ञता से किया जाएगा। इस साझेदारी के बारे में साउथ इंडियन बैंक के एसजीएम और हेड-क्रेडिट सेंथिल कुमार ने कहा,साउथ इंडियन बैंक में, हम उन किसानों के लिए स्थायी विकास और वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपना कृषि पोर्टफोलियो बनाना चाहते हैं ताकि ग्रामीण भारत में एक मजबूत ढांचा तैयार करके पैदावार, आमदनी आदि में सुधार हो सके। इससे वे अपनी कमोडिटी का सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीके से भंडारण कर सकेंगे। साथ ही किसानों और कृषि-व्यवसायों को प्रतिस्पर्धी दरों पर पोस्ट-हार्वेस्ट क्रेडिट तक आसान पहुंच भी मिलेगी।नई साझेदारी को लेकर एसएलसीएम ग्रुप के सीईओ संदीप सभरवाल ने कहा, साउथ इंडियन बैंक के साथ हमारा गठबंधन हमारे कोलैटरल मैनेजमेंट और वेयरहाउसिंग बिजनेस मॉडल की मजबूती दर्शाता है, जिसे एक मजबूत 'फिजिटल' इंफ्रास्ट्रक्चर और बेजोड़ वेयरहाउस प्रबंधन विशेषज्ञता पर बनाया गया है।

## खाद्य तेलों में टिकाव, गेहूं महंगा

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि उठाव होने से गेहूं 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 23 रिंगिट गिरकर 9337 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.17 सेंट की तेजी लेकर 41.15 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान गेहूं 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 7200-7300, दाल चना 8200-8300, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 10000-10100, उड़द दाल 11200-11300, अरहर दाल 10700-10800 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2700-2800 रुपए और **चावल :** 2800-2900 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## नेक्स्टवेव व एनएसडीसी ने की स्किलअप इंडिया 4.0 की शुरुआत

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। नेक्स्टवेव ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के साथ मिलकर नेक्स्टवेव स्किलअप इंडिया 4.0 का शुभारंभ किया है, जो भारत की एक अनूठी टेक अपस्किलिंग पहल है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नेक्स्टवेव स्किलअप इंडिया 4.0 देश का अनूठा अपस्किलिंग कार्यक्रम है, जिसे एआई, एमएल और फुल-स्टैक डेवलपमेंट जैसी 4.0 तकनीको में उन्नत कौशल से लैस करके देश के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य उद्योग और शिक्षाविदों के बीच की दूरी को भरकर तकनीकी पेशेवरों और इनोवेटर्स की अगली पीढ़ी को बढ़ावा देना है। यह पहल पूरे भारत में 30 लाख से अधिक छात्रों को 4.0 तकनीको में सशक्त बनाएगी और उन्हें सही करियर के अवसरों से जोड़ेगी। नेक्स्टवेव के प्रयास इन छात्रों को कुशल पेशेवरों में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे जो भारत के विकास और वैश्विक स्थिति में योगदान देंगे। नेक्स्टवेव के सह-संस्थापक और सीईओ राहुल अत्तुलुरी ने कहा कि हम कौशल विकास मंत्रालय के मार्गदर्शन में एनएसडीसी के साथ साझेदारी करके सम्मानित महसूस कर रहे हैं, ताकि योग्य छात्रों को उनकी पूरी क्षमता को अनलॉक करने के लिए आवश्यक उपकरणों और कौशल से लैस किया जा सके। भारत के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए एनएसडीसी की अटूट प्रतिबद्धता वास्तव में प्रेरणादायक है, और हम उनके समर्थन के लिए आभारी हैं। हम साथ मिलकर युवा मस्तिष्कों के लिए भारत की विकास गाथा का पता लगाने, नवाचार करने और योगदान करने के अवसर पैदा करने के लिए समर्पित हैं। स्किलअप इंडिया 4.0 एक अत्यधिक कुशल भविष्य के लिए तैयार कार्यबल को विकसित करने के हमारे साझा दृष्टिकोण से जन्मा है, क्योंकि एआई और उभरती तकनीकें भारतीय बाजार में विशाल अवसर पैदा करने का वादा करती हैं।



भारत में 30 लाख से अधिक छात्रों को 4.0 तकनीको में सशक्त बनाने की तैयारी

नौकरी बाजार में बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच, नेक्स्टवेव, स्किलअप इंडिया 4.0 पहल के तहत, 5 लाख से अधिक छात्रों के लिए उनके कौशल का आकलन करने और उन्हें सही अवसरों से जोड़ने के लिए एक मुफ्त सॉफ्टवेयर नौकरी रोजगार परीक्षा आयोजित करेगा। इसके अतिरिक्त, शीर्ष सॉफ्टवेयर नौकरियों की बाधाओं को दूर करने के लिए, एनएक्सटवेव एनआईआरएफ-रैंक वाले 500 कॉलेजों में मेधावी छात्रों को अपने 2-वर्षीय फुल स्टैक प्लस एआई/एमएल कार्यक्रम का मुफ्त पहुंच प्रदान कर रहा है। एनएसडीसी के सीईओ वेद मणि तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का एक दूरदर्शी लक्ष्य निर्धारित किया है।

# खेल जगत

## डब्ल्यूटीसी फाइनल तीन मैचों का होना चाहिए : नाथन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल प्रारूप का एक अनोखा और नया तरीका बताया है, जिसमें उन्होंने कई देशों में तीन मैचों की श्रृंखला खेलने का सुझाव दिया है। उनका मानना है कि एक फाइनल मैच के आयोजन के स्थान पर, जहां श्रृंखला का भाग्य एक ही सत्र पर निर्भर हो सकता है, कई मैचों का फाइनल टेस्ट क्रिकेट की भावना और रोमांच को बेहतर ढंग से दर्शाएगा। आईसीसी ने लियोन के हवाले से बताया कि यह कोई टूर्नामेंट नहीं है। जहां आप सेमीफाइनल में पहुंचकर दो गेम हारकर या कुछ और करके नहीं रह सकते। आपको दो साल के चक्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। एक चीज जो मैं देखना चाहूंगा, वह यह कि मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल संभावित रूप से तीन मैचों की सीरीज में देखना चाहूंगा।



## दलीप ट्रॉफी के पहले राउंड के बाद भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान संभव

**मुंबई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय टेस्ट टीम का अभ्यास सत्र चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में 12 सितंबर से शुरू होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज़ की शुरुआत 19 सितंबर से होगी।

■ भारत और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज़ की शुरुआत 19 सितंबर से होगी



बांग्लादेश का अभ्यास सत्र चेपॉक पर ही 15 सितंबर से शुरू होगा।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बांग्लादेश के खिलाफ ।दो टेस्ट मैचों की सीरीज़ के लिए अभी तक टीम की घोषणा नहीं की है। यह घोषणा दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के बाद होने की संभावना है, जो 5 से 8 सितंबर तक बेंगलुरु और अनंतपुर में प्रस्तावित है। दलीप ट्रॉफ़ी में शुभमन गिल, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, कुलदीप यादव, आकाश दीप, यशस्वी जयसवाल, सरफराज़ खान, ऋषभ पंत, मुकेश कुमार, श्रेयस अय्यर, अर्शदीप सिंह और केएस भरत समेत अन्य खिलाड़ी खेलते नज़र आएंगे। इनके अलावा कई और ऐसे खिलाड़ी हैं जो दलीप ट्रॉफी के जरिए टीम इंडिया में आने की अपनी दावेदारी पेश करेंगे। इनमें देवदत्त पड़िक्कल, रजत पाटीदार, यश दयाल, बी साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। बांग्लादेश के खिलाफ भारत दो मैचों के साथ,अपने लंबे टेस्ट सीजन की शुरुआत करने के लिए तैयार है, जो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लूटीसी ) 2023-25 का हिस्सा है। चेन्नई में पहला टेस्ट होगा जबकि कानपुर में दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। इसके बाद भारत और बांग्लादेश को तीन मैचों की टी20 सीरीज़ भी खेलना है जिसका समापन 12 अक्तूबर को होगा। इसके बाद, भारत पांच सफेद गेंद मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका जाने से पहले घरेलू मैदान पर न्यूज़ीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट खेलेगा और फिर साल के अंत में पांच टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगा।भारत की पिछली टेस्ट सीरीज़ इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ थी, जहां रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने 4-1 से सीरीज़ अपने नाम की थी। उसके बाद से आईपीएल और फिर टी20 विश्व कप में भारतीय खिलाड़ी व्यस्त थे, जहां टीम इंडिया विश्व विजेता बनी। हालांकि उसके बाद सफेद गेंद सीरीज में भारत ने जिम्बाब्वे और श्रीलंका का दौरा किया था। दूसरी तरफ़ बांग्लादेश की टीम आत्मविश्वास से लबरेज़ है क्योंकि अभी-अभी उन्होंने पाकिस्तान को उन्हीं के घर में जाकर 2-0 हराया है। पाकिस्तान का सूपड़ा साफ़ करने के बाद बांग्लादेश 45.83 प्रतिशत अंकों के साथ डब्लूटीसी तालिका में चौथे नंबर पर पहुंचा गया है। जबकि भारत 68.52 प्रतिशत अंकों के साथ उस तालिका में शीर्ष पर है और बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला में अपनी स्थिति मज़बूत करने के इरादे से उतरेगा।

## खेल मंत्री ने पैरालंपिक में अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए भारतीय दल की सराहना की



■ आने वाले दिनों में हमारे खिलाड़ी 11 और पदकों के लिए खेलेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी सफलता और भी बढ़ेगी: मांडविया

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। बुधवार को केंद्रीय युवा मामले और खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री, डॉ. मनसुख मांडविया ने भारतीय पैरा-बैडमिंटन दल का भारत लौटने पर स्वागत किया। पेरिस 2024 में भारत ने पैरा-बैडमिंटन में अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें कुल 5 पदक जीते (1 स्वर्ण, 2 रजत, 2 कांस्य)।

डॉ. मांडविया ने बताया कि अब तक पैरालंपिक में हमारे खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण, 7 रजत और 10 कांस्य पदक जीते हैं। आने वाले दिनों में हमारे खिलाड़ी 11 और पदकों के लिए खेलेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी सफलता और भी बढ़ेगी। पिछले पैरालंपिक में हमने 19 पदक जीते थे, लेकिन इस बार अब तक 20 पदक जीत चुके हैं, यानी हमारा प्रदर्शन टोक्यो पैरालंपिक से बेहतर रहा है। हमें अपने खिलाड़ियों को और प्रोत्साहित करना चाहिए और उनका समर्थन करने के लिए चीयर4भारत हैशटैग का उपयोग करना चाहिए। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए, डॉ. मांडविया ने उनकी उपलब्धियों पर गर्व जताया और कहा कि आपने अपने शानदार प्रदर्शन से पूरे देश को गर्व महसूस कराया है। आपकी मेहनत और समर्पण ने भारतीय खेलों के लिए एक नई ऊंचाई स्थापित की है। पदक से चूक गए खिलाड़ियों को हिम्मत देते हुए मंत्री मांडविया ने कहा कि हमने पदक नहीं खोए, बल्कि बहुमूल्य अनुभव प्राप्त किया है। मुझे विश्वास है कि भविष्य के पैरालंपिक में हमारा पदक काउंट और बढ़ेगा, और आप सभी विजेता बनकर उभरेंगे। भारत के अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में प्रदर्शन पर डॉ. मांडविया ने बताया कि पिछले दस वर्षों में हमारे प्रदर्शन में निरंतर सुधार हुआ है, और हमने वैश्विक मंच पर अपनी ताकत साबित की है।

### अगला लक्ष्य लॉस एंजिल्स 2028 में पेरिस पैरालंपिक के रिकॉर्ड को तोड़ना है : सुहास

**नई दिल्ली।** भारतीय दल ने 2024 पेरिस पैरालंपिक में अपने अब तक के सबसे ज्यादा पदक जीतने का रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले भारत ने टोक्यो में 19 पदक का रिकॉर्ड बनाया था जो देश के लिए सर्वाधिक था। पेरिस पैरालंपिक में भारत ने अब तक 20 पदक जीत लिए हैं और खेलों में अभी चार दिन बाकी हैं। अपना दूसरा लगातार रजत पदक केवल प्राप्त करने के बाद, सुहास यतिराज ने कहा कि 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले अगले पैरालंपिक में इस साल के रिकॉर्ड को तोड़ने का लक्ष्य होगा। सुहास ने कहा कि हमने टोक्यो में 19 पदक जीते थे और इस बार 20 पदक जीत चुके हैं। उम्मीद है कि हम पांच और पदक जीतेंगे। हमारा हमेशा से लक्ष्य रहा है कि हम पिछले रिकॉर्ड को बेहतर करें, जैसे हमने पेरिस में टोक्यो का रिकॉर्ड तोड़ा, वैसे ही लॉस एंजिल्स में पेरिस का रिकॉर्ड तोड़ने का लक्ष्य रहेगा। मुझे उम्मीद है कि पैरालंपिक के प्रति हमारे युवाओं में जागरूकता बढ़ती रहेगी।

## जीत के साथ सेंट्रल दिल्ली किंग्स की उम्मीदें बरकरार

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। विशांत भाटी ( 31 गेंद, 42 रन), कप्तान जोंटी सिद्धू ( 25 गेंद, 37 रन) और आर्यन राणा (29 गेंद, 35 रन) की बढ़िया पारियों की भागीदारी की बदौलत सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने वेस्ट दिल्ली लायंस को अपने अंतिम लीग में मंगलवार रात 58 रन से हराकर अडानी दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) पुरुष टी -20 क्रिकेट के सेमीफाइनल में स्थान बनाने की उम्मीद बरकरार रखी। सेंट्रल दिल्ली किंग्स के अब दस मैचों से आठ अंक हैं और उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद अब नॉर्थ दिल्ली स्टाइकर्स के आखिरी मैच पर टिकीं हैं।

■ सेंट्रल दिल्ली किंग्स के अब दस मैचों से आठ अंक हैं



आर्यन राणा (29 गेंद, 35 रन) की विशांत भाटी ( 31 गेंद, 42 रन) के साथ दूसरे विकेट की 62 रन तथा कप्तान जोंटी सिद्धू के साथ 46 गेंदों में 76 रन की भागीदारियों की बदौलत सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने अरुण जेटली स्टेडियम में निराशाजनक शुरुआत से उबर कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 179 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। विशांत भाटी ने खासतौर पर स्पिनरों को निशाना बनाया और शिवांक वशिष्ठ की गेंद को उड़ाने से पहले स्टंप आउट होने से पहले अपनी पारी में तीन छक्के और तीन चौके जड़े । आर्यन राणा को दो ओवर में दो जीवनदान मिले। अखिल चौधरी ने पारी के 18 वें ओवर में अपने दूसरे स्पैल में आर्यन राणा और केशव डबास (5) को लगातार गेंदों पर आउट कर सेंट्रल दिल्ली किंग्स को लगातार दो झटके दिए। जोंटी सिद्धू और मनी ग्रेवाल (5) को एक ही ओवर में दीपक पूनिया ने आउट किया। लक्ष्य थरेजा ने अंतिम दो गेंदों पर एक छक्का और एक चौका जड़ कर सेंट्रल दिल्ली किंग्स को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। शौर्य मलिक (3/13) और मनी ग्रेवाल (3/30) ने धारदार गेंदबाजी कर वेस्ट दिल्ली लायंस को कप्तान शिवांक वशिष्ठ (32 गेंद पर 42 रन) और इम्पैक्ट प्लेयर एकांश डोभाल (25 गेंद, 33 रन) की 42 गेंदों पर 64 रन की भागीदारी के बावजूद वेस्ट दिल्ली लायंस को 18.3 ओवर में 121 रन पर ढेर कर सेंट्रल दिल्ली किंग्स को शानदार जीत दिलाई। वेस्ट दिल्ली लायंस के लिए सलामी बल्लेबाज अंकित ने 12 गेंदों पर 20 रन बनाए। शौर्य मलिक ने विवेक यादव, अनमोल शर्मा और दीपक पूनिया को आउट कर वेस्ट दिल्ली लॉयन की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

### उपासना सिंह के बेहतरीन अर्द्धशतक से नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर की महिला टीम जीती

उपासना सिंह के बढ़िया अर्द्धशतक की बदौलत नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर ने सेंट्रल दिल्ली क्वींस पर अडानी महिला दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) टी 20 क्रिकेट में अरुण जेटली स्टेडियम में 53 रन से मंगलवार रात दमदार जीत दर्ज की। उपासना सिंह के 62 गेंदों पर 73 रन तथा आयुषी सोनी की अविजित 36 रन की पारी से पहले बल्लेबाजी करते हुए नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 134 रन बनाए।

उपासना ने अपनी पारी में दो छक्के और 13 चौके जड़े। नजमा सुल्ताना (4/14) गेंद से कहर बरपा कर सेंट्रल दिल्ली क्वींस को निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 82 रन पर रोक कर नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर को शानदार जीत दिलाई। जीत के लिए 135 रन का पीछा करने उतरी सेंट्रल दिल्ली क्वींस को शुरू के छह ओवरों के पॉवरप्ले में जूझना पड़ा और लक्ष्मी यादव(20 गेंद, 12 रन) का विकेट खोकर 21 रन बनाए। इसके बाद सुल्ताना ने नेहा छिल्लर को बोल्ड किया जबकि अंतरा ने अरमीत कौर (2) को आउट किया,, वंदना शर्मा और दीक्षा चतुर्वेदी के भी सस्ते में आउट हो जाने से सेंट्रल दिल्ली क्वींस की हालत खस्ता हो गई। शिव शर्मा (34 गेंद पर अविजित 24) और परुंकी सिसोदिया (37 गेंद पर 16 रन) ने 33 रन की भागीदारी की सुल्ताना ने सिसोदिया और मयूरी



सिंह को आउट कर सेंट्रल दिल्ली क्वींस को 20 ओवर में सात विकेट र 82 रन पर रोक कर नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर को बढ़िया जीत दिलाई।

## सार संक्षेप

### फ्रिट्ज अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने नंबर 4 सीड और 2020 यूएस ओपन उपविजेता जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव पर 7-6(2), 3-6, 6-4, 7-6(3) से जीत दर्ज की और अपने करियर की 33वीं ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता में पहली बार सेमीफ़ाइनल में प्रवेश किया। फ्रिट्ज ने 2022 की शुरुआत के बाद से मेजर टूर्नामेंटों में अपने सभी चार क्वार्टर फ इनल मैचों में से प्रत्येक में हार का सामना किया था। फ्रिट्ज़ के हवाले से यूएस ओपन वेबसाइट ने कहा कि मुझे अद्भुत महसूस हो रहा है. पिछले कुछ वर्षों में मैंने क्वार्टर फ़ाइनल पर बहुत नज़र डाली है। आज अलग महसूस हुआ. मुझे वास्तव में ऐसा महसूस हुआ कि इसे एक कदम आगे ले जाने का समय आ गया है, और यह उचित ही है कि मैं इस कोर्ट पर इस भीड़ के सामने ओपन में ऐसा कर रहा हूं। इस ग्रैंड स्लैम सीज़न में यह दूसरी बार है कि फ्रिट्ज़ ने जर्मन खिलाड़ी से बेहतर प्रदर्शन किया है, क्योंकि विंबलडन में 16वें राउंड में अमेरिकी खिलाड़ी ने दो सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ज्वेरेव को हराया था।

### नवारो ने ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**न्यूयॉर्क।** 13वीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने दूसरे सेट में 1-5 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए यूएस ओपन महिला एकल क्वार्टर फाइनल में स्पेन की पाउला बडोसा को हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई। अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए, नवारो ने दूसरे सेट में आश्चर्यजनक वापसी करते हुए 6-2, 7-5 से जीत दर्ज की और यूएस ओपन के अंतिम चार में प्रवेश किया। यह परिणाम अगले सप्ताह उसकी पहली शीर्ष 10 रैंकिंग की गारंटी देगा। 23 वर्षीय अमेरिकी ने अपना सफल सीज़न जारी रखा है, जिसमें उन्होंने जनवरी में होबार्ट में पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता था। मैच में दोनों खिलाड़ी पूर्व प्रमुख क्वार्टरफाइनलिस्ट थे जो आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। बडोसा को 2021 में रौलां गैरो में अपने पहले स्लैम क्वार्टरफाइनल के बाद फिर से अंतिम आठ चरण में पहुंचने में तीन साल लग गए, जबकि नवारो ने इस साल यूएस ओपन में अपने विंबलडन क्वार्टरफाइनल पदार्पण के बाद एक और शानदार प्रदर्शन किया।

### जोश हल श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पदार्पण करेंगे

**लंदन।** इंग्लैंड के जोश हल शुक्रवार से ओवल में श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करेंगे। हल मैथ्यू पॉट्स की जगह लेंगे, जो इंग्लैंड की टीम में एकमात्र बदलाव होगा जिसने लॉर्ड्स में 190 रनों की शानदार जीत के साथ श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली थी। जांघ की चोट के कारण मार्क वुड की अनुपस्थिति ने हल के लिए टीम में आने का दरवाजा खोल दिया। अपनी विशाल ऊंचाई से उछाल उत्पन्न करने की उनकी क्षमता, उनकी गति के साथ-जो 85-90 मील प्रति घंटे के निशान को छू सकती है- और बाएं हाथ का कोण, उन्हें मुश्किल गेंदबाज बनाता है।

## ग्लोबल शतरंज लीग का नया प्रारूप अधिक दर्शकों को आकर्षित करेगा : विदित

**लंदन,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। शतरंज में भारत तेजी से कदम बढ़ा रहा है। युवा से लेकर अनुभव तक इस खेल में भारत के पास वैश्विक मंच पर कई मजबूत दावेदार हैं। उनसे से ही एक भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती, जो ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सीजन के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटे हुए हैं। ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सीजन का आयोजन 3 से 12 अक्टूबर तक लंदन के फ्रेंड्स हाउस में आयोजित किया जाएगा। विदित अपने प्रदर्शन में सुधार करके अपनी टीम को इस टूर्नामेंट का खिताब दिलाने में मदद करना चाहते हैं। 29 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने कहा कि पहले सीजन में मुम्बा मास्टर्स ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन अल्पाइन एसजी पाइपर्स पर रोमांचक जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई। निश्चित रूप से, इस साल हमारी नजर ट्रॉफी पर है। लेकिन मैं अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहता हूं। मुम्बा मास्टर्स ने पहले सीजन की अपनी अधिकांश टीम को बरकरार रखा है, जिसमें मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव आइकन



■ ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सीजन का आयोजन 3 से 12 अक्टूबर आयोजित होगा

खिलाड़ी के रूप में लौटे हैं, जबकि विदित और अलेक्जेंडर ग्रिसचुक सुपरस्टार पुरुष खिलाड़ी के रूप में लौटे हैं। कोनेरू हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली एक बार फिर सुपरस्टार महिला के रूप में शामिल हो गई हैं, जबकि रौनक साधवानी दूसरे सीजन में उभरते खिलाड़ी के रूप में शामिल होंगे। विदित का जन्म महाराष्ट्र के नासिक में हुआ था। जब वह लगभग 6 साल का था, तो वह एक क्लब में क्रिकेट खेलने गया था, लेकिन उसे कुछ साल इंतजार करने की सलाह दी गई क्योंकि उसे पर्याप्त उम्र का नहीं माना जाता था। जब उसे बैडमिंटन और शतरंज में से किसी एक को चुनने का विकल्प दिया गया, तो उसने बाद वाले को चुना, क्योंकि वह पहले से ही घर पर अपने पिता के खिलाफ यह खेल खेलता था।

विदित ने ये किस्सा याद करते हुए कहा कि मैंने इसे सीखने और उसे हराने के एक अच्छे अवसर के रूप में देखा। यह पूरी तरह से एक दुर्घटना थी, लेकिन एक सुखद दुर्घटना थी। डॉक्टरों के परिवार में पले-बढ़े होने के बावजूद, विदित को समान विचारधारा वाले शतरंज के शौकीनों ने घेर लिया और उन्होंने स्थानीय टूर्नामेंट में भाग लेना शुरू कर दिया।

## दलीप ट्रॉफी के पहले राउंड में ईशान किशन का खेलना संदिग्ध

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में ईशान किशन का खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। उन्होंने शायद एक हैमस्ट्रिंग इंजरी के बारे में चयनकर्ताओं और प्रबंधन को सूचित किया है। इस महीने की शुरुआत में वह बुची बाबु टूर्नामेंट के दौरान झारखंड की तरफ से खेल रहे थे। ऐसा प्रतीत होता है कि यह चोट शायद उसी टूर्नामेंट के दौरान उन्हें लगी थी। दलीप ट्रॉफ़ी में किशन को इंडिया डी में रखा गया है, जिसके कप्तान श्रेयस अय्यर हैं। फिलहाल के लिए इंडिया डी ने किसी भी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है। उनकी टीम में अब केएस भरत के रूप में एकमात्र विकेटकीपिंग विकल्प है। इंडिया डी का पहला मुकाबला इंडिया सी के साथ है,जिसकी कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ करेंगे। किशन मैच की पूर्व संध्या तक टीम में शामिल नहीं हुए थे। किशन की चोट की गंभीरता के आधार पर उनके रिप्लेसमेंट पर निर्णय लिया जा सकता है। बुधवार दोपहर तक आधिकारिक तौर पर किसी भी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की गई थी। इस बीच यह भी खबर है कि इंडिया ए को तेज़ गेंदबाज़ प्रसिद्ध कृष्णा के बिना ही खेलना होगा, जो क्वाड्रिसेप्स की चोट से उबर रहे हैं।

## नितेश ने स्वर्ण जीतने के बाद प्रमोद भगत से कहा, 'पदक भारत में ही रहेगा'

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। फ्रांस के पेरिस में पैरालंपिक खेलों में नितेश कुमार ने पैरा-बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल3 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के तुरंत बाद, 29 वर्षीय खिलाड़ी ने प्रमोद भगत से बातचीत की, जिन्होंने तीन साल पहले टोक्यो में इसी श्रेणी में जीत हासिल की थी और स्वर्ण पदक जीता था।

तीन साल पहले टोक्यो पैरालंपिक में एसएल3 श्रेणी के स्वर्ण पदक विजेता भगत, बैडमिंटन विश्व महासंघ के डोपिंग रोधी पता-ठिकाना खंड का उल्लंघन करने के लिए 18 महीने का निलंबन झेल रहे हैं। पेरिस पैरालंपिक में अपना कार्यक्रम समाप्त होने के तुरंत बाद, नितेश ने प्रमोद को फोन करके बताया कि स्वर्ण पदक भारत में ही रहेगा। नितेश कुमार ने बुधवार को फ्रांस से लौटने पर पदक जीतने के बाद, मैं भीड़ से बातचीत कर रहा था, यह सब उस पल की गर्मी थी। मैंने जश्न मनाया लेकिन फिर मैंने प्रमोद भैया को फोन किया और उन्हें बताया कि स्वर्ण पदक भारत में ही रहेगा। इसके बाद मैंने अपने परिवार के साथ एक छोटी सी बातचीत



की और जब मैंने अपने माता-पिता की आंखों में आंसू देखे तो यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी, । उन्होंने कहा कि जब मैं अपने होटल के कमरे में लौटा, तो मुझे नहीं लगा कि मैंने कुछ बड़ा किया है, लेकिन तब से जब भी मैं किसी भारतीय से मिलता हूं, वे मुझे बधाई देते हैं, आशीर्वाद देते हैं, मैं महसूस कर सकता हूं कि यह भारत के लिए कितना मायने रखता है। ग्रेट ब्रिटेन के डेनियल बेथेल के खिलाफ नितेश का फाइनल एक घंटे 20 मिनट तक चला। नितेश के पहला गेम 21-14 से जीतने के बाद, ब्रिटिश ने मैच में वापसी की और 21-18 की जीत के साथ मैच में स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया।

## दलीप ट्रॉफी में टीम 'बी' के खिलाफ गिल करेंगे ओपनिंग

**बेंगलुरु,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में टीम 'ए' के कप्तान शुभमन गिल ने पुष्टि की है कि वह गुरुवार से

■ विकेट पर कुछ घास है। उम्मीद है कि तीसरे और चौथे दिन स्पिनरों को कुछ मदद मिलेगी : गिल



शुरू होने वाले मैच में टीम 'बी' के खिलाफ बल्लेबाजी की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले पहले दौर के मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। कृष्णा की इस साल 23 फरवरी को उनके बाएं समीपस्थ क्वाड्रिसेप्स टेंडन की सर्जरी हुई थी और वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में पुनर्वास पर हैं। वह हाल ही में महाराजा टी20 ट्रॉफी में भी नहीं खेले, जहां उनकी टीम मैसूर वॉरियर्स ने अंततः खिताब जीता था। गिल ने पत्रकारों से कहा कि यह (दलीप ट्रॉफी) एक बड़ा टूर्नामेंट है क्योंकि हर मैच हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हम कुछ ऐसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेल रहे हैं जिनके साथ हम आम तौर पर भारतीय टीम में खेलते हैं। तो हमें अच्छी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। मैं यहां ओपनिंग करूंगा और विकेट काफी अच्छा दिख रहा है। उन्होंने कहा कि विकेट पर कुछ घास है। उम्मीद है कि तीसरे और चौथे दिन स्पिनरों को कुछ मदद मिलेगी। लेकिन शुरुआत में ऐसा लग रहा है कि तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिलेगी। अभी अंतिम एकादश तय नहीं हुई है लेकिन वह (प्रसिद्ध) पहले मैच के लिए उपलब्ध नहीं है। गिल ने 25 टेस्ट मैचों में 35.52 की औसत से 1492 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ इस साल की टेस्ट श्रृंखला के दौरान नौ पारियों में 56.50 के औसत से 452 रन बनाने के बावजूद, गिल ने टिप्पणी की कि वह अभी भी लंबे प्रारूप में अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हैं। गिल ने कहा कि मैं अब तक टेस्ट में अपनी सर्वश्रेष्ठ उम्मीदों तक नहीं पहुंच पाया हूं, लेकिन हमारे सामने अभी 10 टेस्ट मैच बाकी हैं।

## आईसीसी रैंकिंग में जो रूट का दबदबा कायम, टॉप-10 से बाहर हुए बाबर आजम

**दुबई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। आईसीसी ने अपनी नई टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें इंग्लैंड के प्रमुख बल्लेबाज जो रूट ने लॉर्ड्स में श्रीलंका के खिलाफ अपनी शानदार शतकीय पारियों के दम पर रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत की। श्रीलंका के खिलाफ रूट ने लॉर्ड्स में 143 और 103 रन की शतकीय पारियां खेली। इस तरह उन्होंने बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद केन विलियमसन पर 63 अंकों की बढ़त हासिल की। रूट के अब 922 रेटिंग पॉइंट हैं, जो उनके अब तक के सर्वश्रेष्ठ स्कोर 923 पॉइंट से सिर्फ एक कम है, जो उन्होंने जुलाई 2022 में एजबस्टन में भारत के खिलाफ हासिल किया था।